राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 147
लखनऊ, बुधवार 15 जनवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

मुख्यमंत्री ने बाबा गोरखनाथ को चढ़ाई खिचड़ी, राष्ट्र कल्याण के लिए की प्रार्थना 03

गृह मंत्री ने सबसे बड़ी पुलिस लाइन व पुलिस स्टेशन का किया शिलान्यास 12

संक्षिप्त समाचार

जुकरबर्ग के बयान पर 'मेटा' को किया जाएगा तलब

नई दिल्ली। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी संसदीय समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने मंगलवार को कहा कि उनकी समिति मार्क जुकरबर्ग की ओर से दी गई गलत जानकारी के लिए उनकी कंपनी मेटा को बुलाएगी। दुबे ने एक्स पोस्ट में कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश के बारे में गलत जानकारी रखने से उस देश की छवि धूमिल होती है। इस गलती के लिए संस्था को भारतीय संसद तथा जनता से माफी मांगनी पड़ेगी। जुकरबर्ग ने एक साक्षात्कार में कहा था कि कोविड-19 के बाद से भारत सहित दुनियाभर में सरकारें बदली हैं। इसी बात का खंडन करते हुए कल सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि 64 करोड़ मतदाताओं वाले दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पर भरोसा जताया है। जुकरबर्ग का यह दावा कि 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारें कोविड के बाद हार गईं, तथ्यात्मक रूप से गलत है।

चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली । चालू वित्त वर्ष में 12 जनवरी 2025 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़कर 2064369 करोड़ रुपए रहा है। आयकर विभाग द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 1721168 करोड़ रुपए रहा था। इस अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1689928 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 1458379 करोड़ रुपए की तुलना में 15.88 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में कुल 374441 करोड़ रुपए का रिफंड किया गया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में किए गए 262789 करोड़ रुपए के रिफंड से 42.49 प्रतिशत अधिक है।

भूतपूर्व सैनिक हमारे नायक व देशभक्ति के प्रतीक : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सशस्त्र सेना वेटरन्स-डे (भूतपूर्व सैनिक दिवस) पर देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले बहादुर महिलाओं और पुरुषों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भूतपूर्व सैनिक हमारे नायक और देशभक्ति के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा, सशस्त्र सेना वेटरन्स-डे पर, हम उन बहादुर महिलाओं और पुरुषों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने हमारे देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका बलिदान, साहस और कर्तव्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता अनुकरणीय है। हमारे दिग्गज नायक हैं और देशभक्ति के प्रतीक हैं। हमारी सरकार ने हमेशा दिग्गजों के कल्याण के लिए काम किया है और हम आने वाले समय में भी ऐसा करते रहेंगे।

भारत-नेपाल सीमा पर चीनी नागरिक ने की घुसपैठ

महराजगंज। उत्तर प्रदेश के महराजगंज में मंगलवार सुबह सोनौली बॉर्डर के पगडण्डी मार्ग से घुसपैठ के दौरान एक चीनी नागरिक गिरफ्तार हुआ है। यह चीनी नागरिक अवैध रूप से बिना वैधानिक दस्तावेज के भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहा था। जिस एस.एस.बी जवानों ने घुसपैठ के दौरान पकड़ कर हिरासल में ले लिया। सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियां चीनी नागरिक से पूछताछ कर रही हैं। बता दें कि नागरिक के पास से चाइना का पासपोर्ट, नागरिकता कार्ड समेत चाइनीज मुद्रा बरामद हुई है।

आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

समृद्धि न्यूज
202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,
samradhinews@gmail.com
7985738649/9305748833

3.5 करोड़ लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

महाकुम्भ-2025 के प्रथम शाही स्नान पर प्रयागराज आए श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर लिया सूर्यदेव का आशीर्वाद

▸ मकर संक्रान्ति के अवसर पर अखाड़ों ने निकाली शोभा

समृद्धि न्यूज

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ-2025 के प्रथम अमृत स्नान पर्व मकर संक्रान्ति पर प्रयागराज आए श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर सूर्यदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्नानार्थियों का आगमन देर रात्रि से ही प्रारम्भ हो गया था, जो दिनभर अनवरत चलता रहा। सभी श्रद्धालु मां गंगा, मां यमुना तथा अदृश्य मां सरस्वती के पावन संगम में डुबकी लगाने के लिए त्रिवेणी की ओर प्रस्थान करते रहे। मकर संक्रान्ति के अवसर पर देश, विदेश और प्रदेशभर से आये 3 करोड़ 50 लाख श्रद्धालुओं ने सायं तक अमृत स्नान किया।

मकर संक्रान्ति भारत का प्रमुख पर्व है। यह पूरे देश में मनाया जाता है। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। उत्तर भारत में यह पर्व खिचडी के नाम से भी मनाया जाता है। इस दिन स्नान कर, विशेषकर पवित्र त्रिवेणी में ध्यान, तप, पूजा-पाठ तथा दान आदि का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन धार्मिक अनुष्ठान करने पर मानव को वर्ष भर ऊर्जा प्राप्त होती है। महाकुम्भ में मकर संक्रान्ति का प्रमुख आकर्षण अखाड़ों की भव्य शोभा यात्रा रही। सभी 13 अखाड़ों ने परंपरागत रूप से पूर्व निर्धारित क्रम के अनुसार संगम तट पर निर्धारित मार्ग पर चलते हुए त्रिवेणी में अमृत स्नान किया।

अमृत स्नान के लिए जाते हुए नागा साधुओं का अदभुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। नागा साधुओं और साधु-संत पारम्परिक विशिष्ट वेशभूषा में डमरू बजाते, भाले और तलवारे लहराते तथा अद्भुत युद्धकला का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। अखाड़ों के संत-महात्मा अमृत स्नान के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मार्ग पर पूरे साज-सज्जा के साथ अपनी जटाओं और गले में फूलों की माला पहने हुए पारंपरिक वेशभूषा में अपने अखाड़ो के शीर्ष प्रमुखों के आदेश का पालन करते हुए पूरे अनुशासन के साथ पवित्र त्रिवेणी की ओर बढ़ते रहे और जोश और उत्साह के साथ उन्होंने त्रिवेणी में स्नान किया।

खोया-पाया केन्द्र ने साढ़े चार हजार लोगों को अपनों से मिलाया

महाकुम्भ नगर। योगी सरकार के निर्देश पर महाकुम्भ क्षेत्र में संचालित हो रहा खोया-पाया केन्द्र मकर संक्रांति के मौके पर पांच घंटे में अपनों से बिछड़े साढ़े चार हजार श्रद्धालुओं को मिलाने में कामयाबी पायी। यह जानकारी महाकुम्भ मेला के अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने दी। उन्होंने बताया कि आस्था के जनसैलाब के बीच मकर संक्रांति स्नान पर्व के मौके पर महाकुम्भ में सड़क से घाट तक श्रद्धालुओं की भीड़ में पांच घंटे के दौरान 4500 लोग अपनों से बिछड़ गए। मेला सकुशल सम्पन्न कराने के लिए योगी सरकार की निर्देश पर मेला क्षेत्र में डिजिटल खोया-पाया केन्द्र पहले स्नान पर्व से लगातार सक्रिय है। वहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का सहयोग करने के लिए वहां कार्यरत सभी कर्मचारी श्रद्धालुओं का दर्द सुनने के बाद, तत्काल उसकी समस्या का निदान करने के लिए सक्रिय हो जाते है।

मंकर संक्रान्ति पर्व पर हुए शाही स्नान में डुबकी लगाती महिला नागा

दुनिया गूगल पर सर्च कर रही महाकुम्भ

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ अब सिर्फ भारतीय आयोजन नहीं रहा, यह एक वैश्विक पर्व बन गया है। ब्राजील, जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, अमेरिका और स्पेन जैसे देशों के श्रद्धालु भी प्रयागराज पहुंचने लगे हैं। महाकुम्भ का आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को दिखा रहा है। खास बात ये है कि पाकिस्तान और अरब समेत इस्लामिक देश भी महाकुम्भ में रुचि दिखा रहे हैं। गूगल ट्रेंड्स के अनुसार, इस्लामिक देशों में महाकुम्भ के आयोजन को खूब सर्च किया जा रहा है। महाकुम्भ को सर्च करने वाले देशों की सूची पर नज़र डालें तो पहला नाम सबसे ज्यादा चौंकाता है जो कि पाकिस्तान है। पाकिस्तान के बाद कतर, यूएई और बहरीन जैसे देशों ने महाकुम्भ में गहरी रुचि दिखाई है। इसके अलावा, नेपाल, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, ब्रिटेन, थाईलैंड और अमेरिका जैसे देशों के लोग भी महाकुम्भ के बारे में पढ़ और खोज रहे हैं।

महाकुम्भ में पहली बार मनाया गया भोगाली बिहू त्योहार

महाकुम्भ में इस बार पूर्वोत्तर के राज्यों की कई परम्पराएं पहली बार देखने को मिल रही हैं। इसी कड़ी में महाकुम्भ मेला परिसर में पहली बार पूर्वोत्तर का प्रसिद्ध पर्व भोगाली बिहू मनाया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्वोत्तर के संतों के शिविर प्राग ज्योतिषपुर में मंगलवार तड़के सुबह विशेष आयोजन किया गया, जिसमें परम्परागत रूप से पर्व मनाने के साथ ही कई राज्यों से आई महिला श्रद्धालुओं ने बिहू नृत्य किया। सुबह के समय चावल से बने व्यंजन को वितरित किया गया।

"सब कुछ चल रहा सकुशल विश्व के आध्यात्मिक समागम की शुरुआत हो चुकी है। कंट्रोल रूम भी 24 घंटे चल रहा है। एकता के महासंगम के आयोजन को सफल बनाने के लिए दिव्य-भव्य, डिजिटल महाकुम्भ की परिकल्पना थी। मुख्यमंत्री भी पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। सरकार ने पिछले कुम्भ से आगे बढ़ते हुए इसे स्वच्छ, सुरक्षित कुम्भ बनाने का बीड़ा उठाया था।"

"महाकुंभ स्नान पर सुरक्षा व्यवस्था पर महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि महाकुंभ के सभी घाटों पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। अंडरवॉटर ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है, ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो। प्रशांत कुमार ने यह भी कहा कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से मजबूत है और हर कदम पर पुलिस और सुरक्षा बल सक्रिय हैं।"

मिल्कीपुर उपचुनाव : पासवान बीजेपी से उम्मीदवार

▸ सपा सांसद अवधेश के बेटे अजीत प्रसाद से होगा मुकाबला

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । यूपी के मिल्कीपुर उपचुनाव में बीजेपी ने चंद्रभान पासवान को उम्मीदवार बनाया है।

बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने चन्द्रभान पासवान को मिल्कीपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाये जाने की घोषणा की। काफी समय से बीजेपी कार्यकर्ताओं को टिकट फाइनल होने का इंतजार था। आज पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने पत्ता खोल दिया। मिल्कीपुर में चंद्रभान का सीधा मुकाबला समाजवादी पार्टी उम्मीदवार अजीत प्रसाद से होगा। अजीत सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे हैं। चंद्रभानु की पत्नी रूदौली से जिला पंचायत सदस्य हैं। चन्द्रभान बीजेपी जिला कार्यकारिणी के सदस्य होने के साथ चंद्रभान जिला पंचायत के प्रतिनिधि हैं। युवा चेहरा होने की वजह से पार्टी ने चंद्रभान को मौका दिया है।बाबा गोरखनाथ मिल्कीपुर सीट से रेस में थेलेकिन पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाया है। बाबा गोरखनाथ इस सीट से विधायक भी रह चुके हैं। 2022 में गोरखनाथ 13 हजार वोटों से चुनाव हार गए। मिल्कीपुर सीट पर अक्टूबर 2024 में विधानसभा के चुनाव हो जाते लेकिन गोरखनाथ की याचिका की वजह से उस वक्त चुनाव संपन्न नहीं हो पाया।

2022 में मिल्कीपुर से चुनाव जीतकर यूपी विधानसभा पहुंचे अवधेश प्रसाद अब लोकसभा सांसद बन गए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में अवधेश को फैजाबाद सीट से जीत मिली। फैजाबाद के अधीन ही अयोध्या की सीट है।

बसपा ने दिल्ली विस चुनाव के लिए घोषित किए स्टार प्रचारक

लखनऊ । बसपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बसपा के 40 स्टार प्रचारकों में मायावती के बाद दूसरे नंबर पर युवा चेहरे नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को जगह दी गई है।बसपा की तरफ से मंगलवार को दिल्ली विधानसभा 2025 के स्टार प्रचारकों की सूची के अनुसार पार्टी प्रमुख मायावती, आकाश आनंद, लक्ष्मण सिंह, नितिन सिंह, राजाराम धर्मवीर सिंह, अशोक, सी.पी. सिंह, रणधीर बेनिवाल, सुदेश आर्य, सुजीत सम्राट, राजेश तंवर, सतीश चौधरी, शीशपाल सिंह, ललित कुमार आदि शामिल हैं।

वाराणसी और प्रयागराज को मिलाकर एक नया धार्मिक व विकास क्षेत्र बनाएगी योगी सरकार

▸ प्रदेश सरकार ने इसके लिए एक क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण (आरडीए) बनाने की योजना की तैयार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार ने वाराणसी और प्रयागराज को मिलाकर एक नया धार्मिक और विकास क्षेत्र बनाने का निर्णय लिया है। इस क्षेत्र में दोनों शहरों समेत सात जिले शामिल होंगे। इसका कुल क्षेत्रफल 22,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक होगा।

प्रदेश सरकार ने इसके लिए एक क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण (आरडीए) बनाने की योजना तैयार की है, जो इन दोनों शहरों के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा।इस क्षेत्र को धार्मिक विकास के साथ-साथ औद्योगिक और तकनीकी विकास के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। यहां न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। साथ ही, औद्योगिक क्षेत्रों और नॉलेज पार्क के निर्माण से इस इलाके की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नीति आयोग ने भारत को 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के तहत यूपी में कई क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण बनाने की सिफारिश की थी। इस योजना के तहत, पहले चरण में वाराणसी और प्रयागराज को मिलाकर एक क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण बनाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार ने इसके लिए एक प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने प्रस्तुत किया गया। अब इस प्राधिकरण के गठन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

एक ओर भारतीय की मौत भारत ने रूस के साथ कठोरता से उठाया मुद्दा

नई दिल्ली। भारत ने मंगलवार को केरल से जुड़े एक भारतीय नागरिक की मौत और एक के घायल होने मामला रूस के साथ कठोरता से उठाते एक बार फिर सैन्य गतिविधियों में लगाए गए सभी भारतीयों को जल्द से जल्द कार्य मुक्त करने की अपनी मांग दोहराई है। इलेक्ट्रीशियन और प्लंबर बिनिल बाबू और ऑटोमोबाइल मैकेनिक जैन कुरियन पिछले साल 4 अप्रैल को रूस पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार एक कैंटीन में नौकरी पाने में विफल होने के बाद उनपर कथित तौर पर जबरन रूसी नागरिकता लेने और सैन्य सेवा में शामिल होने का दबाव डाला गया।

यूपी : 18 को खाते में आएगी सम्मान निधि

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में खेती करने वाले किसानों के लिए एक बड़ी खबर आ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 18 जनवरी को उत्तर प्रदेश के किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त ट्रांसफर की जाएगी। इस योजना के तहत राज्य के लाखों किसानों को लाभ मिलेगा और इन किसानों के खातों में 2,000 रुपये की राशि मिलेगी।

उत्तर प्रदेश के कृषि निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार तोमर ने इस 19वीं किश्त के बारे में जानकारी दी और बताया कि इस संबंध में डीडी कृषि को आवश्यक सूचना दे दी गई है। लाभार्थियों की सूची जनपद स्तर पर उपलब्ध करवा दी गई है, जिसे डीडी कृषि के माध्यम से क्लोज कर अग्रसारित कर दिया गया है। रविवार को लाभार्थियों की सूची आरएफटी पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने अभी तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है, वे 18 जनवरी से पहले इसे जरूर करा लें।

फार्मर रजिस्ट्री पीएम किसान योजना के तहत लाभ पाने के लिए अनिवार्य है, इसलिए किसानों को इस प्रक्रिया को समय रहते पूरा करना चाहिए। इस योजना के तहत हर साल किसानों को 6,000 रुपये की तीन किश्तों में सहायता मिलती है, जो उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में सहायक साबित होती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने पिछले कुछ सालों में किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है, और 19वीं किश्त से और अधिक किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

सेना प्रमुख ने पुणे के कृत्रिम अंग केंद्र में नई प्रयोगशाला का किया उद्घाटन

एजेंसी

पुणे। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी मंगलवार को आज पुणे में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने कृत्रिम अंग केंद्र में अंग प्रशिक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन कर कृत्रिम अंगों की देखभाल पर प्रकाश डाला। उन्होंने 9वें सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस समारोह में सम्मान पत्रिका के 10वें संस्करण का विमोचन किया। ,

सेना प्रमुख ने पुणे के खड़की में पैराप्लेजिक पुनर्वास केंद्र का भी दौरा किया। कृत्रिम अंग केंद्र में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अत्याधुनिक कंप्यूटर-सहायता प्राप्त डिजाइनिंग और निर्माण कार्यशालाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रयोगशाला से सैनिकों को उच्चतम गुणवत्ता की देखभाल और सहायता प्रदान करने के केंद्र के मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। सीओएएस ने मरीजों से बातचीत कर उन्हें प्रोत्साहित किया।

एलओसी के पास लैंडमाइन ब्लास्ट, छह जवान घायल

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में मंगलवार को रुष्ट के पास लैंडमाइन ब्लास्ट में गोरखा राइफल्स के 6 जवान घायल हो गए। ब्लास्ट भवानी सेक्टर के मकरी इलाके में हुआ। हादसा सुबह 10.45 बजे हुआ। जवानों की एक टुकड़ी खंबा किले के पास पेट्रोलिंग कर रही थी। उसी दौरान एक जवान का पैर गलती से सेना की बिछाई लैंड माइन पर पड़ गया। सभी घायलों को इलाज के लिए 150 जनरल अस्पताल राजौरी ले जाया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जवानों को मामूली चोटें आई हैं। घायल सैनिकों को इलाज के लिए नजदीकी 150 जनरल अस्पताल ले जाया गया।

उद्घाटन | रक्षा मंत्री ने अखनूर में 108 फुट का राष्ट्रीय ध्वज फहराया व विरासत संग्रहालय का किया उद्घाटन

दिल्ली व कश्मीर के साथ भाजपा का व्यवहार एक समान

एजेंसी

जम्मू। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जम्मू के अखनूर इलाके में 108 फुट का राष्ट्रीय ध्वज फहराया और एक विरासत संग्रहालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के लोगों के दिलों के बीच की दूरी को कम करने के उनके प्रयासों के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली और कश्मीर के साथ समान व्यवहार करती है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू के अखनूर सेक्टर में टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में नौवें सशस्त्र बल दिग्गज दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम आज अखनूर में भूतपूर्व सैनिक दिवस मना रहे हैं। यह हम सभी के लिए बड़ा दिन है। कश्मीर के साथ अतीत में (पिछली सरकारों द्वारा) अलग व्यवहार किया गया जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र के हमारे भाई-बहन दिल्ली से उस तरह जुड़ नहीं पाए जैसा उन्हें होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि हम कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच 'दिलों की दूरी' को पाटने का काम कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि अखनूर में वेटरन्स डे समारोह यह साबित करता है कि अखनूर का हमारे दिलों में उतना ही स्थान है जितना दिल्ली का है। राजनाथ सिंह ने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को याद करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में अखनूर में युद्ध लड़ा गया। इतिहास में लड़े गए सभी युद्धों में भारत ने हमेशा पाकिस्तान को हराया है। उन्होंने पाकिस्तान से मिल रही चुनौतियों पर कहा कि पाकिस्तान 1965 से ही घुसपैठ और आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

भारत के खिलाफ टिप्पणी के लिए अनवारुल हक की आलोचना

रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को थोड़ी-सी दूरी को दूर करने में मदद करने के लिए सही कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। रक्षा मंत्री ने भारत के खिलाफ टिप्पणी के लिए पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक की आलोचना की और कहा कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर पाकिस्तान के लिए एक विदेशी क्षेत्र से ज़्यादा कुछ नहीं है। पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर की ज़मीन का इस्तेमाल आतंकवाद का कारोबार चलाने के लिए किया जा रहा है। इस भूमि पर आतंकी प्रशिक्षण शिविर चलाए जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान को उन्हें नष्ट करना होगा नहीं तो इसके परिणाम भुगतने होंगे।

अब 21 और 27 जनवरी को होगी यूजीसी नेट की परीक्षा

एजेंसी

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने हाल ही में 15 जनवरी 2025 को होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा को स्थगित कर दिया था, अब इस परीक्षा की रिवाइज्ड डेट जारी कर दी गई है। नए शेड्यूल के मुताबिक, अब 21 और 27 जनवरी 2025 को परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी यानी पहले एक दिन में होने वाली ये परीक्षा अब दो दिन में ली जाएगी।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी जल्द ही इन परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड जारी करेगी। नए शेड्यूल के मुताबिक, 21 जनवरी 2025 को एक ही शिफ्ट में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जबकि 27 जनवरी को दूसरी शिफ्ट में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक परीक्षाएं आयोजित होंगी। 21 जनवरी को इंडियन नॉलेज सिस्टम, मलयालम, उर्दू, क्रिमिनोलॉजी और फोक लिटरेचर जैसे विषयों की परीक्षा होगी, जबकि 27 जनवरी को संस्कृत, मास कम्यूनिकेशन एंड जर्नलिज्म, जापानीज, इलेक्ट्रॉनिक साइंस, लॉ और नेपाली आदि विषयों की परीक्षा होगी।

श्रद्धा-भाव के साथ मनाई गई मकर संक्रांति

जगह-जगह हुए सामूहिक खिचड़ी भोज

मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज़।

मकर संक्रांति मैलानी कस्बे में श्रद्धा के साथ मनाई गई।लोगों ने घरों एवं मंदिरों में पूजा पाठ कर पुरोहितों, साधु, संतों, गरीबों और जरूरतमंदों को खिचड़ी, ऊनी कपड़े और कंबल आदि दान किए। खुद खिचड़ी खाई और दूसरों को भी खिलाई। कस्बे में कई जगह सामूहिक खिचड़ी भोज हुए। सामूहिक खिचड़ी भोज के आयोजन में सामाजिक समरसता का भाव दिखा।

मंगलवार को खिली धूप और अच्छे मौसम के चलते इस पर्व पर लोगों में खासा उत्साह दिखा।नगर के डीसीबी बैंक रोड पर प्रदीप कनोजिया के प्रतिष्ठान कनोजिया टेंट हाउस पर एवं खुटार रोड स्थित नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा के प्रतिष्ठान श्री श्याम फर्टिलाइजर पर श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया।सैकड़ों श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोज प्रसाद ग्रहण किया। खिचड़ी भोज कार्यक्रम में श्री श्याम फर्टिलाइजर प्रतिष्ठान पर नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा,प्रदीप शर्मा (मुल्लन),भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र मिश्रा,मुकेश दत्त शर्मा, सुरेश गुप्ता, नवनीत दीक्षित, स्कन्द शर्मा, धर्मेंद्र गौतम, वीरपाल यादव, अभिषेक सोनी, केशव शर्मा, कृष शर्मा, सोनू मिश्रा, सुमित कुमार, हरजीत सिंह, राज सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

ग्रामीण क्षेत्र में रही खिचड़ी भोज की धूम, प्रधान द्वारा किया गया कंबल वितरण, कंबल पाकर गरीबों के खिले चेहरे

बिजुआ खीरी। मंगलवार को मकर संक्रांति का पर्व पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने स्नान करने के बाद मंदिरों में दर्शन पूजन किये। ब्राह्मणों और गरीबों को खिचड़ी, तिल, गर्म कपड़े और कंबल आदि दान किए। जगह-जगह लोगों ने खिचड़ी का भोज का आयोजन किया। ठंड के बावजूद लोगों ने खिचड़ी भोज में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत पडरिया तुला चौराहे पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी भोज प्रसाद ग्रहण किया। वहीं इस समय पड़ रही भीषण ठंड को देखते हुए गरीब असहाय लोगों को प्रशासन की तरफ से आए कम्बलों का विवरण ग्राम प्रधान पप्पू राज के द्वारा किया गया। ग्राम प्रधान पप्पू राज ने बताया आज 70 गरीब व असहाय लोगों को कम्बल वितरण किए गए हैं। इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल,ग्राम विकास अधिकारी विजय पाल,भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह,श्री ठाकुर जी मंदिर सर्वराकार पुनीत कुमार सक्सेना, एडवोकेट सूरज सिंह चौहान, मनोज खन्ना, रामनरेश मौर्या दिनेश गुप्ता सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

खरमास समाप्त, मकर संक्रांति और पुण्य नक्षत्र के संयोग के साथ मांगलिक कार्यों की शुरुआत

बिजुआ खीरी। मंगलवार 14 जनवरी को सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर सूर्य देव अपने पुत्र की स्वामित्व वाली मकर राशि में आ गए। शास्त्रों के अनुसार जब सूर्य धनु राशि की यात्रा को समाप्त करते हुए मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया जाता है। इस दिन से सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में आ जाते हैं। इसके साथ ही दो दिन बाद विवाह सहालगों का दौर भी शुरू हो जाएगा। जिसे लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है।

ज्योतिषाचार्य पंडित राधेश्याम मिश्र ने बताया कि इस वर्ष मकर संक्रांति पर कई खास तरह के शुभ संयोग बने हैं। शुभ सहयोग होने से मकर संक्रांति पर दान, स्नान,पुण्य, जप आदि का महत्व बढ़ जाता है। इस वर्ष मकर संक्रांति पर्व पर पुण्य नक्षत्र बना रहेगा जो बहुत खास है। इसका प्रारंभ 14 जनवरी सुबह 10 बजकर 17 मिनट पर होगा और समापन 15 जनवरी को सुबह 10 बजकर 28 मिनट पर होगा। पुण्य नक्षत्र के अधिपति शनिदेव हैं वहीं मकर संक्रांति भी शनिदेव को समर्पित है। इसके साथ ही मकर संक्रांति पर खरमास भी समाप्त हो रहे हैं ऐसे में पुण्य नक्षत्र के दिन खरीदारी मांगलिक कार्य और निवेश के लिए यह दिन बहुत उत्तम रहेगा।

मकर संक्रांति का महत्व: ज्योतिषाचार्य पंडित राधेश्याम मिश्र ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन गंगा यमुना जैसी पवित्र नदियों में स्नान और दान करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्त होती है। साथ ही महाकुंभ का पहला शाही स्नान इसी दिन से प्रारंभ होता है। मकर संक्रांति पर्व के दिन तिल गुड़ और खिचड़ी खाना शुभ माना गया है। साथ ही मान्यता है कि चावल दाल और खिचड़ी का दान करने से मनुष्य को पुण्य की प्राप्त होती है। महाभारत के युद्ध में भीष्म पितामह ने प्राण त्यागने के लिए इस समय अर्थात सूर्य के उत्तरायण होने तक की प्रतीक्षा की थी। मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव की पूजा करना बहुत फलदाई माना जाता है।



मकर संक्रांति के साथ ही शुरू हो गया सहालगों का दौर

मकर संक्रांति के दिन से वातावरण में आ जाता है बदलाव: ज्योतिषाचार्य ने बताया कि नदियों में मकर संक्रांति के बाद से वाष्पन की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। स्नान करने से कई बीमारियां ठीक हो जाती हैं। इस मौसम में तिल और गुड़ खाने से काफी फायदा होता है यह शरीर को गर्म रखता है वैज्ञानिकों का मानना है कि उत्तरायण में सूर्य का ताप शीत को कम करता है।

बच्चेदानी में गांठ का तीन बार हुआ ऑपरेशन, फिर हुई महिला की मौत

पीड़ित ने सीएमओ, डीएम समेत सीएम से की शिकायत

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

लखीमपुर खीरी में एक बार फिर से निजी अस्पताल की लापरवाही महिला की मौत का कारण बन गया। पीड़ित ने अस्पताल के कथित डॉक्टर पर पत्नी की बच्चेदानी में गांठ का तीन बार ऑपरेशन कर लाखों रुपए ठगने के बावजूद मौत के घाट उतारने का आरोप लगाते हुए जिले के डीएम और सीएमओ समेत सीएम को लिखित तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नेमपुर निवासी पेमन गौतम पुत्र हंसराम ने तहरीर देते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी रामगुनी की बच्चेदानी में गांठ के इलाज को लेकर लखीमपुर रोड निकट बैंक ऑफ़ बड़ौदा नया पता नई बाईपास गोला स्थित शिव हॉस्पिटल ले गया था जहां डॉक्टर ने पीड़ित की पत्नी का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के कुछ दिन बाद पीड़ित की पत्नी की तबीयत बिगड़ने लगी तभी उसको पुनः उसी हॉस्पिटल में दिखाया, डॉक्टर ने फिर से गांठ का ऑपरेशन कर दिया। दोबारा ऑपरेशन के बाद पुनः तबीयत खराब हुई तब डॉक्टर ने अपने ही शिव हॉस्पिटल लखीमपुर खीरी में रेफर कर दिया। शिव हॉस्पिटल गोला द्वारा लगभग एक लाख रुपए तथा लखीमपुर में लगभग तीस हजार रूपए ले लिया गया लेकिन फिर भी पीड़ित की पत्नी की स्थिति नाजुक बनी रही जिसके बाद डॉक्टरों द्वारा लखनऊ रेफर कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि अस्पतालों की घोर लापरवाही के कारण उसकी पत्नी की हालत दयनीय बनी रही जिसका नतीजा यह हुआ कि उसकी पत्नी की मौत हो गई। पीड़ित ने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के बारे में पता किया तो उसे पता चला कि अस्पताल संचालक व कथित डॉक्टर अमित पांडे स्वयं ही ऑपरेशन करते हैं। बताया जाता है कि अमित पांडे सरकारी अस्पताल में चिकित्सा कर्मी (वार्ड ब्वॉय) के पद पर तैनात हैं और लखीमपुर व गोला में एक ही रजिस्ट्रेशन पर शिव हॉस्पिटल के नाम से दो अस्पताल संचालित कर रहा है। पूर्व में ऑपरेशन के लिए दोनों अस्पतालों में ऑपरेशन के लिए सर्जन को बुलाया जाता था लेकिन अब अमित पांडे के द्वारा ही ऑपरेशन कर दिया जाता है और मरीज लाने वाली आशा बहू को भारी भरकम कमीशन दे दिया जाता है।

सीएचसी अधीक्षक गोला डॉक्टर गणेश ने बताया कि मामला संज्ञान में है, पीड़ित को बुलाया गया था, पूरी जानकारी ली गई है। संबंधित दस्तावेज चेक किए जाएंगे, जांच चल रही है। एडिशनल सी एमओ लाल जी से बात करने पर बताया कि चिकित्सा विभाग में किसी भी पद पर कार्यरत कर्मचारी अपना निजी अस्पताल का संचालन नही कर सकता है। तहरीर दी गई है तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

खबरें एक नजर में

दो फरवरी को नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़। शहर के मिल बाईपास रोड पर स्थिति पटेल संस्थान में आयोजित बैठक में सामूहिक खिचड़ी भोज एवं नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 2 फरवरी रविवार को कराया जाना तय किया गया। साथ ही तैयारियों पर चर्चा हुई। विभिन्न कार्यों के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारियां सौपी गई। बैठक में पटेल सुशील वर्मा, महेश वर्मा, छैल बिहारी वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, अंकुर वर्मा, संदीप वर्मा, अभय वर्मा, पंकज वर्मा, इंद्रजीत वर्मा, सुरेशचंद्र वर्मा, अजय वर्मा, अमित वर्मा, गौरव वर्मा, मुनीष पटेल, कोषाध्यक्ष सतीश वर्मा, अरविंद वर्मा, रामअवतार वर्मा, रामनरेश वर्मा, पूर्व अध्यक्ष एवं शिक्षक आनंद वर्मा, पूर्व अध्यक्ष एवं शिक्षक पारस वर्मा मौजूद रहे।

डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री की नव्य कृति 'पकड़ा गया प्रभात' पुस्तक का विमोचन

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़। स्वामी विवेकानन्द जयंती पर स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में आयोजित समारोह में शहर के विख्यात लेखक कवि डा. वेदप्रकाश अग्निहोत्री की नवीन कृति पकड़ा गया प्रभात का विमोचन सभाध्यक्ष डा. गंगा प्रसाद शर्मा गुणशेखर, मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि डॉ. नागेश पांडेय संजय, महेन्द्र भीष्म, शुभकार नाथ शुक्ल सहित स्थानीय साहित्यकारों ने किया। कृति को डॉ. वेद ने अपने गुरुदेव कीर्तिशेष डॉ. गणेशदत्त सारस्वत को समर्पित किया है। कृति में लेखकीय आशीष श्रद्धेय प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित और दिविक रमेश ने दिया है। पुस्तक में इक्यावन गीतिकाओं का संग्रह किया गया है। सभी रचनायें बाल उपयोगी और सरल भाषा में रची गई है। इस मौके पर अवधेश मिश्र, केके शुक्ल, डॉ. सौरभ दीक्षित, मधुकर सैदाई, संतकुमार बाजपेयी, श्रीकांत तिवारी, रमेश पांडेय, नंदीलाल, सुधीर अवस्थी, शशिकान्त मिश्र, ब्रजेश तिवारी मौजूद रहे।

नेशनल हाईवे पर दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, तीन घायल की स्थिति गंभीर

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़। थाना खमरिया क्षेत्र के पीलीभीत बस्ती हाईवे पर स्थित बसढ़िया गांव के निकट पेट्रोल पंप के सामने मंगलवार को दो बाईकों में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिससे मकर संक्रांति के उपलक्ष में खिचड़ी भोज को जा रहे बाइक पर सवार दंपति की भिड़ंत होने से हालत गंभीर हो गई। जनपद सीतापुर के तंबौर निवासी अनिल कुमार व उनकी पत्नी पम्मी देवी और दूसरी बाइक पर सवार जनपद लखीमपुर खीरी के थाना खमरिया क्षेत्र के डलई पुरवा निवासी संदीप पुत्र बिंद्रा की गाड़ी की आपस में भिड़ंत हो गई जिसमें कुल तीन लोग जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी खमरिया विवेक उपाध्याय सहित स्टाफ की सक्रियता से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां तीनों का इलाज शुरू हुआ।

नारायण सेवा समिति के द्वारा किया गया कंबल वितरण का आयोजन

उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।

पसगवां विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत किशनपुर जमुनी में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष हरिओम गुप्ता द्वारा किया गया। इस मौके पर लोगों को जहां ठंड के मौसम में बचाव के प्रति सचेत किया गया, वहीं गरीबों, असहायों, निराश्रितों एवं अन्य जरूरतमंदों में कंबल का वितरण किया गया। जिससे ठंड के मौसम में वे लोग खुद का बचाव कर सकें। कार्यक्रम में आगे भी इस प्रकार के आयोजन करने और दूसरे लोगों से भी इस तरह की सहायता हेतु आगे आने के लिए आह्वान किया गया।

ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे मेले में बिना अनुमति के बड़े-बड़े झूले संचालित

झूले बंद कराए और संचालक के खिलाफ़ एसडीएम ने दिए कार्यवाही के निर्देश

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

लखीमपुर खीरी के धौरहरा कोतवाली क्षेत्र मे बगैर अनुमति मेले मे बड़े बड़े झूले मौत कुआं का खेलसंचालित किया जा रहा है। जानकारी होने पर मेला स्थल पहुंचकर कुछ ग्रामीणों ने पड़ताल की। इस दौरान मेला संचालक कोई अनुमति नहीं दिखा सके सिर्फ एक दूसरे पर टालते नजर आए । ग्रामीणों ने इसकी सूचना अधिकारियों सहित मीडिया को दी द्य जानकारी करने पर उपजिलाधिकारी धौरहरा ने बताया कि आयोजक ने केवल मेला लगाने की परमिशन ली थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र धौरहरा तहसील धौरहरा के नजदीक गुदरिया ग्राम पंचायत में हाईवे किनारे मेन रोड के पास भव्य मेले का आयोजन किया गया है। मेले में ऊंचे झूले, डांस झूला, रेल झूला, नाव झूला व मिठाई समेत तमाम दुकानें व मौत का कुआं भी लगाया गया है। बिना परमिशन मेले मे चल रहे ऊंचे ऊंचे झूलो तथा मौत का कुआं लगाने का आरोप लगाते हुए कुछ नागरिकों ने जानकारी दी। उपजिलाधिकारी धौरहरा राजेश कुमार ने बताया कि आयोजक द्वारा रामलीला आयोजन की परमिशन ली गई थी, जिनकी समय सारणी सुबह से रात 10:00 बजे तक है, परंतु प्राप्त शिकायत से प्रतीत हो रहा है आयोजक गलत तरीके से मेले का आयोजन कर रहे है, आयोजक द्वारा प्रतिबंधित झूले भी लगाए गए हैं।

उपजिलाधिकारी धौरहरा राजेश कुमार ने क्षेत्राधिकार धौरहरा प्रीतम पाल व कोतवाली प्रभारी धौरहरा को मेला परिक्षेत्र में बगैर परमिशन के चल रहे प्रतिबंधित झूले, मौत का कुआं तथा प्रतिबंधित अन्य उपकरणों को तत्काल रूप से बंद कराए जाने तथा आयोजक के खिलाफ धारा-188 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई जाने का आदेश दिया है।

थाना-चौकी का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा थाना मितौली नीमगांव मैगलगंज तथा पुलिस चौकी कस्ता का औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पूर्ण थाना परिसरो का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया।

थाने पर लंबित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी के साथ महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु निर्देशित किया गया। थानों पर दाखिल विभिन्न मुकदमों से संबंधित माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण के संबंध में भी निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस प्रमुख द्वारा थाना प्रभारियों को शीत ऋतु के दौरान कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम/बचाव के दृष्टिगत वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर चालकों को यातायात संकेतों/नियमों का पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

राशन कार्ड बनाने व कटवाने के नाम पर परेशान किए जा रहे हैं जरुरतमंद गरीब

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

राशन कार्डों को लेकर वकीलों और पूर्ति निरीक्षक में नोंकझोंक हो गई। एक दिन पूर्व सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री राकेश त्रिपाठी के नेतृत्व में तमाम वकील पूर्ति निरीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां वकीलों ने पूर्ति निरीक्षक कार्यालय के कर्मचारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए जरुरतमंद और निर्धनों के राशन कार्ड न बनाए जाने को लेकर नाराजगी जताई। वकीलों का कहना है कि जरूरतमंद लोगों के राशन कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं, जबकि अन्य लोगों के सुविधा शुल्क लेकर राशन कार्ड बना दिए जा रहे हैं। राशन कार्ड आवेदन पत्रों को कर्मचारी किसी रजिस्टर पर नहीं चढ़ाते हैं। जरुरतमंद लोग आए दिन कार्यालय के चक्कर लगाते रहते हैं। लेकिन उन्हें कुछ न को कुछ कमी बताकर कर टरका दिया जाता है। जिसको लेकर वकीलों और पूर्ति निरीक्षक के बीच नोक झोंक हुई। पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में मौजूद शिवपुर सांडा निवासी नितेश कुमार शुक्ला ने बताया कि उनका राशन कार्ड काट दिया गया था। जिसे दोबारा बनवा जाने को लेकर कई बार पूर्ति निरीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं। कुछ ना कुछ कमी बता कर वापस कर दिया जाता है। अमीर नगर क्षेत्र निवासी रामदेवी ने बताया कि राशन कार्ड बनवाए जाने को लेकर पिछले दो महीने से लगातार अधिकारियों और कर्मचारियों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन अभी तक राशन कार्ड नहीं बन पाया है। पूर्ति निरीक्षक गौरव शर्मा ने बताया कि किसी का राशन कार्ड शिकायत के आधार पर नहीं काटा जाता है और एक प्रक्रिया के तहत नए राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं।

ग्राम प्रधान व लेखपाल ने जरूरतमंदों को बांटें कंबल

ठंड से बचाव के लिए गरीबों को मिली राहत, गरीबों के चेहरे पर दिखी मुस्कान

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।

कड़के की ठंड को देखते हुए तहसील प्रशासन ने सोमवार को पडरिया तिलकापुर में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबलों का वितरण किया।

तहसील गोला गोकर्णनाथ के ब्लॉक बिजुआ की ग्राम पंचायत पडरिया तिलकापुर के पंचायत भवन में सोमवार को कम्बल वितरण कार्यक्रम रखा गया जिसमें ग्राम प्रधान , ग्राम विकास अधिकारी, व क्षेत्रीय लेखपाल ने सोमवार को गरीबों, दिव्यांगों व विधवा महिलाओं को कंबल वितरित किया। कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आए।

ग्राम प्रधानपति राम मनुज वर्मा ने बताया कि इस समय काफी ठंड पड़ रही है। गरीबों के पास पर्याप्त संसाधन न होने के कारण वह ठिठुर रहे हैं। ऐसे लोगों की मदद करने के लिए तहसील प्रशासन द्वारा गरीबों को कंबल वितरण किया गया जिसमें करीब 65 गरीबों को कम्बल दिया गया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी सुरेश कुमार ,क्षेत्रीय लेखपाल कमल नैन मिश्रा, राजा राम वर्मा, रामनारायण वर्मा, राधेश्याम वर्मा, विजय वर्मा सहित ग्राम के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मेला महोत्सव शुरू, मुख्य अतिथि ने फीता काट कर किया शुभारंभ

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।

विकासखंड मितौली के सामने स्थित मेला मैदान में मेला महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर विशिष्ट अतीथि प्रदीप शुक्ल, ने फीता काट कर शुभारंभ किया। मेला आयोजक मास्टर दिनेश कुमार, ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप व मेला कमेटी के द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

श्री राधा सर्वेश्वरी लीला संस्थान वृंदावन मथुरा रामलीला एवं रासलीला पार्टी द्वारा चल रही रासलीला पार्टी का दर्शन किया और पवन पुत्र बजरंगबली, राधा कृष्ण का पूजन आरती कर रासलीला का प्रारंभ कराया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा मैं छोटा था अपने गांव से पैदल चलकर मितौली राजा लोन सिंह इंटर कॉलेज में पढ़ने आता था तब मितौली और क्षेत्र के सम्मानित लोगों द्वारा मेले का आयोजन किया जाता था मैं छुट्टी के बाद मेला देखकर आवश्यक वस्तुओं की खरीद दारी करने के साथ पूरे मेले का आनन्द लेता था मितौली मेले की मशहूर मिठाइयां, जलेबियां चखता था। मेरी सदैव यह इच्छा रहती थी कि मितौली महोत्सव हर वर्ष अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचे। मेला आयोजको को धन्यवाद देते हुए हर तरह से सहयोग की बात कही। इस अवसर पर मेला आयोजक मास्टर दिनेश कुमार, ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप, कवि अमित कैथवार, पत्रकार भाजपा मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार शुक्ल, दिवाकर मिश्र, करुणा शंकर गुप्त, अमित गुप्ता, पुत्तीलाल भार्गव, राजकुमार मिश्रा उर्फ गुड्डू, काशीराम पाल, सुरेश राठौर रतहरी, योगेंद्र कुमार मिश्र उर्फ पप्पू, शिव कुमार गुप्त, डॉक्टर आदेश कुमार डॉक्टर शिव शरण उर्फ सचिन, सतीश भार्गव,डॉ अनिल राज, ओंकारनाथ शुक्ल, रामचंद्र दीक्षित, सुनील आर्मी, रमाशंकर भन्डेबरा, अशोक दादा, सूरज मिश्र, मनीराम,महेंद्र जमुनिया, ईश्वर दिन वर्मा ढखैया, अशोक राज मौलाना, सत्यराम, विक्रम, सुनील, पूर्व पंच सुंदर लाल बकहैया, विनीत दीक्षित, मलिक, पप्पू पेंटर, इरफान, हकीम, इंतजार बंजारा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने बाबा गोरखनाथ को चढ़ाई खिचड़ी, राष्ट्र कल्याण के लिए की प्रार्थना

▸ महाकुंभ के प्रति दिखने वाला आकर्षण अद्भुत व अकल्पनीय : योगी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्म मुहूर्त में गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार शिवावतार महायोगी गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। इस अवसर पर उन्होंने भगवान गोरखनाथ से लोकमंगल, सभी नागरिकों के सुखमय और समृद्ध जीवन तथा राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की।

बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पावन पर्व और त्योहारों की श्रृंखला में जगतपिता सूर्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक उत्सव है। उन्होंने कहा कि देश में अलग-अलग नामों और स्वरूपों में आज सनातन धर्मावलंबी पूरी श्रद्धा के साथ इस आयोजन के साथ जुड़ते हैं।

देश के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग नाम और रूपों में मकर संक्रांति पर्व को लोग मनाते हैं तथा उत्सव के साथ जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि असम में बिहू के रूप में, पंजाब में लोहड़ी के रूप में, सुदूर दक्षिण में पोंगल के रूप में, बंगाल व महाराष्ट्र में तिलवा संक्रांति के रूप में तथा उत्तर भारत में खिचड़ी संक्रांति के रूप में इस महापर्व को मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के प्रति जो आकर्षण देखने को मिल रहा है वह अद्भुत एवं अकल्पनीय है। उन्होंने कहा कि कल सोमवार को लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाई और पुण्य के भागीदार बने। उन्होंने कहा कि आज प्रयागराज में संतों की अगुवाई में लाखों की संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त से ही पुण्य स्नान कर रहे हैं। उनके अनुसार, सनातन धर्म के प्रति आकर्षित तमाम विदेशी भी इस महाकुंभ के साक्षी बना रहे हैं। उन्होंने कहा ''पर्व और त्योहार पर श्रद्धा का भाव अभिनंदनीय है। हम सब का प्रयास होना चाहिए कि हमारे पावन तीर्थ स्वच्छ और सुंदर बने रहें।

बाबा के श्रीचरणों में खिचड़ी चढ़ाना सौभाग्य की बात

सीएम योगी ने कहा ''मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेश की पवित्र नदियों, सरोवरों में स्नान, दान-पुण्य का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ प्रारंभ हो चुका है। यह मेरा सौभाग्य है कि गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली पर बाबा के श्रीचरणों में खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। एक तरफ भगवान गोरखनाथ की पावन तपस्थली पर आस्था की खिचड़ी चढ़ाई जा रही है तो दूसरी ओर इस सदी का पहला महाकुम्भ तीरथपति प्रयागराज में प्रारंभ हो चुका है।

सुन्दरकाण्ड पाठ में लोगों ने लिया भाग, तहरी भोज का भी आयोजन

लखनऊ । पूर्वी विधानसभा में सी ब्लॉक इंदिरानगर हनुमान मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में इंदिरा नगर, विकास नगर, गोमतीनगर, कुरमांचल नगर, कल्याणपुर, हरिहर नगर, मुलायम नगर आदि क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सुन्दर कांड पाठ पढ़ा और बाद में तहरी भोज में भी सब शामिल हुए। सुबह 11.00 से शुरू हुए संगीतमय सुन्दरकांड पाठ के आयोजन से पूरा माहौल भक्तिमय और राममय हो गया। सुन्दरकाण्ड पाठ के बाद भजनों की लड़ी पर भक्त झूम उठे। राम नाम के उदघोष से पूरा माहौल गूंज उठा। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोशियारी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी, सौमित्राचार्य जी महाराज समेत बड़ी संख्या में जनता मौजूद रही। मुख्य रूप से पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के शैक्षिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, आवासीय कॉलोनी के अध्यक्ष और महामंत्री, भाजपा कार्यकर्ता, पार्षद राजेश सिंह गब्बर आदि ने भाग लिया।

जिला प्रशासन की कार्रवाई : आठ करोड़ 47 लाख की भूमि कराई गई कब्जा मुक्त

▸ तहसील ने अब तक 100 करोड़ की भूमि कराई कब्जा मुक्त

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मंगलवार को डीएम सूर्य पाल गंगवार के निर्देशों के क्रम में सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराये जाने के अभियान में गठित टीम द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराये जाने के अभियान के क्रम में ग्राम-हरिहरपुर, तहसील सरोजनी नगर व जिला-लखनऊ में सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराये जाने हेतु बड़ी कार्यवाही की। उक्त कार्रवाई तहसील प्रशासन व नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर की गयी।

उपजिलाधिकारी-सरोजनी नगर डॉ सचिन वर्मा द्वारा उपलब्ध करायी गयी टीम ने उक्त कार्यवाही की। टीम का नेतृत्व नायब तहसीलदार नीरज कटियार द्वारा किया गया जिसमें राजस्व निरीक्षक अविनाश चन्द्र तिवारी, तहसील-सरोजनी नगर के क्षेत्रीय लेखपाल दिनेश कुमार व लेखपाल सुभाष कौशल, अनूप गुप्ता, लालू प्रसाद यादव व संदीप यादव द्वितीय तथा थाना-सुशांत गोल्फ सिटी द्वारा उपलब्ध करायी गयी। पुलिस बल के सहयोग से बडे पैमाने पर प्रापर्टी डीलरों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये अवैध रूप से सरकारी भूमि पर की गयी प्लाटिंग, अस्थाई बाउण्ड्रीवाल व सड़क आदि रिहायसी संरचना आदि को मौके पर जेसीबी मशीन की सहयता से ध्वस्त कर दिया गया। ग्राम-हरिहरपुर, तहसील-सरोजनी नगर व जिला-लखनऊ की अतिक्रमणमुक्त भूमि खसरा संख्या-706 क्षेत्रफल 0.250 हे0, खसरा संख्या-323 क्षेत्रफल 0.100 हे0, खसरा संख्या-377 क्षेत्रफल 0.050 हे0, खसरा संख्या-320 क्षेत्रफल 0.190 हे0, खसरा संख्या-440 क्षेत्रफल 0.450 हे0 व खसरा संख्या-322 क्षेत्रफल 0.019 हे0 कुल क्षेत्रफल 1.059 हे0 भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराते समय कतिपय प्रापर्टी डीलरों ने विरोध किया किन्तु शांतिपूर्ण ढंग से कार्यवाही सम्पादित कर दी गयी। उक्त कार्रवाई से कुल 1.059 हे0 बेशकीमती भूमि अवैध कब्जों से मुक्त करायी गयी। जिसका कुल बाजार मूल्य 8 करोड़ 47 लाख 20 हजार है।

खबरें एक नजर में

छावनी में मनाया गया सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज । सूर्या कमान के तत्वावधान में लखनऊ छावनी में 9वां सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 800 पूर्व सैनिकों की उपस्थिति रही जो सशस्त्र बलों में उनके विश्वास और समाज के साथ उनके मजबूत संबंध का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता और स्टेशन से बड़ी संख्या में सेवारत अधिकारी उपस्थित थे। समारोह में अपने पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने और सेवारत कर्मियों और वेटरन्स समुदाय के बीच एक मजबूत बंधन को बढ़ावा देने के प्रति भारतीय सेना की अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। समारोह की शुरुआत मध्य कमान के युद्ध स्मारक स्मृतिका पर पुष्पांजलि समारोह के साथ हुई। मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल ने वरिष्ठ पूर्व सैनिकों के साथ उन शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इस दौरान सूर्या ऑडिटोरियम में पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया गया।

सड़क किनारे घायल मिला भट्ठा मजदूर, मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। पुलिस के मुताबिक छत्तीसगढ़ प्रांत के बिलासपुर स्थित सरसैनी गांव में रहने वाला भगवानी (50) बीते 6 माह से बंथरा कस्बे के पास स्थित एक भट्टे पर रहकर मजदूरी करता था। भगवानी सोमवार देर शाम किसी को बिना बताए कहीं चला गया। थोड़ी देर बाद रात में पता चला कि भगवानी बंथरा में नीवा गांव के पास रोड पर शराब के नशे में पड़ा है। उसके सिर पर चोट लगी है। जबकि चर्चा है कि वह शराब के नशे में पैदल जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस की मदद से उसे घायलावस्था में सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी चंद्रिका के अलावा दो बेटे हैं। पुलिस का कहना है कि मृतक के बेटे भलुआ राम ने किसी के ऊपर कोई आरोप नहीं लगाया है। लेकिन इसके बावजूद घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

दहेज प्रताड़ना से मलिहाबाद में विवाहिता फांसी पर लटकी, मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मलिहाबाद में दहेज प्रताड़ना से परेशान एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान वंदना के रूप में हुई, जिसकी शादी एक साल पहले कुंदरा गांव निवासी प्रदीप के साथ हुई थी। मृतका के नाना ने पति और ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मलिहाबाद थाना प्रभारी सतीश साहू ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। वंदना का मायका हरदोई जिले के थाना अतरौली के पास स्थित जमुनीपुर गांव में है। उसके माता-पिता की मौत पहले ही हो चुकी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

चाइनीज मांझे से युवक का गला कटा, 15 टांके लगे

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में चाइनीज मांझे से एक युवक का गला कट गया। रील में धार इतनी तेज थी कि कुछ ही सेकेंड में वह खून से लथपथ हो गया। उसे राहगीरों ने उठाकर केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने 15 टांके लगाए हैं। घायल रज्जन के मित्र सैयद अली फैजी ने कहा कुछ लोगों का शौक कई लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। बाजार खाला क्षेत्र में अंश अपार्टमेंट के निवासी रज्जन फ्लाईओवर से जा रहे थे। अचानक चाइनीज मांझे के चपेट में आने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई। वह घायल होकर गिर गए। मामले में थ्स् दर्ज कराने का प्रयास किया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित रज्जन ने लोगों से अपील किया है कि पतंग उड़ाने वाले चाइनीज मांझे का प्रयोग न करें। पतंग बेचने वाले और उड़ाने वाले जो लोग चाइनीज मांझे का इस्तेमाल कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अगर चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध नहीं लगा तो इसके खिलाफआंदोलन करेंगे।

प्राचीन मंदिरों के पुजारियों को गर्म वस्त्र देकर सम्मान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सम मकर संक्रांति पर्व की पूर्व संध्या पर चौक के प्राचीन मंदिरों के पुजारियों को गर्म वस्त्रों को देकर उनका सम्मान आचार्य राजेश शुक्ल, प्रदीप कुमार वर्मा (समाचार पत्र वितरक अध्यक्ष चौक डिपो), अंकुर दीक्षित (समाज सेवक) द्वारा किया गया। सभी ब्राह्मणों ने इस सेवा की भूरि-भूरि प्रशंसा की । इस पुनीत अवसर पर सभी मंदिरों के पुजारियों ने जन-मानस का आवाहन भी किया कि प्रत्येक हिन्दू अपने धर्म स्थलों पर नित्य दर्शन हेतु अवश्य पधारें। आचार्य राजेश शुक्ल ने कहा कि प्रत्येक सनातन संस्कृति को मानने वाले को मंदिरों के पुजारियों के लिए भी विशेष योगदान करना चाहिए एवं बच्चों को मंदिरों में ले जाकर दर्शन अवश्य करायें, जिससे बच्चे आध्यात्म कि ओर अग्रसर हो सकें। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बलदेव शर्मा, डाक्टर सौरभ बैसवार, आचार्य उमेश पाठक, पंडित नीरज अवस्थी, अमन कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

अग्निवीर भर्ती : कानपुर देहात व महोबा के अभ्यर्थियों ने भाग लिया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। कल अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए भर्ती रैली में कानपुर देहात के रसूलाबाद, डेरापुर, अकबरपुर, सिकंदरा, मैथा और भोगनीपुर तहसील और महोबा के कुलपहाड़, चरखारी और महोबा तहसील के अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस दौरान कुल 1106 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 848 (76.67 प्रतिशत) अभ्यर्थियों ने रैली में भाग लिया। आज औरैया जिले के बिधूना, औरैया, अजीतमल तहसीलों और बांदा के बबेरू, अतर्रा, नरैनी, बांदा और पैलानी तहसीलों के अभ्यर्थी अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (जीडी) श्रेणी की भर्ती में भाग लेंगे।

सहकारिता मंत्री आज बांटेंगे टेबलेट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएसराठौर कल 15 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे, इंस्टीट्यूट ऑफकोपरेटिव एण्ड मैनेजमेण्ट रिसर्ज एण्ड ट्रेनिंग 21/467, रिंगरोड इंदिरानगर में रिमोट पायलट ट्रेनिंग आर्गेनाइजेशन का उद्घाटन, स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत टेबलेट वितरण कार्यक्रम, विशिष्ट ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का शुभारम्भ तथा आईसीसीएमआरटी के जीणोद्वार का शिलान्यास करेंगे।

निजीकरण के विरोध में कर्मियों का आंदोलन जारी

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आवाहन पर बिजली के निजीकरण के विरोध में काली पट्टी बांधने का अभियान पूरे सप्ताह जारी रहेगा। 15 जनवरी को भी पूरे दिन बिजली कर्मी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे और भोजनावकाश या कार्यालय समय के उपरान्त सभी जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध सभाएं करेंगे।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आज जारी बयान में कहा कि निजीकरण हेतु पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा जारी बिडर के चयन के आर एफ पी डॉक्यूमेंट को पढ़ने पर साफहो जाता है की बिजली के निजीकरण को लेकर बड़े घोटाले की तैयारी है। उन्होंने कहा कि निजीकरण हेतु समय सीमा पर बहुत स्ट्रिक्ट रहने की बात बार बार लिखी गई है जिससे यह स्पष्ट है कि पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन का उद्देश्य सुधार नहीं अपितु कैसे भी जल्दी से जल्दी निजीकरण करना है। बिजली व्यवस्था में सुधार का पूरे आर एफपी डॉक्यूमेंट में एक बार भी उल्लेख नहीं किया गया है। संघर्ष समिति ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन विगत दो माह से कह रहा है कि कोई निजीकरण नहीं किया जा रहा है। सुधार हेतु केवल निजी क्षेत्र की भागीदारी का निर्णय है किन्तु आर एफ पी डॉक्यूमेंट में साफ लिखा है कि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम एवं पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का पीपीपी मॉडल पर निजीकरण किया जाना है जिसमें निजी कम्पनी की बहुसंख्यक इक्विटी और प्रबंधन नियंत्रण होगा। यह साफ तौर पर 42 जनपदों की बिजली व्यवस्था का पूरी तरह निजीकरण है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिडर का चयन क्वालिटी एंड कॉस्ट बेस्ड सिलेक्शन के आधार पर किया जा रहा है जिसमें चयन का अधिकार लगभग प्रबंधन के पास होता है ।ऐसा लगता है प्रबंधन ने पहले से ही नाम तय कर रखा है और टेंडर एक औपचारिकता मात्र है। संघर्ष समिति ने कहा कि पी पी पी मॉडल पर दिल्ली और उड़ीसा में बिजली वितरण का निजीकरण किया गया जो प्रयोग विफल साबित हुआ है। उड़ीसा में 1999 में बिजली का निजीकरण किया गया था और निजी कंपनी रिलायंस का लाइसेंस पूरी तरह विफल रहने के बाद 2015 में रद्द किया गया 2020 में फिर टाटा पावर को उड़ीसा की विद्युत वितरण का काम सोपा गया है और आए दिन कर्मचारियों का उत्पीड़न हो रहा है । यह सब जानकारी उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों को अच्छी तरह से और वह किसी झांसे में आनेवाले नहीं है। संघर्ष समिति ने कहा कि ऊर्जा जैसे अति महत्वपूर्ण क्षेत्र में निजीकरण की जिद करके निजीकरण थोपना किसी भी प्रकार प्रदेश के और पावर सेक्टर के हित में नहीं है। यदि जबरिया निजीकरण थोपा गया तो इसके इतने भयानक दुष्परिणाम होंगे जिसकी प्रबंधन में बैठे हुए आईएएस अधिकारियों को कोई कल्पना नहीं है।

केजीएमयू की डॉक्टर हॉस्टल से कूदी, हालत गंभीर

लखनऊ । लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की महिला डॉक्टर हॉस्टल से कूद गई। मंगलवार सुबह वह गंभीर हालत में नीचे पड़ी मिली। गार्ड और साथियों ने उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर है। वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। चौक थाना पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आ रहा है कि डॉक्टर ने नौकरी के प्रेशर में सुसाइड का प्रयास किया। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया घटना सुबह साढ़े 9 बजे की है। रेजिडेंट डॉक्टर प्रकृति वासवानी कानपुर की रहने वाली है। वह मेडिसिन की जूनियर रेजिडेंट है। अभी 10 दिन पहले ही यहां जॉइन किया था। प्रकृति गर्ल्स हॉस्टल में कमरा नंबर-206 में रहती है। ब्लड लॉस की वजह से हालत गंभीर है। दोनों कूल्हे की हड्डी में फ्रैक्चर के साथ ही पैर में भी फ्रैक्चर है। केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ.प्रेमराज सिंह ने बताया कि सुबह 8 से 8.30 बजे के बीच की घटना है। हॉस्टल में गंभीर हालत में मिली जूनियर डॉक्टर को एम्बुलेंस से ट्रॉमा सेंटर में लाया गया।

कानूनगो का स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने की योजना, शासन को भेजा गया प्रस्ताव

समृद्धि न्यूज

▸ शासन ने भत्ते को बढ़ाने के संबंध में 750 रुपए प्रति माह का रखा प्रस्ताव

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के राजस्व निरीक्षकों यानि कानूनगो का स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने की योजना बन रही है। अभी उन्हें केवल 6 रुपये प्रतिमाह स्टेशनरी भत्ता दिया जा रहा है, जो उनके कार्यों की पूर्ति के लिए अपर्याप्त साबित हो रहा है। इस कारण राजस्व निरीक्षकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वे लगातार इस भत्ते को बढ़ाने की मांग कर रहे थे। राजस्व परिषद ने इस संदर्भ में एक प्रस्ताव शासन को भेजा है।

राजस्व निरीक्षकों की मांग है,उन्हें 1000 रुपये प्रतिमाह स्टेशनरी भत्ता दिया जाए ताकि वे अपने कार्यों को ठीक से और बिना किसी आर्थिक दबाव के पूरा कर सकें। शासन द्वारा इस भत्ते को बढ़ाने के संबंध में 750 रुपये प्रति माह का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव में कहा गया कि राजस्व निरीक्षकों ने मोटरसाइकिल भत्ता 2000 रुपये करने की मांग की थी, जिसे पहले ही शासन को भेजे गए प्रस्ताव में शामिल किया जा चुका है। अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त अनिल कुमार यादव द्वारा शासन को भेजे गए प्रस्ताव में उल्लेख है कि एक राजस्व निरीक्षक कानूनगो के क्षेत्र में लगभग 40 से 50 गांव होते हैं। इन गांवों में विभिन्न सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, जमीन से संबंधित मामलों की रिपोर्टिंग और संबंधित कागजी कार्यों के लिए खर्च आता है। विशेष रूप से धारा-24 के ऑनलाइन आवेदनों के प्रिंट निकलवाने, धारा-38 के मामलों में नक्शा तैयार करने, अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए फोटो कापी की आवश्यकता होती है, जिसके लिए भारी खर्च होता है। इस खर्च को ध्यान में रखते हुए राजस्व निरीक्षकों ने स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने की मांग की थी।

एक आईडी एक परिवार, योजना से हर परिवार को मिलेगा उनका हक

समृद्धि न्यूज

▸ परिवार की सभी जानकारी एक ही जगह पर होगी उपलब्ध

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार की एक आईडी एक परिवार, योजना से हर परिवार को उनका हक मिल सकता है। उत्तर प्रदेश की सरकार ने हाल ही में एक नई योजना की शुरुआत की है, जिसके तहत हर परिवार को एक यूनिक आईडी दी जाएगी। एक आईडी एक परिवार स्कीम वाले इस कार्ड का उद्देश्य परिवार की वर्तमान सामाजिक और आर्थिक स्थिति की जानकारी इकट्ठा करना है।

उत्तर प्रदेश सरकार की एक आईडी एक परिवार, योजना से हर परिवार को उनका हक मिल सकता है। सरकार ने हाल ही में एक नई योजना यानी फैमिली आईडी कार्ड की शुरुआत की है, जिसके तहत प्रत्येक परिवार को एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी। इस यूनिक आईडी का मकसद परिवार की वर्तमान सामाजिक और आर्थिक स्थिति की जानकारी एक जगह इकट्ठा रखना है। यह भी सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वे कौन सी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। यूपी सरकार एक परिवार-एक पहचान के तहत अब लोगों को फैमिली आईडी जारी कर रही है। इस योजना के तहत तमाम परिवारों का लाइव डेटा तैयार किया जा रहा है। इसके आधार पर उन्हें राज्य और केंद्र सरकार की कई योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। इसके लिए विभाग द्वारा लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। फैमिली आईडी कार्ड से परिवार को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा और इससे योजनाओं की पारदर्शिता और प्रभावशीलता भी बढ़ेगी। इसके तहत परिवार का पूरा डेटा डिजिटल रूप से फीड किया जाएगा। परिवार की सभी जानकारी एक ही जगह पर उपलब्ध होगी, जिससे सरकार को भी परिवार के हर एक सदस्य के बारे में जानने का मौका मिलेगा।

मां चंद्रिका देवी मंदिर में खिचड़ी भोज आयोजित

लखनऊ । बीकेटी क्षेत्र में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर विशेष खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कठवारा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर धाम में यह 19 वां वार्षिक खिचड़ी भोज था, जिसका आयोजन मंदिर मेला समिति के सदस्य जितेंद्र सिंह (कल्लू) द्वारा किया जाता है। मंगलवार को आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्षेत्र के भोलापुरवा गांव में भी एक विशेष खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जो राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-सीतापुर रोड पर स्थित है। यहां डॉ. सुमित अवस्थी ने अपने संस्थान के शुभारंभ के अवसर पर यह आयोजन किया। भोलापुरवा में आयोजित खिचड़ी भोज में सीतापुर के राज्यसभा सदस्य पवन सिंह चौहान सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का था, बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक बना। मकर संक्रांति के इस पावन पर्व पर आयोजित खिचड़ी भोज ने एक बार फिर सामुदायिक सद्भाव की मिसाल पेश की।

तालाब की सफाई के लिए पार्षद ने नगर आयुक्त को लिखा पत्र

हाईवे पर केक काटने वाले 19 लोग गिरफ्तार

लखनऊ। मड़ियांव में सड़क ब्लॉक करके बर्थडे पार्टी करने वाले 19 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। इनमें 5 नाबालिग हैं। पुलिस इसके पहले भी दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात उपद्रवियों ने मड़ियांव थाने से चंद कदम की दूरी पर रोड ब्लॉक करके करीब एक घंटे तक केक काटने के नाम पर उत्पात मचाया था। अपने सोशल मीडिया स्टेटस पर खबरों की कटिंग लगाई थी। पुलिस ने हिरासत में लिए गए 14 लोगों को गिरफ्तार किया।

प्रशिक्षण में चार जिलों के माध्यमिक शिक्षकों ने लिया हिस्सा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ कॉलेज ऑफटीचर एजुकेशन में समग्र शिक्षा योजना के तहत आयोजित तीन दिवसीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर और अयोध्या के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। यह प्रशिक्षण वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उद्यमिता विकास संस्थान, लखनऊ में आयोजित किया गया। सीटीई लखनऊ के प्राचार्य विष्णु श्याम द्विवेदी ने समापन समारोह में कहा- यह प्रशिक्षण शिक्षकों की कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव लाएगा और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट हेड अखिलेश सिंह ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण में सीखी गई तकनीकों को कक्षाओं में लागू करें। प्रशिक्षण में कई विषय विशेषज्ञों ने अपना योगदान दिया, जिनमें संजीव कुमार सिंह, डॉ. सुधीर कुमार सिंह, रविरंजन सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. अरविंद अवस्थी और डॉ. अमरजीत शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र सचान और शारदा सचान ने किया। समापन समारोह में सीटीई लखनऊ के वरिष्ठ संकाय सदस्य और अधिकारी भी मौजूद रहे।

आयोजन | डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बहुजन भाई-चारा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन

प्रदेश अध्यक्ष भीम आर्मी का किया गया जोरदार स्वागत

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप भार्गव का सीतापुर रोड, भिठौली चौराहे के पास कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान रोड शो भी निकाला गया जो आईआईएम रोड़ होते हुए माल रोड़ स्थित जेहटा गांव पहुंचा। जहां डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बहुजन भाई-चारा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिस में डॉ. कुलदीप भार्गव ने कहा भीम आर्मी समाज के वंचित दबे कुचले को न्याय दिलाने के लिए है।

हमारी बहन,बेटियों को सुरक्षित रखना भीम आर्मी की प्राथमिकता है। यह मिशन बाबा साहब के बाद मान्यवर कांशीराम ने चलाया, अब इसकी जिम्मेदारी भीम आर्मी चीफ चन्द्रशेखर और विनयरतन सिंह ने उठाई है। आज देश भर में लाखों लोग भीम आर्मी एकता मिशन के साथ जुड़ कर मिशन को साकार करने का प्रयास कर रहे हैं। यह मिशन तब तक जारी रहेगा जब तक देश में किसी भी समाज में एक भी व्यक्ति पीड़ित रहेगा। हम हर उस व्यक्ति के साथ खड़े हैं जो प्रताड़ित है, वो चाहे जिस समुदाय से हो। इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप भार्गव के साथ लखनऊ मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार राजवंशी जिला अध्यक्ष कमलेश बौद्ध, राजेश लोधी, सुनील रावत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

उत्तरायणी कौथिक मेले का भव्य आयोजन

लखनऊ। लखनऊ में बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में उत्तरायणी कौथिक 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड, भगत सिंह कोश्यारी के साथ राज्यसभा सांसद और पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा उपस्थित रह। लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन किया गया। पर्वतीय संस्कृति के इस उत्सव में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर पार्षद प्रमोद सिंह राजन, पार्षद श्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, पार्षद शैलेंद्र वर्मा और मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह देवड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक केएन चंदोला और अध्यक्ष गणेश जोशी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ। अन्य गणमान्य अतिथियों में टीएस मनराल, महेंद्र सिंह रावत, मोहन सिंह बिष्ट आदि शामिल रहे। उत्तरायणी कौथिक के दौरान पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। पर्वतीय व्यंजनों और हस्तशिल्प की प्रदर्शनी ने उत्तराखंड की संस्कृति को जीवंत किया। महापौर कार्यकाल के दौरान निर्मित इस सांस्कृतिक उपवन ने आयोजन को भव्य रूप से सफल बनाया। पूर्व मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे संस्कृति और परंपरा के संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

प्लॉट की फर्जी डील कर 14 लाख ठगे

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में एक व्यक्ति से प्लॉट बेचने के नाम पर 14 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित रवीन

कार्य एक ही, पर कई साइड दिखाकर हुआ लाखों का खेल

- जांच के नाम पर किया जा रहा गुमराह
- जवाब देने से कतरा रहे जिम्मेदार अधिकारी

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

जनपद के विकास खण्ड झंझरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बूढ़ादेवर वासियों के अनुसार प्रधान व सचिव के मिलीभगत से ग्राम में हुए कार्यो की भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भार्गव कालोनी चौराहे से राजाराम के घर तक सीधी रोड होने के बावजूद प्रधान व सचिव द्वारा टुकड़े टुकड़े में दर्शाकर वित्तीय वर्ष 2023-24 में भार्गव कालोनी चौराहे से नरायन प्रॉविजन स्टोर तक सीसी रोड निर्माण हेतु दिनांक 15.3.2024 को पंद्रहवां वित्त के बाउचर 24/पी/29 पर 01 लाख 17 हजार 698 रुपए व 24/पी/30 पर 86 हजार 898 रुपए निकाले गए तथा पंचम वित्त से 2023-24 में दिनांक 15.3.2024 को बाउचर संख्या-24/पी/39 से 01लाख 31 हजार 589 रुपए निकालने के बावजूद सीसी रोड का निर्माण नही किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उपरोक्त सीसी रोड कार्य को दर्शाकर कई भुगतान कराकर सीसी रोड का निर्माण कराया गया। यहाँ चर्चा यह है कि जब भार्गव कालोनी चौराहे व नरायन प्रॉविजन स्टोर के बीच में पिन्टू श्रीवास्तव का घर व अशोक मिश्रा की दुकान स्थित है। पिंटू श्रीवास्तव के घर तक तक सीसी रोड का कोई कार्य योजना बना ही नही है तो उनके घर तक का मजदूरी के नाम भुगतान कैसे किया गया व अशोक मिश्रा के दुकान/घर तक इंटरलॉकिंग व मजदूरी की धनराशि कैसे भुगतान किया गया। कुछ व्यक्तियों द्वारा नाम गुप्त रखने की गुजारिश पर ग्रामवासियों ने बताया कि यह सीधी रोड है जिसकी लंबाई लगभग 185 मीटर है।इस सीधी रोड को टुकड़े-टुकड़े में दर्शाकर 11 लाख रुपए से अधिक का भुगतान करके बंदरबांट किया गया है। इतना ही नही वित्तीय वर्ष 2023-24 में मजरा उसरैना निवासी विभूति मास्टर के घर से सतगुर यादव के घर होते हुए काली स्थान तक इंटरलॉकिंग कार्य हेतु लाखों रुपए निकाला गया जबकि उसी स्थान के नाम वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी लाखों रुपए निकालकर बन्दरबांट किये जाने का गंभीर आरोप है।गौर करें वित्तीय वर्ष 2022/23 व 2023/24 में पंचायत भवन के मरम्मत, टाईल्स व उच्चीकरण के नाम करीब 08 लाख 90 हजार 527 रुपए निकाले गए हैं जबकि उतने धनराशि में नव निर्माण हो सकता था। शासनादेश के अनुसार 05 लाख से अधिक के कार्यों पर एडीओ पंचायत का वित्तीय स्वीकृति होना आवश्यक होता है और कार्य योजना व लागत दर्शाकर साइनबोर्ड लगाना होता है। जबकि वित्तीय वर्ष 2023/24 व 2024/2025/ में किसी भी कार्य योजना व कार्य की लागत के सम्बंध में ग्राम पंचायत के किसी भी कार्य स्थल पर कोई भी साइन बोर्ड न लगाये जाने से पूर्ण-रूप से भ्रष्टाचार झलक रहा है। प्रकरण को संज्ञान मे लेते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे को जांच सौंपे जाने के बाद डीपीआरओ द्वारा जांच हेतु त्रिस्तरीय टीम का गठन किया गया परन्तु एक माह बाद भी बीडीओ झंझरी द्वारा कहा जा रहा है कि जेई एमआई अवकाश पर हैं उनके आने पर ही जांच की जाएगी जिससे विभागीय संलिप्तता की बू आ रही है।

इस सम्बन्ध में पुनः बीडीओ झंझरी से दूरभाष पर जानकारी हेतु काल किया गया परन्तु किन्हीं कारणवश वार्ता नहीं हो सकी। वहीं त्रिस्तरीय जांच टीम का हिस्सा रहे एडीओ आईएसबी वीरेंद्र सिंह से जानकारी करने पर बताया की मेरा स्थानांतरण हो गया है मैं जांच नहीं कर पाया।

लकड़ी तौल केंद्र बना बलरामपुर शुगर्स मिल का सरबदी में लगा गन्ना क्रय केन्द्र

- लकड़ी तौल की वज़ह से गन्ना किसानों को हो रही परेशानी
- मीडिया की रियल्टी चेकिंग में गन्ने के कांटे पर सूखी लकड़ी से लोड खड़ी मिली ट्राली

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।

गन्ना किसानों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा गन्ना खरीद के लिए नजदीक में गन्ना क्रय केंद्रों की स्थापना की गई है।विकास क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम सरबदी में बलरामपुर चीनी मिल्स द्वारा अपना गन्ना क्रय केंद्र स्थापित किया गया है। मंगलवार को इस क्रय केंद्र पर विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों की एक बैठक आयोजित की गई थी।बैठक में किसानों को गन्ने की अधिक उपज लेने के उच्च कोटि वाली गन्ने की वैरायटी का प्रचार प्रसार किया जा रहा था। मीडिया की रियल्टी चेकिंग में गन्ने के कांटे पर सूखी लकड़ी से लोड एक ट्राली खड़ी मिली। प्रत्यक्ष दर्शियों द्वारा बताया गया कि कांटे पर गन्ने के साथ साथ आसपास के लकड़ी ठेकेदारों की लकड़ी का भी तौल करके कांटा इंचार्ज अपनी ऊपर की कमाई भी करते है।जब तक लकड़ी की तौल होती है तब तक गन्ना किसान अपने गन्ने की तौल की प्रतीक्षा करते रहते है।

मकर संक्रान्ति देता है सामाजिक समरसता की प्रेरणा: गंगा सिंह

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच नगर के तत्वाधान में मकर संक्रांति उत्सव नगर के सी के लान में खिचड़ी भोज के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ प्रचारक प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता गंगा सिंह ने कहा कि भारत उत्सवों का देश है,इसीलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छः उत्सवों को मनाता है जिसमें मकर संक्रांति प्रमुख पर्व है। उन्होंने कहा कि भारत उत्सवों का देश है। भारत में मनाये जाने वाले उत्सव भारतीय काल गणना पर आधारित होते हैं जो बहुत ही प्रमाणिक है क्योंकि यह सूर्य और चंद्र की गति पर आधारित है। मकर संक्रांति पर्व से सूर्य का ताप बढ़ने लगता है और दिन बड़ा होने लगता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति उत्सव समाज का उत्सव है यह पर्व हमें सामाजिक समरसता की प्रेरणा देता है, समरस समाज से ही भेदभाव दूर होगा तथा समाज एवं राष्ट्र उन्नति करेगा। उन्होंने कहा कि देश में आध्यात्मिकता बढ़ रही है और सनातन मूल्य का व्यापक असर हो रहा है। अन्य देशों के लोग भी अब सनातन संस्कृति की ओर तीव्रता से बढ़ रहे हैं। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में विभिन्न देशों के लोग भारतीय दर्शन का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने की लालसा से आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महापुरुषों के चिंतन ÷जाति पांति पूछै नहीं कोई , हरि का भजय सो हरि का होई को पूर्णतया आत्मसात कर संगठित रूप से राष्ट्र सेवा का कार्य कर रहा है और देश को पूर्ण वैभव सम्पन्न बनाने हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहां कि भारत की संयुक्त व संस्कारवान कुटुम्ब व्यवस्था पर आने वाले पाश्चात्य प्रभाव से सावधान रहने की आवश्यकता है और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह शिवम ने किया। कार्यक्रम में नगर संघ चालक डॉक्टर गोविंद शेखर, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, सहित नगर के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

रेलवे गेट बना अवैध टैक्सी स्टैंड सवारियों की कट रही जेब

गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।

जनपद में नियमो की धज्जियां उड़ा कर भर रहे हैं सवारियां विना टैक्सी स्टैंड के बैठाई जा रही है डग्गामार वाहन पर सवारियां।गोन्डा जंक्शन रेलवे के गेट पर अनर्गल तरीके से डग्गामार वाहनों का लगता है जमवाड़ा रेलवे के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान।

चर्चा है कि रेलवे सुरक्षा की जिम्मेदारी आरपीएफ और जीआरपी के जिम्मे है लेकिन जब उन्हीं के नाक के नीचे टैक्सी स्टैंड का संचालन हो रहा है और ट्रेन से आने वाली बाहरी सवारियां जैसे ही स्टेशन के गेट नंबर 1 या 2 पर पहुंचते हैं वैसे ही डग्गामार वाहन चालकों द्वारा उनका दोहन शुरू हो जाता है। अब सवाल यह उठता है कि रेलवे के जमीन पर यह सब किसके सहयोग और छूट के बल पर चलता है। सूत्रों की मानें तो रेलवे स्टेशन गेट नम्बर 2 के बगल बांउड्री की पार्किंग में भी अवैध तरीके से लोग सवारियां भरते हुए देखे जा सकते हैं।

खिचड़ी पर कायस्थों ने आयोजित किया भंडारा

- रोडवेज से यात्रा करने वाले सैकड़ों श्रद्धालु व राहगीरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

चित्रांश कल्याण समिति उत्तर प्रदेश गोंडा द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गुरु नानक चौराहा निकट जल कल ऑफिस पर किया विशाल भंडारे का आयोजन जिसके संरक्षक विनोद कुमार श्रीवास्तव ज्योतिषाचार्य, प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव व अनिल श्रीवास्तव की अगुवाई में अध्यक्ष रेखा, महांत्री निरूपण, शशी,नीलम (गोपाल विला), प्रतिमा, पूनम,बीणा,स्मिता,अध्यक्ष दिलीप कुमार श्रीवास्तव व महामंत्री सुशील कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकारिणी केके श्रीवास्तव,आईबी मामा, सुदीप,राजकुमार , देवेंद्र , संजय, अजय, आलोक, अरविंद सिंन्हा, अरविंद,अवधेश , ज्ञानेंद्र द्विवेदी ,संतोष श्रीवास्तव ,अभय,पंकज,हर्षवध्रन,विवेक,विनोद, वविनय,प्रदीप,प्रवीण,आनंद संतोष कुमार श्रीवास्तव राधा कुंड , विजित,विकास मनोहर विकास मनोहर, समेत कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने बढ़ चलकर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त की स्तुति व आरती गाकर सभी लोगों ने भंडारे का प्रसाद वितरण किया जबकि रोडवेज से यात्रा करने वाले सैकड़ों श्रद्धालु व राहगीरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

खबरें एक नजर में

गन्ना क्रय केंद्र पर नहीं जल रहे अलाव, हो रही परेशानी

मुझेहना /गोंडा, समृद्धि न्यूज़। विकासखंड मुझेहना के गन्ना क्रय केंद्रों पर अलाव जलनें की कोई व्यवस्था मिल द्वारा नहीं की गई है जिससे इस ठंड में गन्ना किसानों एवं अन्य लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। गन्ना किसानों ने बताया की मिल द्वारा इस संबंध में मांग की गई थी परंतु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। कांटा बाबू बता रहे हैं कि इस संबंध में मिलकर कर्मचारियों को जानकारी दी गई है वह शीघ्र व्यवस्था करेंगे।

बहराइच डिपो के 12 संविदा चालकों से होगी रिकवरी

बहराइच। समृद्धि न्यूज़। बहराइच डिपो के 12 संविदा चालकों ने निर्धारित मात्रा से अधिक डीजल की खपत कर दी। जांच और कार्यशाला प्रभारी की रिपोर्ट के आधार पर सभी से अधिक डीजल खर्च की रिकवरी के निर्देश दिए गए हैं। इसकी नोटिस भी चस्पा कर दी गई है।बहराइच रोडवेज बस अड्डे से विभिन्न मार्गों पर संचालित बसों के लिए दूरी के हिसाब से डीजल निर्धारित किया गया है। इसके बाद भी चालकों द्वारा विभिन्न मार्गों पर वाहन संचालन के समय अधिक डीजल की खपत कर दी है। अब इन सभी चालकों से वसूली की जाएगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ज्ञानचंद ने बताया कि डिपो के 12 संविदा चालकों की ओर से अधिक डीजल की खपत की गई है। जिससे परिवहन विभाग को घाटा हुआ है। इसकी जांच कराई गई, जांच रिपोर्ट कार्यशाला प्रभारी द्वारा दी गई है। ऐसे में इन सभी संविदा चालकों से अधिक डीजल खपत की 13890 रुपये की वसूली की जाएगी। इसकी नोटिस परिवहन विभाग के कार्यालय परिसर में चस्पा कर दी गई है। इनमें किसी से 282 तो किसी से 1270 रूपये की वसूली के निर्देश दिए गए हैं। इनसे होगी वसूली: सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ज्ञानचंद ने बताया कि संविदा चालक राजेश पाल, अजय मिश्रा, बृजेश कुमार, करुणेश कुमार, आरिफ खान, कृष्ण कुमार, अजय द्वितीय, अकरम बेग, शेरू, नज्जन बेग, मोहम्मद आसिफ, बृजेश कुमार, पवन शुक्ला, रज्जन बैग और पप्पू शामिल हैं।

नगरीय क्षेत्रों की जनसमस्याओं का होगा मौके पर समाधान

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नागरिक संगम कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों और प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करना और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम 17 जनवरी से शुरू होकर फरवरी तक चरणबद्ध तरीके से जिले के सभी 10 नगर निकायों में आयोजित होगा। प्रत्येक वार्ड में संवाद सत्र आयोजित कर नगरवासियों की समस्याएं सुनी जाएंगी, और उनका मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य और प्राथमिकता जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिक संगम का उद्देश्य वार्डवार जनसंवाद के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को सुनना, उन्हें सूचीबद्ध करना और निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान करना है। इस कार्यक्रम में नागरिकों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, जिससे पात्र नागरिक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम प्रशासन और जनता के बीच पारदर्शिता, विश्वास और संवाद को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। जनसंवाद से प्राप्त सुझावों को प्राथमिकता देकर समाधान प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, जल निगम, विद्युत, महिला कल्याण, लोक निर्माण विभाग और अन्य संबद्ध विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे तत्परता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए नागरिक संगम को सफल बनाएं। जन शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करने के लिए सभी नगरीय निकायों में विशेष क्विक रेस्पॉन्स टीम का गठन भी किया गया है।

संदिग्धों से पूछताछ करने पर पुलिस पर किया पथराव

मुझेहना/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

थाना धानेपुर में विगत दिनों ग्राम बिलहरी में चोरी की घटना हुई थी।

बताते चलें कि बिलहरी निवासी पूर्व प्रधान संदीप मिश्रा के घर दोबारा चोरी हुई थी पुलिस जांच कर रही थी इसी दौरान कल रात पुलिस अगस्त में कुछ लोग संदिग्ध हालत में मिले जिसे पुलिस पूछताछ कर रही थी इसी दौरान उक्त लोगों ने पुलिस पर पथराव किया जिससे पुलिस थाने पर ला करके क्राइम हिस्ट्री खंगालने के बाद चार लोगो को शांत भंग के आरोप में चालान कर दिया है।

मकर संक्रांति पर हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम

ब्राह्मणों को पंचांग और दक्षिणा भेंट कर खिलाई गई खिचड़ी

मनकापुर/ गोंडा समृद्धि न्यूज़।

मकर संक्रांति के अवसर पर हर सनातनी को दान देकर पुण्य लाभ कमाना चाहिए गरीबों को दान देकर आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए उक्त बातें मकर संक्रांति के अवसर पर कंबल वितरण के दौरान मानस मंगल दल सेवा समिति के संस्थापक आर के नारद ने कही। बाबा सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर शास्त्री नगर मोहल्ले में मकर संक्रांति के अवसर ब्राह्मणों एवं गरीबों में माल्यार्पण कर सा सम्मान कंबल वितरण किया गया। अशरफपुर, लमती, उकरहवा, बुधियापुर, शास्त्री नगर, बस अड्डा तथा अन्य स्थलों के गोपी बढ़ई, कुलदीप, सत्यवती, चंदा, गेंदा, बड़का, चंपा, संगीता, राधा, आरती, शोभा आदि महिला पुरुष में कंबल वितरण किया गया।

ब्राह्मणों को पंचांग और दक्षिणा भेंट कर खिचड़ी भी खिलाई गई। मानस मंगल दल द्वारा ठंड से निजात दिलाने के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप और चौराहे पर पात्र लोगों में कंबल वितरण किया गया। इस दौरान पूजा मनमोहिनी, शिवा प्रियदर्शनी, किरन कसौधन, श्यामा देवी, काव्या, दिव्या दिव्यदर्शनी, साक्षी, सुलोचना आदि मौजूद रहे।

विशेश्वरगंज पुलिस बनी गरीबों का मसीहा, बांटे कंबल

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।

शीतलहरी मकरसंक्रांति के मद्देनजर थाना में ग्रामीण चौकीदारों व क्षेत्र के अन्य गरीब असहाय लोगों को थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह के द्वारा शिव प्रसाद,कृपाराम,हजारी लाल, माधव यादव,राम केवल,गुल्ली बाबा,गंगाराम सहित थाने के समस्त चौकीदारों सहित पचास लोगों को कम्बल का वितरण किया। इसी के साथ थाना प्रभारी ने बताया कि ठंड तथा शीतलहरी में ग्रामीण चौकीदार रात को ड्यूटी करते हैं। इसी को देखते हुए उन लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया जिससे ठंडा एवं शीतलहरी में थोड़ा राहत मिले।कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे,उन्होंने थाना प्रभारी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अपराध निरीक्षक अनिल उपाध्याय,वरिष्ठ उपनिरीक्षक शशि प्रताप सिंह ,उपनिरीक्षक राधेश्याम यादव, राकेश पांडेय,गुलाब सिंह ,विनीता रावत,लेखपाल पवन सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

एसएसबी ने नेपाली लड़की को तस्कर से कराया मुक्त

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की एक टीम ने 17 वर्षीया एक नेपाली लड़की को संदिग्ध मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किशोरी को कथित तौर पर तस्करी कर बेंगलुरु ले जाया जा रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि किशोरी को नेपाली के एक गैर सरकारी संगठन को सौंप दिया गया और आरोपी तस्कर को नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया।एसएसबी की 42वीं बटालियन के उपसेनानायक दिलीप कुमार ने बताया, ''प्रयागराज महाकुम्भ के मद्देनजर जारी 'ऑपरेशन अलर्ट' के तहत हमने भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी हैं। सुरक्षा जांच को तेज कर दिया है।'' कुमार ने बताया कि सोमवार शाम एसएसबी जवानों ने आरोपी और किशोरी को रुपईडीहा सीमा चौकी (बीओपी) पर उस समय रोका जब वे भारत-नेपाल मैत्री बस में सवार हो रहे थे। उन्होंने कहा, ''उनकी हरकतें संदिग्ध प्रतीत होने पर जब उनसे पूछताछ की गई तो वे सही से जवाब नहीं दे सके जिससे हमारा शक और गहरा हो गया।'' जांच में पता चला कि नेपाल के कालीकोट जिले की निवासी किशोरी को वहीं के निवासी पारस बिष्ट (21) ने शादी और बेंगलुरु में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। दोनों सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए थे।

बेंगलुरु में काम करने वाले पारस ने कथित तौर पर किशोरी को उसके परिवार को बताए बिना घर से भागने के लिए मनाया और उसे भारत ले आया। किशोरी को नेपाल पुलिस की मौजूदगी में नेपाल के गैर सरकारी संगठन को सौंप दिया गया।

योग्य हों उत्तीर्ण, तो जिला बने निपुण व प्रवीण

राहुल सोनी

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। जनपद में बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन सरकारी व निजी स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा पांच व आठवों के विद्यार्तियों को अब मन लगाकर पढ़ाई करनी होगी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के नए नियम के अंतर्गत वार्षिक परीक्षा में फेल होने पर अब उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश नहीं मिल पाएगा। केवल दो माह के भीतर पुनः परीक्षा कराकर उत्तीर्ण होने का एक अवसर मिलेगा। इसके लिए भारत सरकार ने 14 वर्ष पुराने निश्शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन की अधिसूचना जारी कर दी है।

इससे शिक्षकों के साथ ही बच्चों के अभिभावकों पर भी जिम्मेदारी बढ़ जाएगी। नए नियम को शिक्षकों ने शिक्षा की मजबूत नींव तैयार करने के लिए आवश्यक बताया है। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2010 के अंतर्गत कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों को अनुत्तीर्ण न करने की व्यवस्था लागू की गई। कक्षा पांच व आठवीं की बोर्ड परीक्षा को भी खत्म कर दिया गया।

इसके पीछे सरकार की मंशा बच्चों को परीक्षा के भय से मुक्त करते हुए निर्बाध बुनियादी शिक्षा उपलब्ध कराना था। मगर इसके विपरीत परिणाम सामने आए। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार इस नियम से बच्चों के शैक्षिक प्रदर्शन में गिरावट आई, जिसका असर कक्षा 10 व 12वीं की बोर्ड परीक्षा के खराब नतीजों के रूप में सामने आए।

अब नये नियमों के अनुसार परीक्षा में पास होने पर ही विद्यार्थियों को अगली कक्षा में मिलेगा प्रवेश

शिक्षाविद् ही नहीं, उत्तर प्रदेश समेत सभी राज्यों की सरकारों ने इस पर चिंता जताई। इसके बाद केंद्र सरकार ने 16 दिसंबर को निश्शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार संशोधन कर नए नियमों की अधिसूचना जारी की। हालांकि छात्रों को फेल न करने का अधिनियम लागू होते समय भी शिक्षाविदों ने इसका विरोध किया था। हाल के सर्वे में सामने आया कि कक्षा आठ का बच्चा कक्षा तीन की किताब तक नहीं पढ़ पाता। अब राज्य सरकारों को नया नियम लागू करना होगा।

पांचवीं और आठवीं कक्षा के लिए बदले नियम से शिक्षकों व अधिकारियों ने जताया संतोष, बोले-जरूरी है यह

नये नियम के तहत बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान नही देने वाले अभिभावकों की जिम्मेदारी बढ़ेगी। निर्णय से शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

आशीष कुमार सिंह, बीएसए बहराइच

प्रत्येक वर्ष अनिवार्य तौर पर पास होने के कारण पता ही नहीं चलता कि वास्तव में बच्चा पढ़ाई में कितना होशियार या कमजोर है। बुनियादी स्तर पांचवी व आठवीं कक्षा में शैक्षिक स्तर में सुधार कर सकते हैं। लेकिन बड़ी कक्षा में पहुंचने पर सुधार में मुश्किल होती है।

प्रीती श्रीवास्तव, सदस्य स्टेट रिसोर्स ग्रुप

बिना नालेज के बच्चे पास हो जा रहे है, यह सही नही है। अच्छी बात है कि कक्षा पाच व आठवीं में बच्चों को न केवल सही मूल्यांकन होगा, बल्कि फेल होने पर री-एग्जाम के रूप में अवसर भी मिलेगा।

आँचल श्रीवास्तव, राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

जीवन में वही बच्चे सफल होते हैं, जिनकी नीव मजबूत हो। बच्चों को अगली कक्षा में प्रवेश का कोई तो मानक होना ही चाहिए।

अर्चना पांडेय, शिक्षक पीएमश्री विद्यालय भौली

परीक्षा में छात्र की परफॉर्मेंस के आधार पर ही उनके ज्ञान के स्तर का मूल्यांकन होता है। उसी के हिसाब से आगे की तैयारी होती है। बच्चा फेल ही नहीं होगा तो कैसे पता चलेगा।

प्रीती मिश्रा, शिक्षक पीएमश्री विद्यालय बेलवपदुम पयागपुर

पढ़ाई की अधिक चिंता क्यों करें, हम तो फेल ही नहीं होंगे। यह बात बच्चों के दिमाग में बैठ गई। इसका बहुत नुकसान हो रहा है। नया नियम ठीक है।

राजेश मिश्रा, एआरपी शिक्षक

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व ग्राम प्रधान ने 75 मरीजों को लिया गोद

- ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर पर 5-5 मरीजों को गोद लेकर इस पहल को और किया मजबूत

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

मकर संक्रांति, जो नई ऊर्जा और सामूहिकता का पर्व है, इस बार बहराइच जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फखरपुर में एक नई शुरुआत लेकर आई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. नरेन्द्र की अध्यक्षता में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, बीडीओ अजय प्रताप सिंह और ग्राम प्रधानों ने मिलकर टी.बी. से उपचारित 75 मरीजों को गोद लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों को केवल चिकित्सा सहायता ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक संबल भी प्रदान करना था। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर पर 5-5 मरीजों को गोद लेकर इस पहल को और मजबूत किया। उन्हें निक्षय पोषण पोटली दी गई, जिसमें चना, गुड़, लाई, फल और दलिया जैसे पोषणयुक्त सामग्री शामिल थी। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर नेहा ने बताया कि ब्लॉक में 496 टीबी मरीज हैं, जिनमें से 348 मरीजों को 2024 में गोद लिया जा चुका था, और शेष 148 मरीजों को इस वर्ष गोद लिया जाएगा। 13 जनवरी और मकर संक्रांति के दिन 100 मरीजों को गोद लिया गया, और 48 मरीजों को 15 जनवरी को गोद लिया जाएगा। 100 दिवसीय सघन टी.बी. अभियान के तहत फखरपुर सीएचसी ने अब तक 4,500 से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग भी की है।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने कहा, मकर संक्रांति पर यह पहल खास महत्व रखती है, क्योंकि यह त्योहार एक नई शुरुआत का प्रतीक है। टी.बी. मरीजों को गोद लेकर हम उनके जीवन में नई उम्मीदों का संचार कर रहे हैं। समाज के हर वर्ग को इस अभियान में अपनी भूमिका निभानी चाहिए ताकि हम टी.बी. जैसी बीमारी को समाप्त कर सकें। मरीजों और उनके परिवारों ने इस पहल की सराहना की। एक मरीज के परिजन ने कहा, मकर संक्रांति पर हमें यह तोहफा मिला है, जिससे हमें यह महसूस हो रहा है कि हम अकेले नहीं हैं। यह सहयोग हमारे इलाज और मानसिक समर्थन में बहुत मदद करेगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ. नरेन्द्र ने इस अवसर पर कहा, टी.बी. को जड़ से खत्म करने के लिए सामुदायिक सहयोग बेहद जरूरी है। मकर संक्रांति के इस शुभ अवसर पर मरीजों को गोद लेकर हम सभी ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। इस कार्यक्रम के जरिए हम मरीजों को न केवल चिकित्सा सहायता, बल्कि मानसिक और सामाजिक समर्थन भी प्रदान कर रहे हैं। गोद लेने के बाद उनकी देखभाल, पोषण और मनोबल बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे ताकि उन्हें बेहतर उपचार और सहयोग मिल सके। इस मौके पर डॉ संतोष यादव, एसटीएस पियूष, एसटीएलएस हरिकेश, एलटी शमशाद, लाल कुंवर व विशाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कुंभ यात्रियों पर की गई पुष्प वर्षा, कराया गया भोजन

बछरावां रायबरेली , समृद्धि न्यूज़।

आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी प्रयागराज में आयोजित दिव्य एवं भव्य महाकुंभ में यात्रियों के ऊपर पुष्प वर्षा के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार के निर्देशन में कस्बे के मुख्य चौराहे पर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों की बस को रोककर उप जिला अधिकारी महाराजगंज सचिन यादव, तहसीलदार महाराजगंज मंजुला मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बछरावां रामआशीष वर्मा, थाना प्रभारी बछरावां ओमप्रकाश तिवारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष बछरावां शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के नेतृत्व में पुष्प वर्षा की

गई। साथ ही साथ बस में मौजूद सभी यात्रियों को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर खिचड़ी भोज में सम्मिलित कर खिचड़ी भी खिलाई गई। विदित हो कि क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नगर पंचायत कार्यालय के पास राजस्व एवं आपदा विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा भी खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया है। साथ ही साथ कस्बे के मुख्य चौराहे पर थाने के सामने भी महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों एवं अन्य लोगों के लिए मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। यात्रियों पर पुष्प वर्षा के इस मौके पर नगर पंचायत के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, स्थानीय थाने का समस्त स्टाफ एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

मकर संक्रांति पर व्यापारियों ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल इकाई डलमान के पदाधिकारी ने विशाल खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने खिचड़ी का आनंद लिया मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर व्यापारियों ने स्टाल लगाकर खिचड़ी भोज का आयोजन किया सुबह 10:00 बजे से शुरू हुए खिचड़ी भोज देर शाम तक चलता रहा खिचड़ी भोज में हजारों की संख्या में गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने खिचड़ी भोज का प्रसाद ग्रहण किया व्यापार मंडल

डलमऊ के अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने बताया कि वह प्रतिवर्ष मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज का आयोजन करते हैं यह कार्यक्रम नगरवासियों एवं व्यापारियों के सहयोग से आयोजित करते आ रहे हैं। इस मौके पर पुरुषोत्तम शुक्ला, आशीष जायसवाल, पटवारी शंकर दिनेश गुप्ता, मनोज सोनकर, प्रशांत शर्मा, आशीष सोन, शक्तिमान वैश्य, गौरव गुप्ता, सीताराम कौशल, पप्पू सोनकर, हिम्मत सिंह, शाहिद आदि व्यापारी मौजूद रहे।

गंगा गोमती की बोगी के नहीं खुले दरवाजे... भीड़ ने किया हंगामा

ट्रेन के यात्रियों में हुआ बवाल, आपस में हुई मारपीट

बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

महाकुंभ प्रयागराज संगम जाने वाले यात्रियों की अचानक भारी संख्या बढ़ जाने से यात्रियों में बवाल मचा हुआ है, ट्रेनों में हजारों की संख्या में यात्री जाने के लिए उत्सुक है परंतु यात्रियों के बीच मारपीट की एक घटना जानकारी में आई है, जब 13 जनवरी सोमवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे के आसपास लखनऊ से चलकर प्रयागराज जाने वाली गंगा गोमती एक्सप्रेस जो बछरावां स्टेशन पर पहुंची। जहां पहले से ही यात्रियों की संख्या ट्रेन में भरी हुई थी, जिसमें यात्री दरवाजा खोलने से कतरा रहे थे। बछरावां स्टेशन पर भी हजारों की संख्या में यात्री प्रयागराज जाने के लिए टिकट लेकर खड़े हुए थे। ट्रेन रुकते ही अंदर जाने वाले यात्री तथा ट्रेन के अंदर पहले से मौजूद यात्रियों में बवाल हो गया और एक दूसरे में मारपीट भी हो गई। ट्रेन कुछ ही देर में अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई तथा हजारों की संख्या में यात्री स्टेशन पर ही रह गए जो ट्रेन पर नहीं चढ़ पाए। बवाल की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों को किसी तरह समझा कर उनके टिकट के आधे पैसे भी वापस कराए गए। इस बाबत जीआरपी इंचार्ज दिनेश शर्मा ने बताया कि मामले को शांत कर दिया गया है तथा जो यात्री नहीं जा पाए हैं उनके टिकट के आधे पैसे भी वापस कराए गए हैं।

बछरावां स्टेशन की घटना से रेल प्रशासन चौकन्ना: बछरावां रेलवे स्टेशन पर लगातार ट्रेन की बोगी का गेट न खुलने से हंगामा हो रहा है। इस पर रेल प्रशासन अलर्ट हो गया है। मामले में रेल प्रशासन ने स्पेशन ट्रेन की व्यवस्था को लेकर लखनऊ से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। हालांकि रेल प्रशासन ने पहले से ही उतरेटिया पर रिजर्व में ट्रेन लगा रखी हैं। रविवार को जो जिस तरह घटना हुई, उससे रेल प्रशासन की चूक सामने आई, लेकिन सोमवार रात को रेल प्रशासन ने हंगामा को नियंत्रित कर यात्रियों को प्रयागराज भेज गया।

खबरें एक नजर में

ट्रक की टक्कर से वृद्धा घायल, हालत गंभीर

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौरावा मार्ग पर खेतों में काम करने जा रही एक वृद्ध महिला ट्रक की टक्कर से दुर्घटना का शिकार हो गई, जिसे घायल अवस्था में एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल वृद्ध महिला चंद्रावती पत्नी सुंदरलाल उम्र लगभग 60 वर्ष निवासिनी इचौली थाना बछरावां उसे समय ट्रक की टक्कर से दुर्घटना का शिकार हो गई, जब वह खेतों में काम पर जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। घटना के पश्चात मौके पर पहुंचे पारिवारिक जनो की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल अवस्था में वृद्ध महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं ग्रामीणों द्वारा मौके पर ट्रक चालक को मय वाहन समेत रोक लिया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई तहरीर प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

मंडल अध्यक्ष एवं जिलाप्रतिनिधि का भाजपायों ने किया स्वागत

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि का मनोनयन होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा डलमऊ ब्लॉक सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में नव नियुक्त पदाधिकारी का स्वागत सम्मान किया गया हाल ही में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में मंडल अध्यक्षों एवं जिला प्रतिनिधियों का मनोनयन किया गया जिसमें रायबरेली जनपद में डलमऊ से प्रदीप कुमार लोधी को डलमऊ का मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया वहीं मनोज सोनकर को भाजपा रायबरेली का जिला प्रतिनिधि मनोनीत किए जाने के बाद डलमऊ ब्लॉक सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ बृजेश दत्त गौड़ को दोनों नव नियुक्त पदाधिकारियो का माला पहनकर स्वागत किया तथा दोनों पदाधिकारी को आशीर्वाद देकर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी शीर्ष नेतृत्व द्वारा मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि चुने जाने के बाद दोनों पदाधिकारी ने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद दिया और कहा कि पार्टी द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाएंगे और पार्टी के निर्देशों पर कार्य करते हुए पार्टी एवं जनता के हित में सदैव तात्पर्य रहेंगे।

सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट नहीं तो तेल नहीं नीति लागू

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़। उत्तर प्रदेश सरकार ने सड़क सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। नई नीति के तहत, अब राज्य में बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। इस नियम का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी पेट्रोल पंप संचालकों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के अनुसार, यह नीति राज्य में दोपहिया वाहनों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और मौतों की संख्या को कम करने के उद्देश्य से लागू की गई है। विभाग के एक अधिकारी ने कहा, हेलमेट पहनने से न केवल सिर पर लगने वाली चोटों से बचा जा सकता है, बल्कि इससे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। यह नियम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों और पेट्रोल पंप संचालकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि बिना हेलमेट पहने किसी भी दोपहिया चालक को पेट्रोल न दिया जाए। जो पंप संचालक इस नियम का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उतरौला और आसपास के क्षेत्रों में इस नियम को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। नगर निवासी अध्यापक जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा, यह कदम जरूरी है। हेलमेट न पहनने से कितने लोगों की जान जाती है। अगर यह नियम लागू होता है, तो लोग जिम्मेदारी से वाहन चलाना सीखेंगे। वहीं, छात्र अमित वर्मा का कहना है, पेट्रोल न देने का नियम समस्याएं पैदा कर सकता है। खासकर ग्रामीण इलाकों में, जहां हेलमेट पहनने की आदत कम है। इसे लागू करने के लिए जागरूकता अभियान भी जरूरी है। परिवहन विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश में हर साल हजारों लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में दोपहिया चालकों की मौत हेलमेट न पहनने के कारण होती है। इस नीति के जरिए सरकार इस संख्या को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। नियम लागू करने के साथ ही, परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने जागरूकता अभियान शुरू करने की भी योजना बनाई है। इस अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर हेलमेट की उपयोगिता और सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। हेलमेट नहीं तो तेल नहीं का नियम उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर एक सकारात्मक पहल है। हालांकि, इसे प्रभावी बनाने के लिए जागरूकता और सार्वजनिक समर्थन भी जरूरी है। उम्मीद है कि इस नीति से राज्य में दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों में कमी आएगी।

धूमधाम से मनाया गया हजरत अली का जन्मदिन

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़। अमीरुल मोमीनीन हजरत अली का जन्मदिन इस वर्ष भी जिले भर में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। हजरत अली के जन्मदिन के मौके पर समूचे नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सव का माहौल था। घरों, मस्जिदों और इमामबाड़ों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया और लोग एक दूसरे को मौला अली के यौमे विलादत की मुबारकबाद देते दिखे। हजरत अली के जन्मदिन को लेकर सोमवार की शाम को ही लोग तैयारियों में जुट गए थे। घरों और इमामबाड़ों की साफ-सफाई के साथ-साथ रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से सजावट की गई। इस दौरान घर-घर मिठाईयां बांटी गई और हजरत अली के जन्मदिन की बधाई दी गई। लोग एक-दूसरे के घर गए और एकजुट होकर इस दिन को खुशी के साथ मनाया। घरों में विशेष पकवान तैयार किए गए और देर रात तक महफिलों का सिलसिला चलता रहा। राजा बाजार में सुल्तान खान, फरहत रज़ा, सफ्फू, आसिफ, राजा, आरिफ, नोमान, आकिब, मोनू, आजम, अख्तर सहित अन्य लोगों ने नज्र ए मौला अली का आयोजन किया। नज्र से पहले ज़िक्र ए अली में मौला अली की अज़मत पर चर्चा की गई, जिसके बाद या अली के नारे गूंजे। इसके बाद सभी मौलवीयों और भक्तों को लंगरे अली बांटा गया। इस विशेष दिन पर उतरौला नगर स्थित इमाम बारगाहों में महफिलों का आयोजन किया गया। इन महफिलों में मौलाना ने हजरत अली के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। मौलाना ने बताया कि हजरत अली का जन्म मक्का के खान ए काबा में हुआ था और वह शिया मुस्लिम समुदाय के पहले इमाम थे। उनके जीवन में लोगों के लिए बहुत सारे प्रेरणादायक संदेश छिपे थे। मौलाना ने हजरत अली के पांच प्रमुख संदेश साझा किए सोच-समझकर बोलें- हजरत अली का कहना था कि बोलने से पहले शब्द आपके गुलाम होते हैं, लेकिन बोलने के बाद आप शब्दों के गुलाम बन जाते हैं। साफ सोच रखें- उन्होंने कहा कि अपनी सोच को पानी की बूंदों से भी ज्यादा साफ रखना चाहिए, क्योंकि जैसे बूंदों से दरिया बनता है, वैसे ही सोच से ईमान बनता है। चुगली से दूर रहें- हजरत अली का मानना था कि चुगली करना उसका काम होता है, जो अपनी आत्म-सुधार में असमर्थ होता है। समझौता और झुकाव- उन्होंने कहा कि हमें हमेशा समझौता करना सीखना चाहिए, क्योंकि कभी-कभी थोड़ा सा झुक जाना रिश्ते को टूटने से बचा सकता है। दुश्मनों से प्रेम करें- हजरत अली का यह भी मानना था कि जो आज आपका दुश्मन है, वह एक दिन आपका दोस्त बन सकता है।

मामूली कहासुनी में पीट-पीट कर हत्या

मृतक के पुत्र की तहरीर पर चार के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

मामूली कहासुनी में पीट-पीटकर व्यक्ति की कर दी गई हत्या मृतक के पुत्र की तहरीर पर चार के खिलाफ दर्ज हुआ सुसंगत धाराओं में मुकदमा ।मामला महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के नाथगंज मंज़रे हलोर का है जहां पासी बिरादरी की बस्ती में अचानक लोध बिरादरी के युवक के द्वारा गाली देने के मामले में हुई मारपीट में जहां पासी बिरादरी के व्यक्ति की मौत हो गई तो वही गांव में मातम पसरा हुआ है। रामधनी पासी पुत्र सत्यनारायण निवासी ग्राम नाथगंज हलोर थाना महराजगंज के दरवाजे पर आकर लोध बिरादरी के एक युवक द्वारा गाली दी गई जिससे रामधनी घर से बाहर निकल आया तो लोध बिरादरी लोगों ने उसे लात घुसें से पीटना शुरू कर दिया पीटाई के दौरान रामधनी की चीख-पुकार सुनकर परिजन पहुंचे लेकिन तब तक वह बेहोश हो चुका था। 112 के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज नेलाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मृतक के पुत्र रंजीत की तहरीर पर गांव के ही राम अचल पुत्र कंधई लोध उनकी पत्नी तथा इन दोनों के पुत्र रोहित अखिलेश के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

खून से लथपथ मिला युवक का शव, हड़कंप

बछरावा रायबरेली। हाईवे के किनारे खून से लथपथ शव मिलने से ग्रामीणों तथा क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना मंगलवार सुबह लगभग 6:00 बजे के आसपास की है। जब लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम खैरहनी के निकट एक युवक घायल अवस्था में खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा हुआ था, जिसे ग्रामीणों के द्वारा देखा गया और तत्काल सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस रायबरेली में रखवा दिया गया है और युवक की शिनाख्त की जा रही है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला किसी अज्ञात वाहन की टक्कर का प्रतीत होता है, फिलहाल युवक के शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है और शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला घायल

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर खैरहनी गांव के पास घर जाने के लिए सड़क पार कर रही एक वृद्ध महिला चंद्रानी पत्नी रामप्रसाद उम्र 65 वर्ष निवासी खैरहनी बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक सवार में तत्काल इंसानियत दिखाते हुए अपनी बाइक को हाईवे के किनारे खड़ी करने के पश्चात घायल महिला को उसके परिजनों के साथ मिलकर एक निजी वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां घायल वृद्ध महिला का उपचार किया गया। वहीं उसकी हालत को ठीक देखते हुए मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने उसे घर भेज दिया है।

गन्ना विकास विभाग द्वारा किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन

सादुल्लानगर/बलरामपुर। क्षेत्र में रामपुर अरना में कृषि विभाग द्वारा एक विशेष किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसलों की बेहतर पैदावार के लिए उपयोगी जानकारी और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। गोष्ठी में मुख्य अतिथि एजीएम केन एस बी सिंह के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और नवीनतम उपकरणों का उपयोग करके हम कृषि को अधिक लाभदायक बना सकते हैं। सरकार किसानों के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ उठाकर आप अपनी आय बढ़ा सकते हैं।÷ इस मौके पर किसानों को मिट्टी परीक्षण,गन्ना बुवाई, कीटनाशक

प्रबंधन, और प्रजाति, दूरी, पेड़ी प्रबंधन के कुशल उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, फसल बीमा और सब्सिडी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। गोष्ठी में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया और अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमें न केवल नई जानकारी देते हैं, बल्कि हमारे खेती के तरीके को भी उन्नत बनाते हैं। साथ में उप गन्ना प्रबंधक राजेश सिंह व क्षेत्र सहायक विपिन सिंह हर्षित सिंह एवं राजकुमार तिवारी उपस्थित रहे।

बघौला विकास मंच द्वारा कंबल भेंट कर किया सम्मानित

सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

भीषण सर्दी में दिव्यांग गरीब असहायों को राहत प्रदान करने के लिए कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें कंबल भेंट कर सम्मानित किया गया।सलोंन विकासखंड के बघौला ग्राम पंचायत भवन में बघौला विकास मंच के तत्वाधान में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया।जिसके मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी शशि कुमार तिवारी व हरिशंकर मौर्य रहे।वहीं ग्राम विकास अधिकारी मनीष श्रीवास्तव की उपस्थिति में दिव्यांग निराश्रित असहाय वृद्ध गरीबों व जरूरतमंदों को ठंड से

राहत पाने के लिए कंबल भेंट किया गया।यह संगठन पिछले कई वर्षों से लगातार मदद के कार्यक्रम का आयोजन करता रहा हैं।कंबल पाने वाले लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।बघौला विकास मंच के संस्थापक अरविंद मौर्य ने कहा सेवा का भाव इंसानियत का सबसे बड़ा धर्म है।लगभग 8 वर्षों से लगातार इस कार्यक्रम को किया जा रहा है। आज 551 कंबलों का वितरण किया गया है। जिससे ठंड के मौसम में वह लोग खुद का बचाव कर सके। इस मौके पर तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

बिजली बिलों की गड़बड़ी और बकाया समाधान के लिए बिजली विभाग द्वारा मेगा कैंप आयोजित

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़। मंगलवार को उतरौला पावर हाउस और चिरकुटिया बाजार में बिजली विभाग ने एक मुश्त समाधान योजना के तहत मेगा कैंप का आयोजन किया। इस कैंप का उद्देश्य बिजली बिलों में होने वाली गड़बड़ी और बकाया बिलों के समाधान के साथ-साथ उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना का लाभ देना था। इस अवसर पर एसडीओ अरविंद कुमार गौतम और रमेश मौर्य ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष कैंप का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करना है, जिसमें बिलों में सुधार, ओटीएस के तहत पंजिकरण और किस्तों का निर्धारण प्रमुख थे। उन्होंने यह भी बताया कि जिन उपभोक्ताओं के पास अधिक बकाया राशि है, उन्हें किश्तों में भुगतान करने की सुविधा दी जा रही है। एसडीओ अरविंद कुमार गौतम ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे निर्धारित तिथि तक योजना का लाभ लें और अपने बकाया बिलों का समाधान कराएं। उन्होंने यह भी बताया कि योजना को दो चरणों में लागू किया गया है। पहले चरण का समापन 31 दिसंबर को हुआ था, जबकि दूसरे चरण की शुरुआत 1 जनवरी से 15 जनवरी तक की गई है। जो उपभोक्ता पहले चरण का लाभ नहीं उठा पाए, उनके लिए यह दूसरा चरण एक अच्छा अवसर है। मेगा कैंप में एसडीओ के साथ जेई पवन कुमार, रविंद्र कुमार, विजय रंजन यादव, एसएसओ शारिफ रिजवी, लाइन मैन हसन मोहम्मद, बरकतुल्ला, अमित कुमार, मीसम अब्बास और अफजल सहित बिजली विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर उपभोक्ताओं को बिल सुधारने, पंजिकरण और अन्य समस्याओं के समाधान में मदद की। इस कैंप में आए कई उपभोक्ताओं ने बताया कि यह योजना उनके लिए बहुत लाभकारी साबित हो रही है, क्योंकि इससे उन्हें बकाया बिलों को चुकाने में आसानी हो रही है।

मकर संक्रांति पर उत्सव का माहौल, घर-घर खिचड़ी भोज और दान-पुण्य हुआ

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर उतरौला बाजार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सव का माहौल छाया रहा। सुबह से ही लोगों ने पवित्र स्नान, ध्यान और ब्राह्मणों को दान-पुण्य करके इस पर्व को मनाया। हर घर में खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ, जहां परिवार और समाज के लोग एकत्र होकर इस पारंपरिक पर्व का आनंद लेते नजर आए।

दुख हरण नाथ मंदिर के महंत मयंक गिरी ने इस अवसर पर खिचड़ी पर्व और मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, मकर संक्रांति प्रकृति, कृषि और अध्यात्म का संगम है। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, जिसे शुभ माना जाता है। खिचड़ी भोज का आयोजन और दान-पुण्य से जीवन में संतुलन, शुद्धि और परोपकार की भावना जागृत होती है। महंत मयंक गिरी ने आगे बताया कि खिचड़ी पर्व न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक भी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इस दिन जरूरतमंदों

की मदद करें और समाज में प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाएं। उतरौला और इसके आसपास के गांवों में मकर संक्रांति के मौके पर लोगों ने परंपरागत उत्साह के साथ पर्व मनाया। महिलाएं और बच्चे सुबह से ही स्नान और पूजा के बाद खिचड़ी पकाने में व्यस्त दिखे। ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन भी किया गया, जहां सभी ने मिलकर त्योहार का आनंद लिया। मकर संक्रांति के दिन दान का विशेष महत्व है। इस अवसर पर लोगों ने अन्न, तिल, गुड़ और वस्त्रों का दान किया। कई मंदिरों और सामाजिक संगठनों ने सामूहिक भंडारे का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

गुरुकुल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन की ओर से कंबल वितरण का आयोजन

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। गुरुकुल पब्लिक स्कूल द्वारा स्मृति शेष रामदत्त मिश्रा की पुण्यतिथि में विगत वर्षो विद्यालय प्रबंधक आरडी मिश्रा उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा द्वारा ग्राम पंचायत कुशमहुरा में 50 परिवारों को ठंड से निजात मिले जिस के लिए कम्बल वितरण किया गया जिसमें विद्यालय के अध्यापक अमित पांडे, ग्राम पंचायत कुशमहुरा से अनुराग मिश्रा (पत्रकार) राहुल कुमार एडवोकेट, अर्पित श्रीवास्तव(रंचू), ग्राम प्रधान रमेश कुमार मौर्य, शैलेश मिश्रा, पूर्व प्रधान शिवकुमार मौर्य, अनुपम मौर्य, रघुनाथ, प्रेम शंकर गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, उत्तम गुप्ता, रामराज मौर्य, उमानाथ यादव, मुलायम सिंह यादव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सादुल्लानगर बाजार में बिजली विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़। अचलपुर चौधरी विद्युत उपकेंद्र के द्वारा सदुल्लानगर में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्रदान करना है। यह शिविर थाना के सामने सुबह शुरू हुआ और दिनभर जारी रहेगा। अधिशासी अभियंता रमाशंकर मौर्य औचक निरीक्षण किया। उनके साथ उपखंड अधिकारी राजकुमार यादव और जेई अचलपुर चौधरी बृजनंदन यादव भी मौजूद रहे। शिविर में ओटीएस 52 लोगो के ओटीएस के तहत बिल जमा किया गया ।और

लगभग 3.50लाख रुपये जमा हुए। इस अवसर पर अरुण कुमार, संदीप यादव, संदीप सिंह, उमंग श्रीवास्तव, हफीजुल्लाह, सुरेंद्र वर्मा, रामप्रताप(भकल्ली), संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

महाकुंभ: सादुल्लानगर के सैकड़ों लोगों ने संगम में लगाई डुबकी

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

महाकुंभ में 144 वर्ष आस्था और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला।जब सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में डुबकी लगाकर अपने पापों के मुक्ति की कामना की। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।और हर हर गंगे के जयकारों से पूरा माहौल गूंज उठा।

सूरज की पहली किरण के साथ ही श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर स्नान करने पहुंचे। मान्यता है कि महाकुंभ में गंगा में स्नान से जीवन के सभी पाप धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। रेनू देवी, सीतादेवी अनिल

जायसवाल, राजू सोनी, चिन्नूलाल, माया देवी, जवाहर लाल मोदनवाल, सुभाष कुमार अशोक कुमार, राजेश, इन्द्रबली गुप्ता, कन्हैया लाल व शिव दत्त चौरसिया लोगों ने बताया कि गंगा मे सैकड़ों वर्ष पूर्व यह अनोखा साही स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुई है और यहां आकर पवित्र गंगा में स्नान करना एक अनोखा अनुभव है। मन को शांति मिलती है और ऐसा लगता है जैसे आत्मा शुद्ध हो गई हो। ऐसी चाक-चौबन्द की व्यवस्था पहली बार योगी मोदी सरकार मे अनोखी पहल है। इस महायज्ञ में देशभर से श्रद्धालु और साधु-संत हिस्सा लेने पहुंचे हैं। अलग-अलग अखाड़ों के संत भी अपनी धार्मिक गतिविधियों के साथ इस आयोजन को खास बना रहे हैं। मेले में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं।

कल लौटेगा जंत्था: जत्था के सहसंयोजक संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि कल सुबह प्रयागराज से घर के लिए रवाना होंगे।

नशामुक्त भारत अभियान में तेजी की जरूरत

देश के युवाओं को नशे की लत में धकेलना के लिए बड़ी साजिश रची जा रही है। देश के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बिक्री और बरामदगी सरकार और समाज के लिए चिंता का विषय है। 2024 में देश के कई हिस्सों में कस्टम, पुलिस, नार्कोटिक्स और एसटीफ द्वारा करोड़ों रुपए के मादक पदार्थों की बरामदगी की गई है, जो देश के लिए एक बड़ी चुनौती बना रहा है। इसको लेकर सरकार को सख्त कदम उठाने के साथ ही लोगों में जागरूकता अभियान भी चलाने की आवश्यकता है। हालांकि सरकार देश के कई राज्यों में बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी पर गंभीर हुई है और पिछले दिनों नई दिल्ली में मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा विषयक सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश मादक पदार्थों की तस्करी देश के अंदर या बाहर कतई नहीं होने देगा। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार ने न केवल मादक पदार्थों के कई नेटवर्क को जड़ से खत्म करने में सफलता पाई है, बल्कि उनसे जुड़े तमाम नेटवर्क को भी ध्वस्त किया है। जम्मू कश्मीर, पंजाब, गुजरात, गोवा,और उत्तर प्रदेश में नार्को आतंकवाद के कई मामलों का भंडाफोड़ भी किया गया है, जो एक बड़ी उपलब्धियां है। बेशक केंद्र और राज्य सरकारों की कानून, प्रवर्तन दल, एजेंसियां चौकसी से नशे के कालेधंधे पर जोरदार प्रहार कर रही हैं, लेकिन यह भी सच है कि इसकी खेप ड्रोन और जरिए ऑनलाइन सीमा पर से भारतीय सीमा में पहुंच रही है, फिर भी काफी हद तक लगाम लगाया गया है, जो सीमा पर तैनात भारतीय सुरक्षा बल की सफलता है। फिलहाल नशीले पदार्थों की तस्करी संबंधी क्रियाकलाप देश की सुरक्षा और विकास दोनों के लिए खासा खतरा है। राज्य सरकारें केंद्र सरकार और संबंधित विशेषज्ञों को अपने संयुक्त प्रयासों से इन चुनौतियों से पार पाना होगा। इसके लिए तकनीकी सुरक्षा तंत्र को और मजबूत किया जाना जरूरी है। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार के स्तर पर इच्छाशक्ति होना बेहद जरूरी है। अच्छी बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई को नई ताकत मिली है। इसी का नतीजा है कि बीते कुछ वर्षों में मादक पदार्थों की बरामदगी में 7 गुना वृद्धि हुई है और बीते 2024 में साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए कीमत के मादक पदार्थों का आग के हवाले कर दिया जाना सबूत है। मोदी सरकार ने बारंबार संकल्प दोहराया है कि मादक पदार्थ के समूचे तंत्र को उखाड़ फेंकेंगे। इसके लिए आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मादक पदार्थों की तस्करी पर बड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रयासों के नतीजा अनुकूल होने के लिए जरूरी है कि नशामुक्त भारत अभियान में तेजी लाई जाए, क्योंकि नशे के व्यसन से मुक्त समाज ही सबसे बड़ा सुरक्षा उपाय है।

इंडिया ब्लॉक के जीर्णोद्धार की आवश्यकता

डॉ. ज्ञान पाठक

दिल्ली चुनाव ने साफ तौर पर दिखा दिया है कि विपक्षी इंडिया ब्लॉक अब जीर्ण-शीर्ण घर बन चुका है, जिसमें दीवारें और खंभे टूटकर गिर रहे हैं। यह कहना कि इसके दो सहयोगी दल-कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) अलग हो गये हैं, कमतर आंकना होगा, क्योंकि कांग्रेस न केवल आप को सत्ता से हटाने की पुरजोर कोशिश कर रही है, बल्कि दिल्ली कांग्रेस के नेता अजय माकन ने आप और उसके सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर इतने तीखे हमले किये कि आप नेताओं ने धमकी दी कि अगर कांग्रेस अपने दिल्ली नेता के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है, तो वे कांग्रेस को इंडिया ब्लॉक से हटाने के लिए दबाव बनायेंगे। इसके बाद, इंडिया ब्लॉक के कई सहयोगियों ने दिल्ली चुनाव में आप का समर्थन किया और कांग्रेस विपक्षी खेमे में अलग-थलग पड़ गयी।

अजय माकन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष हैं और दिल्ली और राष्ट्रीय स्तर पर एक कद्दावर नेता भी हैं। 25 दिसंबर को दिल्ली में प्रदूषण, नागरिक सुविधाओं और कानून व्यवस्था के कुप्रबंधन के लिए आप और भाजपा को निशाना बनाते हुए 12-सूत्रीय श्वेत पत्र जारी करने के बाद उन्होंने आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को देशद्रोही और फर्जीवाल कहा। इंडिया ब्लॉक में किसी भी समझदार नेता ने, यहां तक कि राहुल गांधी सहित कांग्रेस के नेताओं ने भी आप और केजरीवाल पर इस तरह के हमले का समर्थन नहीं किया। आप ने पहली बार दिसंबर 2013 में कांग्रेस की शीला दीक्षित के उत्तराधिकारी के रूप में दिल्ली की बागडोर संभाली थी, जो 1998 से राज्य पर शासन कर रही थीं। केजरीवाल कांग्रेस के समर्थन से मुख्यमंत्री बने, क्योंकि उस समय आप केवल 28 सीटें जीत सकी थी अपनी खोई हुई जमीन को फिर से हासिल करने के लिए कांग्रेस लालच में है और गठबंधन धर्म के खिलाफ और जमीनी हकीकत के खिलाफआप पर चौतरफा हमला करने की योजना बना रही है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि आप इस समय कई राजनीतिक परेशानियों से गुजर रही है, जिसमें एक दशक से अधिक समय से सत्ता विरोधी लहर और आप की संगठनात्मक ताकत का कमजोर होना शामिल है, लेकिन कांग्रेस का यह अनुमान लगाना गलत है कि वह इंडिया ब्लॉक में अपने ही सहयोगी पर हमला कर के असाधारण लाभ उठा सकती है। कांग्रेस के लिए बेहतर होता कि वह चुनाव, सीटों और सत्ता से परे इंडिया ब्लॉक के महत्व को समझती। देश बड़े पैमाने पर समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और संघीय राजनीति से अत्यधिक केंद्रीकृत अति-दक्षिणपंथी हिंदुत्व की राजनीति की ओर राजनीतिक बदलाव के नाजुक दौर से गुजर रहा है। इस लिहाज से इंडिया ब्लॉक को न केवल बचाने की जरूरत है, बल्कि सही दिशा में फिर से सक्रिय करने के लिए भी नया रूप देने की जरूरत है। कांग्रेस के लिए चुनाव और सीटें इस समय देश के समग्र राजनीतिक माहौल को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की तर्ज पर आगे बढ़ाने से कम प्रासंगिक हैं, क्योंकि 2025 में दो राज्यों-दिल्ली और बिहार- में इसके ज्यादा दांव नहीं लगे हैं। दोनों राज्यों में, इंडिया ब्लॉक के क्षेत्रीय सहयोगी आप और आरजेडी मजबूत हैं।

अजय माकन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष हैं और दिल्ली और राष्ट्रीय स्तर पर एक कद्दावर नेता भी हैं। 25 दिसंबर को दिल्ली में प्रदूषण, नागरिक सुविधाओं और कानून व्यवस्था के कुप्रबंधन के लिए आप और भाजपा को निशाना बनाते हुए 12-सूत्रीय श्वेत पत्र जारी करने के बाद उन्होंने आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को देशद्रोही और फर्जीवाल कहा। इंडिया ब्लॉक में किसी भी समझदार नेता ने, यहां तक कि राहुल गांधी सहित कांग्रेस के नेताओं ने भी आप और केजरीवाल पर इस तरह के हमले का समर्थन नहीं किया। आप ने पहली बार दिसंबर 2013 में कांग्रेस की शीला दीक्षित के उत्तराधिकारी के रूप में दिल्ली की बागडोर संभाली थी, जो 1998 से राज्य पर शासन कर रही थीं। केजरीवाल कांग्रेस के समर्थन से मुख्यमंत्री बने, क्योंकि उस समय आप केवल 28 सीटें जीत सकी थी अपनी खोई हुई जमीन को फिर से हासिल करने के लिए कांग्रेस लालच में है।

कांग्रेस 2026 में असम में भाजपा के साथ अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, जबकि केरल में वह वामपंथी दलों के साथ चुनाव लड़ेगी। पुडुचेरी और तमिलनाडु में कांग्रेस मजबूत क्षेत्रीय पार्टी की कनिष्ठ सहयोगी है, जबकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी प्रमुख है और विधानसभा में एक भी सीट नहीं होने के कारण कांग्रेस हाशिए पर है। इन राज्यों में चुनाव परिदृश्य को राष्ट्र के व्यापक हित के लिए कांग्रेस को सही राजनीतिक रास्ते से भटकने नहीं देना चाहिए। पार्टी को देश में अगले दो वर्षों में राज्य चुनाव से परे देखना चाहिए। पार्टी को अब इंडिया ब्लॉक और गठबंधन धर्म की अनदेखी नहीं करनी चाहिए, अन्यथा उसे 2027 में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के समर्थन की आवश्यकता होगी, जब उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर, गुजरात और गोवा जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव होंगे।

अब तक सभी जानते हैं कि इंडिया ब्लॉक लगभग निष्क्रिय हो गया है, खासकर महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव के बाद, मुख्य रूप से कांग्रेस नेतृत्व की इंडिया ब्लॉक को सक्रिय बनाने में रुचि न होने के कारण। दिल्ली में कांग्रेस अपने इंडिया ब्लॉक पार्टनर आप के साथ जो कर रही है, वह अन्य सहयोगियों के लिए भी काफी निराशाजनक है। हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने और उनकी पार्टी ने कभी भी अपने सहयोगियों की संयुक्त बैठक बुलाने की परवाह नहीं की। यही कारण है कि राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने यह बयान दिया कि इंडिया ब्लॉक को नेतृत्व परिवर्तन की आवश्यकता है और टीएमसी नेता ममता बनर्जी को इसका नेता बनाया जाना चाहिए। यहां तक कि एनसीपी (एसपी) नेता शरद पवार ने भी कहा है कि ममता एक श्सक्षम नेताश् हैं। कांग्रेस नेतृत्व को बिहार में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के बयान में दिये गये संकेत को और भी गहराई से समझना चाहिए, क्योंकि राज्य में 2025 के अंत में चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक का मतलब सिर्फ 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए था, उन्होंने आगे कहा कि-श्अगर बिहार की बात करें, तो यहां हम पहले भी महागठबंधन के तहत साथ थे। उन्होंने वास्तव में इस तथ्य की ओर इशारा किया कि कांग्रेस की बिहार में कोई खास प्रासंगिकता नहीं है। समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने भी दिल्ली चुनाव में आप का समर्थन किया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सुझाव दिया है कि अगर 2024 के लोकसभा चुनाव से आगे काम नहीं करना है तो इंडिया ब्लॉक को भंग कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन हमारे लिए मात्र सीटों के बारे में नहीं था जो संयुक्त विपक्षी इंडिया ब्लॉक के वास्तविक उद्देश्य को दर्शाता है। उन्होंने इंडिया ब्लॉक के भविष्य पर स्पष्टता की कमी पर भी अफसोस जताया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इंडिया ब्लॉक की कोई बैठक नहीं हुई है।

विचार

धर्म के मांगलिक स्वरूप को संवर्धित करता है कुम्भ

अरुण कुमार दीक्षित

प्रयाग प्रागैतिहासिक तीर्थ है। प्रयाग अपने आध्यात्मिक प्रभाव के लिए प्रख्यात है। प्रयाग का भारतीय सभ्यता संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। ऋषियों-मुनियों ने प्रयाग और कुंभ का श्रद्धापूर्वक वर्णन किया है। सनातन धर्म के श्रद्धालु विश्वास रखते हैं कि तीर्थराज प्रयाग की यात्रा, दर्शन संगम स्नान से व्यक्ति सांसारिक आवागमन से मुक्त हो जाता है। कुंभ महाकुंभ पूरे संसार के लिए दुर्लभ घटना है। करोड़ों करोड़ लोग एक साथ कुम्भ में संगम स्नान कर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाते हैं।

प्रयागराज की महिमा के विशिष्ट होने के ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक, भौगोलिक आदि कई कारण हैं। गंगा-यमुना-सरस्वती संगम स्थल ही प्रयाग है। इसी कारण ब्रम्हादि देवताओं ने दिशा, दिकपाल लोकपाल, पितृगण, सनत कुमार आदि महर्षि गण,नदी, समुद्र, गंधर्व, अप्सरा भगवान विष्णु और प्रजापति ने अपना निवास बनाया है। प्राकृतिक सुंदरता भी संगम में अद्वितीय है। अनेक पक्षियों का कलरव आनंदित करता है। प्रयाग की महिमा नारद पुराण में विशेष रूप से वर्णित है। प्रयाग का त्रिवेणी संगम कार्मिक तीर्थ है। अर्थात त्रिवेणी संगम में स्नान करने से राज्य, स्वर्ग, मोक्ष सब कुछ प्राप्त होता है। त्रिवेणी संगम में गंगा की धारा धवल और यमुना की धारा हरित है। अन्तः सलिला सरस्वती की धारा लुप्त है। नारद पुराण में लिखा है, कि मकर राशि पर सूर्य के संचार के समय समस्त तीर्थ समस्त देवता प्रयाग के त्रिवेणी संगम पर पहुंच जाते हैं।

प्रयाग का महत्व तब और बढ़ जाता है जब प्रत्येक बारह वर्ष बाद कुंभ योग होता है। वहीं छः वर्ष में अर्द्ध कुंभ योग आता है, इसी तरह प्रयाग के अतिरिक्त कुंभ राशि में जब बृहस्पति आ जाते हैं और मेष राशि में जब सूर्य आ जाते हैं तो हरिद्वार में कुंभ लगता है। स्कंद पुराण के अनुसार जब माघ महीने में सूर्य मकर राशि में होता है गुरु जब मेष राशि में आ जाते हैं तो प्रयाग में तीर्थराज कुंभ योग होता है। वाल्मीकि रामायण में प्रयाग का वर्णन है। महाभारत में प्रयाग की महिमा का यशोगान है। तीनों लोकों में प्रयाग सभी तीर्थों की अपेक्षा श्रेष्ठ है। पुण्य स्थान है। प्रयाग में महात्मा बुद्ध के द्वारा धर्म प्रचार का भी उल्लेख साहित्य में मिलता है। प्रयाग के निकट कौशांबी को सम्राट अशोक ने अपनी उप राजधानी बनाया था। वैदिक, बौद्धधर्म के साथ प्रयाग क्षेत्र में जैन धर्म के उत्कर्ष और प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ द्वारा प्रयाग के वटवृक्ष के नीचे ध्यान लगाने का उल्लेख मध्यकालीन तीर्थमालाओं में है। प्रयाग, कौशाम्बी को अति प्राचीन नगर होने के साथ बौद्धों एवं जैन धर्मों प्रचारकों, विचारकों महापुरुषों की स्थली का गौरव भी है। चीनी यात्री ह्वेनसांग ईस्वी सन 644 के लगभग सम्राट हर्षवर्धन के साथ प्रयाग भी आया था। उसने लिखा यहां अन्न बहुत पैदा होता है।

फलों के वृक्ष भी खूब पैदा होते हैं। यहां की जलवायु उष्ण है। स्वास्थ्य के लिए अनुकूल है। यहां के लोग नम्र और सुशील हैं। यहां के लोगों को पठन-पाठन और विद्या से विशेष प्रेम है परंतु निर्मूल और असत्य सिद्धांत पर उनका अधिक विश्वास है। नगर में केवल दो संघाराम है। थोड़े से हीनयान संप्रदाय के अनुयाई हैं। दूसरी ओर पौराणिक देवताओं के मंदिर अधिक हैं। उनके अनुयायियों की संख्या बहुत है। नगर के दक्षिण और पश्चिम में एक चंपक वाटिका में बड़ा स्तूप है। स्तूप को सम्राट अशोक ने बनवाया था। इसकी दीवारें भूमि से अधिक ऊंची हैं। इसके बगल में एक और स्तूप है जिसमें बुद्ध के केश और नख समाधिस्थ हैं। पुराणों में प्रयाग को सभी तीर्थों का अधिपति कहा गया है। कूर्म पुराण में प्रयाग को सर्वोतम तीर्थ कहा गया है। जैसे ग्रहों में सूर्य तथा तारागणों में चंद्रमा प्रमुख है उसी प्रकार समस्त तीर्थों में प्रयाग सर्वोतम है।

पदम् पुराण, विष्णु पुराण, मत्स्य पुराण सहित प्राचीन ग्रन्थों में प्रयाग संस्कृति का उल्लेख और कथाएं हैं। कुंभ भगवान विष्णु का प्रतीक है। कुंभ ज्ञान बुद्धि और आध्यात्मिक विकास का प्रतिनिधित्व करता है। प्राचीन ग्रंथों में कुंभ को एक पवित्र स्थल के रूप में वर्णित किया गया है।

प्रयाग में संगम तट पर मेले का आयोजन होता है। भारी संख्या में श्रद्धालु पूरे विश्व से आते हैं। मेघदूत में कालिदास ने एक यक्ष की कहानी बताई है। वह यक्ष अपनी प्रियतमा से अलग हो जाता है। मेघदूत (बादल दूत) के माध्यम से उसे संदेश भेजता है। इस संदर्भ में कालिदास ने मेघदूत में प्रयाग का उल्लेख कुछ इन शब्दों में किया है। त्रिवेणी संगमे यत्र गंगा यमुना सरस्वती अर्थात जहां गंगा यमुना और सरस्वती नदियां मिलती हैं कालिदास के मेघदूत में कुंभ का सीधा वर्णन नहीं है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

प्रयागराज की महिमा के विशिष्ट होने के ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक, भौगोलिक आदि कई कारण हैं। गंगा-यमुना-सरस्वती संगम स्थल ही प्रयाग है। इसी कारण ब्रम्हादि देवताओं ने दिशा, दिकपाल लोकपाल, पितृगण, सनत कुमार आदि महर्षि गण,नदी, समुद्र, गंधर्व, अप्सरा भगवान विष्णु और प्रजापति ने अपना निवास बनाया है। प्रयाग का महत्व तब और बढ़ जाता है जब प्रत्येक बारह वर्ष बाद कुंभ योग होता है। वहीं छः वर्ष में अर्द्ध कुंभ योग आता है, इसी तरह प्रयाग के अतिरिक्त कुंभ राशि में जब बृहस्पति आ जाते हैं और मेष राशि में जब सूर्य आ जाते हैं तो हरिद्वार में कुंभ लगता है। स्कंद पुराण के अनुसार जब माघ महीने में सूर्य मकर राशि में होता है गुरु जब मेष राशि में आ जाते हैं तो प्रयाग में तीर्थराज कुंभ योग होता है। पुराणों में प्रयाग को सभी तीर्थों का अधिपति कहा गया है।

बॉलीवुड के अनकहे किस्से : रफी साहब की दरियादिली

अजय कुमार शर्मा

मोहम्मद रफ़ी साहब की दरियादिली के हजारों किस्से हैं। हाल ही में प्रकाशित हुई पुस्तक ÷दास्तान-ए- हेमलता÷ में उनकी ऐसी ही दरियादिली का एक किस्सा हेमलता जी ने साझा किया है। रफ़ी साहब जब भी अपने स्टेज़ शो करने जाते थे तो हेमलता को अवश्य अपने साथ ले जाते। एक दिन रफ़ी साहब ने उन्हें फोन किया कि शो के लिए कलकत्ते चलना है। इस शो के लिए रफ़ी साहब की पत्नी बिलकिस बानो भी उनके साथ चल रही थीं। बंबई से सुबह छह बजे की फ्लाइट लेकर यह लोग कलकत्ता आठ बजे तक पहुंच गए। वहां जोरदार स्वागत हुआ और हल्का-फुल्का नाश्ता भी। शो के प्रमोटर द्वारा भेजी कार में सवार होते हुए रफ़ी साहब ने ड्राइवर से पूछा भाई कितनी देर का सफर है?

यही कोई दो घंटे का, उसने जवाब दिया। रफ़ी साहब और हेमलता जी पिछली देर रात तक रिकॉर्डिंग करने की वजह से थके हुए थे इसी वजह से सो गए। कुछ देर बाद रफ़ी साहब की आंख खुली तो उन्होंने घड़ी देखी 11 बजने को थे। तब उन्होंने ड्राइवर से पूछा, भाई कहीं हम आगे तो नहीं निकल आए हैं। उसने जवाब दिया, नहीं साहब अभी कुछ देर में पहुंच जाएंगे। तीनों लोग आपस में बातचीत करने लगे लेकिन गाड़ी चलती ही जा रही थी... जब दोपहर हुई तो रफी साहब को हैरानी हुई। उन्होंने ड्राइवर से कुछ मजाकिया अंदाज़ में कहा , क्यों भाई, क्या हमें वापस बंबई ले जा रहे हो...? नहीं साहब, बस पहुंचने वाले हैं... तीनों को अब भूख के साथ थकावट भी लग रही थी, किंतु रफ़ी साहब ऐसे में अपना संयम बनाए हुए थे। करीब एक बजे कार एक घाट के पास रुकी तो सबने चैन की सांस ली। लेकिन यह खुशी ज़्यादा समय तक टिकी नहीं रह पाई। उन्हें बताया गया कि अभी तो नाव पर सवार होकर नदी पार करना है। तीनों नाव पर सवार हो गए। नदी पार करने में करीब आधे घंटे का समय लगा। जैसे ही तीनों नदी पार कर घाट पहुंचे तो वहां एक शख्स ने इन मेहमानों को घोड़ा गाड़ी में बैठने को कहा। अब तो रफ़ी साहब के मुंह से निकल ही पड़ा.. या अल्लाह आज नसीब में क्या-क्या देखना लिखा है? घोड़ा गाड़ी मेहमानों को एक रेलवे स्टेशन पर ले गई।

कौन आया है, यहाँ कोई ना आया होगा।
मेरा दरवाजा हवाओं ने हिलाया होगा।
और धूप मे चल कर मेरे साथ जो आया होगा।
बो कोई गैर नहीं मेरा ही साया होगा।
जाम भरता है उठाता है पटक देता है।
गम का मारा नहीं है। अहसास का मारा होगा।
ये जो दिवार पर कुछ नक्स है धुंधले-धुंधले।
उसने लिख- लिख कर मेरा नाम मिटाया होगा

अमन यादव
एटा, उत्तर प्रदेश

करो पर्यावरण संरक्षण...!

अब करो पर्यावरण संरक्षण,
प्रकृति न हो दूषित प्रदूषण।
हमें बचाना है मानव जीवन,
गंभीर बीमारियों से है अमन।
लौटों प्रकृति की ओर नमन,
न करें पेड़ों का संहार-हनन।
अब करो पर्यावरण संरक्षण,
प्रकृति न हो दूषित प्रदूषण।
बिगड़ रहा धरती का संतुलन,
कोयला, पानी हो रहे न्यूनतम।
प्रदूषित हो रहा है वायुमण्डल,
जहरीली हवा भर रही कमंडल।
अब करो पर्यावरण संरक्षण,
प्रकृति न हो दूषित प्रदूषण।
सौर व हरित ऊर्जा अपनाओ,
घर में इनसे ही बिजली पाओ।
ऐसे करो कम खपत के उपाय,
कह उठे प्रकृति हुई निराकाय।
अब करो पर्यावरण संरक्षण,
प्रकृति न हो दूषित प्रदूषण।
अनुदान देती योजना सरकार,
सोलर अपनाने की है दरकार।
बिजली उत्पादन कम हो भार,
ऊर्जापूर्ति में बनों अब मददगार।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

राशिफल

मेषः- आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

बृषभ :- स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

मिथुनः- किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रणरखें।

कर्क :- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

सिंह :- किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

कन्या :- समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

तुला :- मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा।

वृश्चिक :- सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

धनु :- नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

मकर :- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

कुंभ :- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी।

मीन :- क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

फिर संकट में हरियाणा की सुकन्या समृद्धि

प्रियंका सौरभ

सुकन्या भ्रूण हत्या के लिए बदनाम हरियाणा का लिंगानुपात (एसआरबी यानी जन्म के समय लिंगानुपात) राज्य सरकार द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार आठ साल के सबसे निचले स्तर पर पहुँच गया है। 2024 के पहले 10 महीने यानी अक्टूबर तक लिंगानुपात 905 दर्ज किया गया। यह पिछले साल से 11 अंक कम है। वर्ष 2016 में इससे कम लिंगानुपात दर्ज किया गया था। वर्ष 2019 में 923 के उच्चतम स्तर पर पहुँचने के बाद वर्ष 2024 में हरियाणा में जन्म के समय लिंगानुपात घटकर 910 रह गया, जो आठ वर्षों में सबसे कम है। इन आंकड़ों ने हरियाणा के कार्यकर्ताओं और नागरिक समाज के सदस्यों को चिंतित कर दिया है, हालांकि अधिकारियों ने नवीनतम आंकड़ों को मामूली उतार-चढ़ाव करार दिया है। वर्ष 2021 में प्रकाशित राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) के अनुसार भारत में जन्म के समय कुल लिंगानुपात 929 था।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित आदर्श लिंगानुपात 950 से हरियाणा बहुत दूर है। राज्य आज तक इस आंकड़े को हासिल नहीं कर पाया है। लिंगानुपात में गिरावट का मतलब है कि राज्य में लड़कियों को गर्भ में ही मार दिया जा रहा है। आर्थिक प्रगति के बावजूद हरियाणा में बड़ी संख्या में लोग अभी भी बेटों को प्राथमिकता देते हैं। जब तक यह सोच नहीं बदलेगी, लिंगानुपात को लेकर स्थिति में सुधार नहीं होगा। राज्य के लोगों में लड़कों को प्राथमिकता दिए जाने के कारण हरियाणा के पड़ोसी राज्यों में अल्ट्रासाउंड संचालकों और गर्भपात केंद्रों का धंधा खूब फल-फूल रहा है। इन राज्यों में ज़्यादा सख्ती नहीं है। हरियाणा से लोग दलालों के जरिए यहाँ पहुँचते हैं और जांच व गर्भपात करवाते हैं। अल्ट्रासाउंड संचालक पैसे के लिए गर्भ में पल रहे भ्रूण की ग़लत जानकारी भी देते हैं। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब लड़कों को लड़की बताकर गर्भपात करवा दिया गया।

अल्ट्रासाउंड करने वाले और गर्भपात करने वाले एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। पिछले एक दशक में इस पैमाने पर उल्लेखनीय सुधार करने वाले राज्य के लिए यह एक झटका है। 2014 में हरियाणा में लिंगानुपात सिर्फ़ 871 था। इस पर देशभर में भारी आक्रोश फैल गया और नागरिक समाज संगठनों, राज्य सरकार और केंद्र ने स्थिति को सुधारने के लिए ठोस प्रयास किए। हरियाणा में गिरते लिंगानुपात को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया था। अभियान के बाद राज्य का लिंगानुपात सुधर कर 2019 में 923 पर पहुँच गया। लेकिन 2020 में इसमें फिर से गिरावट शुरू हो गई, जो अब तक जारी है। हालांकि, तब से लिंगानुपात में एक बार फिर से गिरावट देखी गई है, यह झटका ऐसे समय में आया है जब राज्य की महिलाएँ अंतरराष्ट्रीय मंचों सहित खेलों में और साथ ही शिक्षाविदों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

2014 और 2019 के बीच हुई बढ़त प्री-कॉन्सेप्शन एंड प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स एक्ट, 1994 (पीएनडीटी एक्ट) के सख्त प्रवर्तन के साथ-साथ गहन जागरूकता अभियान के कारण हुई।

इसका उद्देश्य हरियाणा में बड़े पैमाने पर जन्मपूर्व लिंग चयन और कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाना था, साथ ही साथ सामाजिक दृष्टिकोण को बदलना था, जिसमें परिवार लड़कों को पसंद करते थे और लड़की को बोझ के रूप में देखते थे। हरियाणा में बच्ची के जन्म पर 21, 000 रुपये की एकमुश्त राशि प्रदान करने और सुकन्या समृद्धि योजना के माध्यम से लड़कियों के लिए बैंक खाते खोलने के बावजूद, बालिकाओं को बोझ के रूप में क्यों देखा जाता है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि नज़रिया बदलने के लिए और अधिक काम करने की ज़रूरत है और हाल के वर्षों में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के उद्देश्य से बनाए गए कानूनों का क्रियान्वयन ढीला पड़ गया है।

लड़कों की पसंद के कारण राज्य में लड़कियों की चाहत कम हो गई है क्योंकि उनके परिवारों को डर है कि वे भागकर शादी करने के कारण भविष्य में बदनामी का कारण बन सकती हैं। उनके अनुसार, लड़कियाँ पैसा और संपत्ति कमाकर अपने परिवार की मदद नहीं कर सकती हैं। इसके विपरीत, परिवारों को उनकी शादी में दहेज देना होगा। ऐसी सोच के कारण हरियाणा में लड़कों को शादी के लिए लड़कियाँ नहीं मिल रही हैं। हरियाणा के अधिकांश गांवों में आमतौर पर ऐसी समस्या है।

लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

2024 के पहले 10 महीने यानी अक्टूबर तक लिंगानुपात 905 दर्ज किया गया। यह पिछले साल से 11 अंक कम है। वर्ष 2016 में इससे कम लिंगानुपात दर्ज किया गया था। वर्ष 2019 में 923 के उच्चतम स्तर पर पहुँचने के बाद वर्ष 2024 में हरियाणा में जन्म के समय लिंगानुपात घटकर 910 रह गया, जो आठ वर्षों में सबसे कम है। इन आंकड़ों ने हरियाणा के कार्यकर्ताओं और नागरिक समाज के सदस्यों को चिंतित कर दिया है, हालांकि अधिकारियों ने नवीनतम आंकड़ों को मामूली उतार-चढ़ाव करार दिया है। वर्ष 2021 में प्रकाशित राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार सर्वेक्षण-5 के अनुसार भारत में जन्म के समय कुल लिंगानुपात 929 था।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के

धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

▸ जगह-जगह हुआ खिचड़ी प्रसाद का वितरण, लोगों ने एक-दूसरे को दी मकर संक्रांति की शुभकामनाएं

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर खिचड़ी प्रसाद जगह-जगह वितरण कर बड़े ही धूमधाम से मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया वहीं लोगों ने खिचड़ी प्रसाद वितरण कर एक दूसरे को बधाई दी।

नगर के नेशनल रोड तहसील रोड थाना चौराहा व जगह-जगह पर खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया जहां सैकड़ो लोगों ने गरमा गरम खिचड़ी खाकर आयोजकों को धन्यवाद दिया नगर के नेशनल रोड स्थित उमाशंकर त्रिपाठी एडवोकेट सीताराम कुशवाहा व मोहल्ले के लोगों के सहयोग से लोगों को गरमा गरम खिचड़ी वितरण किया गया हिंदू संस्कृति के अनुसार मकर संक्रांति का विशेष स्थान है। इस दिन से सूर्य उत्तरायण से होकर लोगों को सुख समृद्धि आदि का वरदान देते हैं। वहीं मकर संक्रांति के दिन लोग समर्थ के अनुसार दान आदि भी करते हैं। वहीं इस दिन लोग अपने-अपने घरों में खिचड़ी बनाकर खिलते हैं और इस प्रकार से एक दूसरे को खिचड़ी प्रसाद खिलाकर बधाई देते हैं।

पुलिस ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़। युवक को गंभीर रूप से मारपीट कर घायल करने के मामले में भाई की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिहरका निवासी गंगादीन पुत्र राजाराम ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते सोमवार को जब वह कार्यक्रम में सुमेरपुर गया था उसे फोन पर सूचना मिली कि तुम्हारा भाई गंभीर हालत में बेहोश और घायल पड़ा हुआ है।पीड़ित ने बताया कि वह तत्काल वापस आया और पुलिस को सूचना दी जिसे पुलिस इलाज के लिए मौदहा के सरकारी अस्पताल ले गई।जब पीड़ित के भाई जीतेंद्र कुशवाहा को होश आया तो उसने बताया कि बिहरका निवासी श्याम सुंदर और मवई बुजुर्ग बांदा निवासी रोहित ने उसके साथ मारपीट की है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूक-बधिर मासूमों के लिए संचालित कांक्लियर इम्प्लांट योजना खुद साबित हो रही है विकलांग

▸ पांच साल में केवल तीन बच्चों का हुआ उपचार, शासन एक बच्चे के उपचार के लिये देता है छह लाख की धनराशि, बेसिक, स्वास्थ्य दिव्यांग विभाग में समन्वय स्थापित न होने से योजना फ्लॉप

विनोद शुक्ला

हमीरपुर। लोगों को जानकारी न होने से विकलांग विभाग से मूक व बधिर मासूमों बच्चों के लिये संचालित कांक्लियर इम्प्लांट योजना खुद में विकलांग साबित हो रही है। मासूम के उपचार के लिये मिलने वाली छह लाख की सहायता राशि से अभी तक केवल तीन बच्चों का इलाज हो पाया है। हालाकि इसके लिये शासन ने तीन से पांच साल तक के बच्चों का ही उपचार कराने की पात्रता रखी है।

जानकारी के अनुसार दिव्यांग गरीब बच्चों के लिये संजीवनी साबित होने वाली कांक्लियर इम्प्लांट योजना केवल फाइलों में कैद होकर रह गयी है। तीन साल से पांच साल तक के मासूम बच्चे जो बोल व सुन नहीं सकते है, उनके इलाज के लिये शासन ने कानपुर में सरकारी अस्पताल निश्चित कर दिया है उसके लिये प्रति बच्चे को छह लाख

रुपये की सहायता राशि दी जाती है। इस साल केवल एक बच्चे का इलाज हो पाता है। योजना करीब पांच साल से चल रही है जिसमें तीन बच्चों का उपचार संभव हो पाया है। शासन ने कहा है कि मुकबधिर बच्चों के इलाज के लिये माता-पिता की आय गरीबी रेखा के दुगुने से अधिक न हो, सीएमओ द्वारा बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी होना चाहिये। बच्चे का आधार कार्ड होना चाहिये मगर ग्रामीण क्षेत्रो में अभी भी बच्चों का आधार कार्ड नहीं बनाया है। इसके लिये बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र होना चाहिये। जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी राम लखन गुर्जर का कहना है कि जब तक माता पिता बच्चे के मूक बधिर की जानकारी हो पाती है तब तक बच्चा पांच साल के पार कर जाता है। इससे बाद उसको योजना का लाभ मिलना संभव नहीं हो पाता है। हालाकि सीएमओ के अधीन कार्य करने वाली आरबीएसके टीम को भी कहा गया है कि यदि क्षेत्र में इस प्रकार बच्चों की जानकारी हो तो उसकी सूचना दिव्यांग कल्याण विभाग को दी जाये मगर टीम से दिव्यांग बिभाग को कोई मदद नहीं मिल रही है। उनका कहना है कि योजना का प्रचार प्रसार कराया जायेगा। महत्वाकांक्षी योजना फ्लाप हो रही है। जिले में इस योजना से सभी लोग पूरी तरह अनभिज्ञ है। इस योजना का अभी तक प्रचार प्रसार नहीं किया गया है।

योजना का फ्लॉप होने का कारण विभागों में समन्वय स्थापित न होना

हमीरपुर। बेसिक शिक्षा बिभाग की माने तो जिले में कम से कम मूकबधिर बच्चों की सख्या दो सौ से ज्यादा है। जो बच्चे बालिग व नाबालिग उनकी उम्र तो तीन व पांच साल के मध्य कभी हुई होगी, मगर योजना की जानकारी न होने पर किसी अभिभावक ने इस ओर ध्यान नही दिया है। हालाकि शासन इस योजना को लेकर काफी गंभीर है मगर जिले में बच्चों को इसका कोई लाभ नही मिल पा रहा है। यदि विकलांग विभाग बेसिक शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग में समन्वय होता तो योजना दौड़ जाती। मगर योजना में ग्रहण लग गया है। हालांकि सेहत विभाग स्वयं में संचालित योजनाएं नही संचालित कर पा रहा है। मामले को लेकर कई तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

खबरें एक नजर में

चादरपोशी के साथ कमरुद्दीन बाबा का उर्स संपन्न

सुमेरपुर। कस्बे के ईदगाह में कमरुद्दीन बाबा निजामी का 16वां उर्स कुरआनखानी कव्वाली चादरपोशी के साथ संपन्न हुआ। प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी कस्बे के बांकी मार्ग स्थित हजरत कमरुद्दीन बाबा निजामी की मजार में 16वां उर्स अकीकतमंदों ने जोशोखरोश के साथ मनाया। सुबह कुरआनखानी के बाद दोपहर में जुहर की नमाज के बाद कव्वाली के साथ हुई चादरपोशी हुईं। इसके बाद मजार में फातिहा पढ़ा गया। इसके बाद अकीकतमंदो के मध्य लंगर का वितरण किया गया। इस मौके पर रहमत खान वारसीबशीर अहमद निजामी हाफिज जुल्फिकार नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे तुफैल अहमद बाकर खान सुजात खान शहजाद शरीफ खान जमील खान, इसरार खान, राफिस सिद्दीकी, इदरीश अहमद, मौलाबक्श, रफीक खान, नईम अख्तर, शानू खान आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया हजरत अली का जन्मदिन

मौदहा, हमीरपुर। नगर सहित क्षेत्र के मुस्लिम गांवों में आज इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगम्बर मोहम्मद साहब के भाई एवं दामाद हजरत इमाम अली शेरे खुदा की यौमे पैदाइश जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया है।कस्बा के कजियाना मोहाल स्थित इरशाद रिज़वी पत्रकार के आवास पर विलादत ए इमाम अली के मौके पर अली डे का आयोजन किया गया जिसमें छोटे बच्चों एवं युवाओं ने हजरत अली शेरे खुदा की शान में कसीदे पढ़े एवं केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर गले लग विलादते हजरत अली की मुबारकबाद दी है।वही बीती रात कजियाना मोहाल में मुस्लिम युवकों ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया है साथ ही राहगीरों को सर्दी के मौसम में चाय पिलाकर हजरत अली के जन्मदिन की मुबारकबाद दी है। इस मौके पर सलाम खान, इरशाद रिज़वी पत्रकार, असद अब्बास गुड्डू, हसन रिज़वी, असद खान, शफी खा, अदब रिज़वी, एम्ब्रोज अंसारी, छोटे अज्जू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

25 दिनों से कैनाल में पानी नहीं आने से फसलें प्रभावित

सुमेरपुर, हमीरपुर। सहुरापुर पंप कैनाल के गत 20 दिसंबर से पानी नहीं छोड़े जाने से उजनेड़ी मौजा के किसान परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि शिकायत करने पर पंप केनाल का ऑपरेटर अभद्रता करता है। उजनेड़ी के किसान कुलदीप पाल राजू प्रजापति रामरतन देवलाल भूरा पाल चुन्नू प्रजापति बाबा प्रजापति रामदासए रामकुमार विजयपाल मुकुल पाल राघवेंद्र पाल आदि किसानों का आरोप है कि सहुरापुर पंप केनाल में बीते 20 दिसंबर से पानी नहीं आ रहा है। इससे किसानों की फैसले बर्बाद हो रही है। किसानों का आरोप है की पंप केनाल का ऑपरेटर पल्लू सिंह शिकायत करने पर अभद्रता करता है। किसानों ने बताया कि इस समस्या के शिकायत 1076 में कर चुके हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। किसानों का कहना है कि अगर पंप केनाल में तत्काल पानी नहीं छोड़ा जाता है। तो उनकी फसलें सूख सकती हैं।

घाटमपुर क्रिकेट अकादमी ने ब्लू स्टार को 32 रनों से हराया

घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।

नगर के मौसम का रोड स्थित महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित एक क्रिकेट मैच में घाटमपुर क्रिकेट अकादमी ने ब्लू स्टार को 32 रनों से हरा कर मैच जीत लिया, ताश जीत कर ब्लू स्टार ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया घाटमपुर क्रिकेट अकादमी की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए अर्जुन सिंह ने 18 अनमोल ने 14 और सिंह ने 11 रनों का योगदान दिया। कानपुर की तरफ से बोलिंग करते हुए लक्ष्य पांडे ने सबसे ज्यादा रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू स्टार क्रिकेट अकादमी निर्धारित 25 ओवर में सभी विकेट खोकर 75

रन बना सके, ब्लू स्टार की तरफ से पथ कर व आयुष सिंह ने 13 - 13 रनो का योगदान दिया। घाटमपुर की तरफ से बोलिंग करते हुए अर्जुन तथा साहिल ने दो -दो विकेट लिए आज का मैन ऑफ द मैच अर्जुन सिंह को अश्वनी पाठक द्वारा दिया गया बेस्ट बॉलर का पुरस्कार सुनील राठौर द्वारा ऋषिकेश को दिया गया बेस्ट फील्डर का पुरस्कार आशु को राजा यादव द्वारा दिया गया आए हुए सभी खिलाड़ियों का घाटमपुर क्रिकेट अकादमी कोच बुक किशोर ने स्वागत किया।

उधार आटा न देने पर आटा चक्की मलिक को पीटा

सुमेरपुर, हमीरपुर। थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा में उधार आटा न देने पर आटा चक्की मालिक को गांव के पांच लोगो ने बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया और मारपीट की। ग्राम मुण्डेरा निवासी हरेन्द्र सिंह पुत्र स्व बलदेव सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव में आटा चक्की लगाये है विगत 13 जनवरी को जब वह चक्की में था तभी शाम को गाँव निवासी अंकित, पवन यादव व तीन अज्ञात लोग आये और उधार आटा मांगने लगे न देने पर बाहर खड़ी बाइक में तोड़ फोड़ की और जानमाल की धमकी दी। घटना की सूचना 112 नम्बर को दी लेकिन पुलिस नहीं आयी। आरोप है दुबारा उक्त लोग फिर से आये और मेरे साथ मारपीट करने लगे शोर सुनकर मेरी पत्नी पूजा व पुत्री श्रेया व श्रद्धा बचाने आई तो उनको भी मारा पीटा। पुलिस से कार्यवाही किये जाने की मांग की पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही करने के बात कही है।

भगवान निर्मल एवं स्वच्छ मन वाले को ही प्राप्त होते हैं: संत अतुल

▸ अधर्म के नाश के लिए भगवान लेते हैं अवतार

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

राम कथा के दूसरे दिन अतुल कृष्ण भारद्वाज ने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है-तब तब भगवान का किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं। जिससे असुरों का नाश होता है और अधर्म पर धर्म की विजय होती है, बताया गया कि भगवान चारों दिशाओं के कण-कण में विद्यमान हैं। इन्हें प्राप्त करने का मार्ग सच्चे मन की भक्ति ही है। त्रेता युग में जब असुरों की शक्ति बढ़ने लगी तो माता कौशल्या की कोख से भगवान राम का जन्म हुआ। उक्त व्याख्यान मानस मर्मज्ञ परम पूज्य

अतुल कृष्ण भारद्वाज ने राम कथा में श्री रामचन्द्र जी भगवान के जन्म के समय दिया ।

उन्होंने कहा कि भगवान सर्वत्र है. प्रेम से पुकारने व सच्चे मन से सुमिरन करने पर कहीं भी प्रकट हो सकते हैं। आगे व्यास जी ने कहा निरगुण से सगुण भगवान सदैव भक्त के प्रेम के वशीभूत रहते हैं। भक्तों के भाव पर समुण रूप लेते हैं। धर्म व सम्प्रदाय में अन्तर को समझाते हुए श्री भारद्वाज जी ने बताया कि धर्म व्यक्ति के अन्दर एकजुटता का भाव पैदा करता है वहीं सम्प्रदाय व्यक्ति को बाहरी रूप से एक बनाता है। जबकि ईश्वर के विभिन्न रूपों को विभिन्न माध्यमों से स्मरण करना मात्र सनातन धर्म ही सिखाता है। ईश्वर के अवतार से असुरों का नाश होता है। अधर्म पर धर्म की विजय होती है। यह अद्भुत कार्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम एवं भगवान श्री कृष्ण ने अयोध्या व मथुरा की धरती पर अवतार लेकर किया। दोनों ने असुरों का संघार करके धर्म की रक्षा की। श्री व्यास जी ने देश की युवा पीढी पर घोर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का युवा पाश्चात्य सभ्यता के भंवर में फंसा हुआ है। उसे राम कृष्ण सीता के साथ भारतीय सभ्यता से मतलब नहीं है। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि यदि माताएं चाहें तो युवा पाश्चात्य सभ्यता से अलग हो सकता है। सभी माताओं से आग्रह किया कि गर्भवती माताओं के चिन्तन, मनन खान-पान पठन-पाठन रहन- सहन का बच्चे पर अत्यन्त प्रभाव पडता है। इसलिए गर्भावस्था के दौरान माताओं को भगवान का सुमिरन करना चाहिए।

शिवसेवक समित ने बारादेवी चौराहे पर राहगीरों को वितरित किए चाय-बिस्किट

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आज जिले भर में खिचड़ी भोज के आयोजन के साथ गंगा और जमुना के साथ नदियों में लोगों ने स्नान कर खिचड़ी दान की, शिवसेवक समित के द्वारा बारादेवी चौराहे स्थित कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया अध्यक्षता प्रेसिडेंट रत्नेश वर्मा शीलू के द्वारा की गई। बैठक में पहुंचे पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया का अंग वस्त्र तथा गर्म शाल सहित मल्यार्पण कर स्वागत रत्नेश वर्मा ने किया। बैठक के उपरान्त शिव सेवक समिति के द्वारा राहगीरों को चाय और बिस्किट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजन में लगभग 2000 लोगों ने गर्म चाय का आनंद लिया। पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया ने समिति के द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि वह हर क्षण समिति के साथ है। उन्होंने कहा कि पवित्र अमरनाथ में कानपुर

नगर का नाम समिति ने अपने नेक कार्यो एवं सेवा समर्पण के द्वारा दी जा रही सेवाओं के कारण ही किया है। समिति का सहयोग नगरवासियों को अवश्य करना चाहिए। अध्यक्ष रत्नेश वर्मा ने कानपुर वासियों को आगामी पवित्र यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू, उपाध्यक्ष आलोक कुमार, वाइस प्रेसिडेंड अनिल चतुर्वेदी, कमल वर्मा, एनसी कटियार, अमित वर्मा, परशुराम शुक्ला, अनुज यादव सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। उधर घाटमपुर के मूसानगर रोड पर भी कई जगह लोगों ने सुबह से राहगीरों को खिचड़ी खिलाई।

ताज ग्रुप के बैनर तले आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में हजारों निराश्रितों को बांटें गए कंबल

मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।

ताज ग्रुप के बैनर तले कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें तीन हज़ार निराश्रित लोगों को कंबल वितरण किए गए मंगलवार को कस्बे के हुसैनगंज स्थित हाजी मोहम्मद इसराइल बिल्डिंग पर ताज ग्रुप के सदस्यों ने गरीबों को कंबल वितरित किये जिसमे ग्रुप के संचालक डॉ मुहम्मद नसीम व मुहम्मद वसीम ने अपने माता श्रीमती बदरूनिशा के

करकमलों द्वारा नगर सहित क्षेत्र के लगभग तीन हजार गरीब निराश्रित लोगों को कंबल वितरण किए गए। वहीं मुहम्मद वसीम ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठंड को देखते हुए ताज ग्रुप के द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण का आयोजन किया गया है। जिसमें मंगलवार को सुबह से ही नगर के साथ.साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग तीन हज़ार निराश्रित लोगों को कंबल वितरण किए हैं। इस दौरान उपजिलाधिकारी राज़ कुमार गुप्ता ने भी निराश्रित लोगों को कंबल वितरण किए और इस नेक कार्य की जमकर सराहना की। इस दौरान मुहम्मद नुमान, मुहम्मद यजदान, हाजी जावेद अख्तर के साथ सभासद ग्राम प्रधान एवं हजारों की संख्या में जरूरतमंद उपस्थित रहे।

एचटी लाइन का तार टूटने से छह भैंसों की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़। मंगलवार सुबह खेत जा रही दुधारू भैंस के झुंड पर हाईटेंशन तार टूटकर गिर गया। इस दौरान छह भैंस और एक बच्चा की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई है। सूचना पर एसडीएमए नायब तहसीलदार और पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और जांच का आश्वासन दिया। कोतवाली के गोहानी गांव निवासी छंगा पुत्र उमराव ने बताया कि भैंस पालन कर परिवार का गुजर-बसर करता है। मंगलवार सुबह उसकी दुधारू दो भैंस एक बच्चा बाबू तुलसी मोना व भूरा की एक-एक भैंस सहित गांव की अन्य भैंस चारा चरने के लिए खेतों की ओर जा रही थी। तभी रास्ते में भैंस के झुंड पर इंसुलेटर फटने से हाईटेंशन तार टूटकर गिर गया। जिससे 6 भैंसे और एक पड़वा करंट की चपेट में आकर झटपटाने लगे और कुछ देर बाद दम तोड़ दिया। सूचना पर एसडीएम अभिमन्यु कुमार नायब तहसीलदार राम लखन विद्युत उपखंड अधिकारी पशु चिकित्साधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया।

मकर संक्रांति मेले का खंड विकास अधिकारी संतराम ने फीता काटकर किया शुभारंभ

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

जैतपुर के ऐतिहासिक मकर संक्रांति मेले का ग्राम प्रधान छोटेलाल व खंड विकास अधिकारी जैतपुर संतराम ने फीता काटकर शुभारंभ किया। श्री रघुनाथ धाम मन्दिर के प्रबंधक सुशील अरजरिया ने विधि विधान से पूजा अनुष्ठान संपन्न कराकर मेला अध्यक्ष कामता कुशवाहा व ग्राम प्रधान छोटेलाल द्वारा श्री रघुनाथ जी महाराज की आरती व प्रसाद आदि अर्पण कराकर मेला का शुभारंभ करवाया। मंदिर प्रबंधक ने बताया कि जैतपुर कस्बे में सन 1931 में यह मेला रघुनाथ जी मंदिर सहन भूमि पर पंडित हरप्रसाद अरजरिया व चौधरी स्वामीप्रसाद अग्रवाल के द्वारा ब्रिटिश शासन काल के तत्कालीन गवर्नर से उद्घाटन कर लगवाया गया था। उसी समय से मकर संक्रांति का मेला लग रहा है । ग्राम प्रधान जैतपुर छोटेलाल

अहिरवार ने बताया 15 दिवसीय मेले में दूर दराज से आने वाले दुकानदारों की समुचित व्यवस्था कर दी गई है मेले में सुरक्षा की दृष्टि से अस्थाई पुलिस चौकी बनाई गई है।मेला अध्यक्ष कामता कुशवाहा ने बताया मेले में करीब एक दर्जन सीसी टीवी कैमरे लगाए गए है।साफ-सफाई व लाइट आदि की समुचित व्यवस्था की गई । लोगो के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी संतराम, जैतपुर सचिव आमिर खान,मौला बक्स, सुधांशु दिक्षित रहीम बक्स , देवेन्द्र अरजरिया, जगत सिंह, नीरज परिहार, डॉ सतीश राजपूत, अखिलेश अहिरवार, रामबाबू, मोहम्मद नवी, प्रेमनारायण वर्मा सहित कस्बावासी मौजूद रहे।

मकर संक्राति के पर्व पर अर्जुन बांध पर हुआ मेले का आयोजन

चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़। लगभग सात दशक से मकर संक्रांति पर्व पर लगता चला आ रहा अकटौंहा ग्राम में अर्जुन बाँध के पास आज मेले का आयोजन किया गया, मकर संक्रांति के पर्व पर ग्राम अठकौहा में स्थित अर्जुन बांध के किनारे एक दिन के मेले में आज बड़ी संख्या में आस पास

के ग्राम वासियों की मौजूदगी रही, आयोजन स्थल पर सुबह से ही लगभग एक दर्जन गांवों से आकर श्रद्धालुओं ने बांध में डुबकी लगाकर पुन्य अर्जित किया वहीं मेले में महिलाओं ने मीना बाजार में खूब खरीददारी की और बच्चों ने झूला का लुत्फ उठाया सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी प्रवीण कुमार मय हमराह के मेला में तैनात रहे वहीं प्रधान काशी प्रसाद ग्राम अठकौहा ने दुकानदारों के लिए जगह की व्यवस्था की और मेला आने वालों का स्वागत किया।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

अनारक्षित कुम्भ मेला स्पेशल रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

महाकुम्भ-2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा पूर्वघोषित अनेक अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

04251/04252 प्रयाग जं. – अयोध्या कैंट – प्रयाग जं. अनारक्षित कुम्भ विशेष एक्सप्रेस — 80 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04251 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 04252 आगमन	प्रस्थान
----	20:30	प्रयाग जं.	19:55	----
23:55	----	अयोध्या कैंट	----	15:45

चलने के दिन : 04251 प्रयाग जं. से एवं 04252 अयोध्या कैंट से दिनांक 17.01.2025 से 28.02.2025 तक (28, 29 व 30.01.2025 को छोड़कर)।
ठहराव: फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. और सुल्तानपुर स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

04253/04254 फाफामऊ जं. – अयोध्या कैंट – फाफामऊ जं. अनारक्षित कुम्भ विशेष एक्सप्रेस — 80 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04253 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 04254 आगमन	प्रस्थान
----	11:15	फाफामऊ जं.	10:15	----
14:45	----	अयोध्या कैंट	----	06:15

चलने के दिन : 04253 फाफामऊ जं. से एवं 04254 अयोध्या कैंट से दिनांक 17.01.2025 से 28.02.2025 तक (28, 29 व 30.01.2025 को छोड़कर)।
ठहराव: माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. और सुल्तानपुर स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

04255 प्रयाग जं. – प्रयाग जं. कुम्भ मेला रिंग रेल विशेष एक्सप्रेस (वाया अयोध्या कैंट – लखनऊ – राय बरेली जं. – ऊंचाहार जं.) — 40 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04255 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन
----	05:35	प्रयाग जं.
14:10	14:40	लखनऊ जं.
21:30	----	प्रयाग जं.

चलने के दिन : 04255 प्रयाग जं. से दिनांक 17.01.2025 से 28.02.2025 तक (28, 29 व 30.01.2025 को छोड़कर)।
ठहराव: फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली , बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ी की परिचालन अवधि में विस्तार

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित महाकुम्भ विशेष रेलगाड़ी की परिचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी संख्या	से	तक	चलने के दिन	पूर्व अधिसूचित तिथि	विस्तारित अवधि	कुल फेरे
04601	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	फाफामऊ जं.	तिथि के अनुसार	24.01.2025	07.02.2025 एवं 14.02.2025 को	02
04602	फाफामऊ जं.	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	तिथि के अनुसार	25.01.2025	08.02.2025 एवं 15.02.2025 को	02

अन्य सभी विवरण पूर्ववत रहेंगे।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखे।

पर हमें फॉलो करें

154/2025
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मकर संक्रांति पर विशाल खिचड़ी भोज आयोजित

▸ श्रीराम वन कुटीर के सेवादारों को व्यवस्था के लिए मुंबई के दानियों ने किया नौ लाख का दान

बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

ब्रम्हलीन संत मानस मर्मग्य स्वामी रामदास महाराज एवं स्वामी रामज्ञान दास महाराज द्वारा रामवन कुटीर आश्रम में 45 वर्ष पहले जो सेवारूपी वृक्ष लगाया गया था वो आज वटवृक्ष में बदल गया है।

स्वामी जी की मानव सेवा के ऊपर दिये गये प्रवचनों से प्रभावित होकर देश के प्रमुख राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा के डॉक्टर एवं बड़े उद्योगपति प्रतिवर्ष अपने कीमती समय व धन का त्याग कर दरिद्र नारायण की सेवा करने बाराबंकी जनपद में पधारते हैं 17 दिनों के निःशुल्क आपरेशन शिविर में मरीजो की सेवा तन, मन, धन से करके इस जिले को गौरान्वित करते हैं। आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि मकर संक्रति के अवसर पर बड़ी संख्या में मरीजों, तीमारदारों ने खिचड़ीभोज में भाग लिया आज भी बड़ी संख्या में नेत्र के आपरेशन डॉ जैकब प्रभाकर की टीम ने किये।

हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आर्थिक राजधानी मुम्बई के सबसे बड़े लायंस क्लब चर्च गेट के 25 सदस्य चार दिनों के प्रवास पर आश्रम पर आकर मरीजों की रात-दिन सेवा की चर्च गेट लायंस क्लब के सचिव सुन्दर देवपुरा द्वारा बताया गया कि मुम्बई से डिस्ट्रिक के गर्वनर विराफ मिस्त्री, वाइस गर्वनर फिरोज कात्रक, डिस्ट्रिक्ट सलाहकार रवींद्र, डिस्ट्रिक्ट प्रिंसपल सेक्रेट्री हुजैफा घड़ियाली कोषाध्यक्ष मीनाक्षी सोमानी, रमाशंकर झँवर पास्ट प्रेसिडेन्ट, राकेश मेहरा, सदस्य मंजु झँवर, श्रीरतन मोहता, युगल सोमानी, शीतल मेहरा, दीपक जैन, अनीता जैन, निधि सोमानी, डॉ सिद्धी सोमानी एवं जयपुर से सुशीला बाहेती, पुरषोत्तम बाहेती, अर्चना बाहेती, मोहित बाहेती, आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा एवं मालेगंव से डॉ. हर्ष बिहानी ने मरीजों की सेवा करने के लिए नौ लाख रूपये का अनुदान श्री रामवन कुटीर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों को प्रदान किया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार के निर्देश पर डॉ ज्योति गुप्ता नेत्र सर्जन जिला अस्पताल, टीएन वर्मा वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी, प्रेम कुमार रंजन नेत्र परीक्षण अधिकारी ने शिविर का निरीक्षण किया।

भतीजे ने चाचा के सिर पर मारा डंडा, हुई मौत

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बेलहरा-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

चाचा-भतीजे में शराब पीने के दौरान विवाद हो गया।विवाद में भतीजे ने चाचा के सिर पर डंडे से हमला कर दिया।

हमले घायल बुजुर्ग को सीएचसी सूरतगंज में भर्ती कराया गया जहां पांच मिनट के बाद चाचा ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बसौली निवासी गांव निवासी रामपाल (65)अपने भतीजे मलखान (32) के साथ सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे घर पर शराब पी रहे थे।किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया।विवाद में भतीजे मलखान ने रामपाल के सिर पर डंडे से हमला बोल दिया। हमले में चाचा अचेत होकर नीचे गिर गया जिसे परिजन आनन फानन में सीएचसी सूरतगंज ले गए जहाँ मौजूद डॉक्टर फुरकान उसका इलाज ही कर रहे थे कि पांच मिनट बाद रामपाल ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी की मृत्यु होने से वह परिवार से अलग रहता था। इस संबंध अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि आरोपी मलखान को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पं.सुदरलाल दीक्षित की पुण्यतिथि पर हुआ खिचड़ी भोज

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

मकर संक्रांति एवं हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय पंडित सुंदरलाल दीक्षित की दूसरी पुण्यतिथि के मौके पर मंगलवार को नगर क्षेत्र में अलग-अलग स्थानो पर श्रद्धांजलि सभा, खिचड़ी भोज, सम्मान समारोह एवं कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

काशीराम आवासीय कॉलोनी के परिसर में चेयरमैन आलोक तिवारी द्वारा आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश एससी एसटीआयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, सिद्धार्थ अवस्थी सिद्धू,पूर्व बार अध्यक्ष अचल मिश्रा व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार सोनी, युवा अध्यक्ष योगेश द्विवेदी सहित तमाम वक्ताओं ने स्वर्गीय दीक्षित को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आलोक तिवारी को उनका सच्चा उत्तराधिकारी बताया और कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ वे कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की लड़ाई लड़ने का काम करेंगे। इस अवसर पर आलोक तिवारी द्वारा प्रबुद्ध नागरिकों, पत्रकारों एवं सभासदों को अंग वस्त्र और डायरी देकर सम्मानित भी किया गया। समारोंह में बड़ी संख्या में आये पात्र नागरिकों को कंबल प्रदान किया गया। कंबल पाकर नगर वासियों के चेहरे खुशी से खिलखिला उठे। इसी क्रम में स्वर्गीय दीक्षित के पुत्र पंकज दीक्षित द्वारा डाक बंगला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं खिचड़ी भोज में पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, विधायक दिनेश रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हैदरगढ़ रामदेव सिंह,भाजपा मंडल हैदरगढ़ अध्यक्ष मोहित मिश्रा, रामभीख त्रिवेदी, ब्लॉक प्रमुख संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रवेश सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी सहित तमाम लोगों ने स्व0 दीक्षित को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें एक क्रांतिकारी नेता बताया और कहा उनके द्वारा रिक्त हुए स्थान की पूर्ति संभव नहीं है।

धूमधाम से मनी थेरेपी सेंटर की वर्षगांठ

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। नगर के सुभाष वार्ड में स्थित जेके हेल्थकेयर एवं फिजियो थेरेपी सेंटर की चौथी वर्षगाठ डॉक्टर कुलदीप सोनी द्वारा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर एससी एसटी अयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, जनार्दन प्रसाद शुक्ल,ग्रामांचल परिवार के मुखिया पंडित सिद्धार्थ अवस्थी,चेयरमैन आलोक तिवारी, माता पिता धाम के संरक्षक पंकज मिश्रा, व्यापर मंडल अध्यक्ष राज कुमार सोनी रानू,, युवा अध्यक्ष योगेश द्विवेदी लंबरदार,अधिवक्ता जय कुमार सोनी,विष्णु सोनी ,दुर्गेश सोनी ,सामाजिक कार्यकर्ता दिव्यांश श्रीवास्तव,उमेश सोनी , विकास पाण्डेय ,विवेक गुप्ता ,करुणेश द्विवेदी,भानु मिश्र उपस्थित रहे।

सफाई कर्मचारियों की लापरवाही से गांव में लगा गन्दगी का अंबार

जैतपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

याकूतगंज ग्राम पंचायत के तोगापुर गांव में स्वच्छता की स्थिति चिंताजनक हो गई है। सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के कारण गांव की नालियां जाम पड़ी हैं, जिससे गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी केवल खानापूर्ति के लिए मोटरसाइकिल से गांव का चक्कर लगाकर चले जाते हैं। नालियों की नियमित सफाई न होने से जल निकासी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। परिस्थितियों से जूझ रहे ग्रामीणों को अब खुद ही नालियों की सफाई करनी पड़ रही है। रामू वर्मा, रिंकू, रोहित वर्मा, हरिनाम वर्मा और विनोद वर्मा सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान और सचिव को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। स्थानीय प्रशासन की उदासीनता से न केवल स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य विफल हो रहा है, बल्कि ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी जोखिम में है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आकाश वर्मा ने स्थिति का संज्ञान लेते हुए कहा कि सफाई कर्मी की अनुपस्थिति के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से संपर्क कर जल्द ही सफाई कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया है।

खबरें एक नजर में

अवसानेश्वर मन्दिर में गरीबों को बांटे गए कम्बल

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। अवशानेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरि की अध्यक्षता में मंगलवार को गरीबों असहायों के बीच कंबल वितरण किया गया। मंदिर समिति प्रबंधक विनोद गिरि, उपाध्यक्ष राम गोपाल गिरि, सचिव रामकृष्ण, उप सचिव शिवम,राकेश गिरि आदि सदस्य उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की चपेट में युवक घायल

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। लोनी कटरा थानाक्षेत्र के नेराकबूलपुर पेट्रोल पंप से काम करके वापस घर लौट रहा युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गम्भीर हालत में उसे लखनऊ रेफर कर दिया। घायल युवक राजकरन गुप्ता पुत्र रामदेव गुप्ता निवासी लोनी कटरा गांव के ग्राम प्रधान सत्यदेव गुप्ता का चचेरा भाई बताया गया है।

मौलाए कायनात पर अकीदत के साथ लोगों को बांटी शीरनी

सिद्धौर, बाराबंकी। सैय्यदवाड़ा क्षेत्र के संगौरा मोड़ चौराहा पर हर साल की तरह इस साल भी विलायती ब्रदर्स संगौरा की जानिब से जश्ने आमदे मौलाए कायनात हज़रत अली इब्ने अबुतालिब अ.स. मनाया गया व लोगों में शीरनी (मिठाई) तकसीम की गई। प्रोग्राम में सबसे पहले नज़रे मौला अली अ.स. हुई जिसको मौलाना ज़ायर आबिद साहब आलमपुरी ने अंजाम दिया । मौलाना ने हज़रत अली अ.स. के किरदार पर रौशनी डालते हुए लोगों बताया कि मौला का किरदार हम सभी के लिए नमूनाए अमल है। जश्न की संचालन अली जाफ़र संगौरवी ने की शोरा, एकराम में शुजा आलमपुरी, आमिर, ज़ामिन आलमपुरी, सालिम संगौरवी, काशिफ़ संगौरवी , रेहान अब्बास संगौरवी, अली सादिक सल्लमहू ने नज़राने अक़ीदत पेश किया। जश्न के बाद लोगों ने आपस में गले मिलकर एक दूसरे को मुबाराबाद पेश की। विलायती ब्रदर्स संगौरा सैय्यदवाड़ा बाराबंकी के अध्यक्ष अली जवाद ज़ैदी ने आने वाले सभी लोगों को मुबारकबाद देते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।

हजरत अली अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत पर लगा लंगर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। हौज़-ए-काज़मियां रसूलपुर में मौला अली अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत के मौके पर डॉ रेहान काज़मी के पुश्तैनी इमामबारगाह मे नज़्र-ए-मौला का शानदार एहतेमाम किया गया।इस पुरखुलूस मौके पर बड़ी तादाद मे मोमेनीन और एहबाब ने शिरकत की और मौला की बारगाह मे नज़राने अकीदत पेश किए।महफिल मे मेहमानों के लिए खाने-पीने का बेहतरीन इंतज़ाम किया गया,जिसमें तबर्रुक के साथ मौला के नाम की शान में खास लंगर तक्सीम किया गया।हर शख्स ने दिल से मौला अली अलैहिस्सलाम की याद में हिस्सा लिया और इस मौके की रौनक में इज़ाफ़ा किया। इस अवसर पर सैय्यद नेहाल काज़मी,आदिल काज़मी,शफ़क़त अब्बास,मास्टर अफसर,शाज़िब अब्बास,सफ़दर अब्बास,जुहैर अब्बास हज़रतपुरी, शीबू,राहिल काज़मी,साकिब अब्बास,निसार मेहदी प्रधान,ख़ालिद अशरफ,आलमी शायर राशिद कमाल,शाकिब हजरतपुरी वा दीगर लोग मौजूद थे।

जयकारों संग एनसीसी साइकिल रैली का हुआ स्वागत

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रांतिकारी की याद में एनसीसी कैडेट की साइकिल यात्रा कालपी पहुंची, जहां दुर्गा चौराहें में पहले से मौजूद एमएसवी इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट ने शिक्षक लेफ्टिनेंट राजमणि सिंह के नेतृत्व में पुष्प वर्षा करते हुये साइकिल यात्रियों का जयकारों के साथ स्वागत किया।

मालूम हो कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के युवा पीढ़ियों को जागरूक करने के लिए 1 जनवरी 2025 से मेरठ से एनसीसी के कैडेट देश भर में साइकिल से भ्रमण पर निकले हैं। कई शहरों तथा कस्बो से होते हुए रैली मंगलवार को सुबह ऐतिहासिक नगरी कालपी पहुंची, यमुना नदी के पुल के समीप लेफ्टिनेंट राजमणि के नेतृत्व में एनसीसी के कैडेटों के द्वारा साइकिल यात्रियों के ऊपर पुष्पवर्षा करते हुए गगनभेदी नारों के साथ स्वागत किया। भारत माता की जय, महारानी लक्ष्मी अमर रहे नारे लगाकर एनसीसी कैडेटों ने माहौल गूंजायमान कर दिया। स्वागत के लिए तान्या तिवारी, महक, युवराज, शिवा, वैभव गुप्ता, लक्ष्मी, शिवम द्विवेदी, सुमित श्रीवास्तव आदि ने 15 किमी तक साइकिल यात्रा करके क्रांतिकारियों को याद किया। इस मौके पर सुरेंद्र पाल सिंह, वेद प्रकाश, नीरज रायकवार आदि शिक्षक भी स्वागत में मौजूद रहें। एनसीसी शिक्षक लेफ्टिनेंट राजमणि सिंह ने कहा कि देश के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों की याद में यह यात्रा निकाली जा रही है, जिससे युवाओं को पता चल सके कि देश की आजादी में क्रांतिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिससे युवाओं के अंदर देश के प्रति प्रेम भावना जाग सके।

महाकुम्भ को लेकर स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों में चलाया चेकिंग अभियान

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

महाकुंभ-2025 प्रयागराज में तीर्थ यात्रियों तथा भक्तों की भारी भीड़भाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस तथा जीआरपी के द्वारा नगर के अलग-अलग स्थानों में चेकिंग अभियान चलाकर सतर्कता बरती जा रही है।

मंगलवार को रेलवे पुलिस चौकी इंचार्ज संजना सिंह के नेतृत्व में जीआरपी जवानों के द्वारा रेलवे स्टेशन में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में भी चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान प्लेटफार्म नंबर 1 तथा 2 में यात्रियों की भीड़भाड़ के बीच संदिग्ध लोगों की तलाशी लेकर पूंछतांछ की गई। जीआरपी चौकी इंचार्ज ने बताया कि कालपी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक में चार सिपाहियों तथा प्लेटफार्म नंबर 2 में 2 सिपहियों के द्वारा चेकिंग तथा भ्रमणशील के लिए 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा उसरगांव रेलवे स्टेशन तथा आटा रेलवे स्टेशन में भी पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। इसी क्रम में मकर संक्रांति के पर्व पर यमुना स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु यमुना में आस्था की डुबकी लगाई ।, इसी को मद्देनजर रखकर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाल नागेंद्र पाठक, पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव, अधिशाषी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के द्वारा घाटों का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

हमला करने पर चार नामजदों के खिलाफदलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

कालपी,जालौन। घर की बिजली ठीक करने के मामले को लेकर गांव में हुए विवाद में पीड़ित महिला की ओर से चार लोगों के खिलाफ मारपीट तथा दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण को लेकर गुड्डी देवी पत्नी वीरेंद्र निवासी ग्राम मसगायां ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 7 जनवरी की शाम लगभग 6 बजे प्रार्थिनी का पुत्र विक्रम अपने घर की लाइट ठीक कर रहा था। तभी पड़ोस के रहने वाले आरोपी भागीरथ कुशवाहा प्रार्थिनी के घर पर आया तथा वेवजह गाली गलौज करते हुए कहा कि हमारी लाइट को खराब कर दिया। जब प्रार्थिनी ने गाली देने से रोका तो आरोपियों भागीरथ तथा शिवम, राजू तथा अमन ने एकराय होकर लाठी डंडों से हमलाकर दिया।

खाना खाने के दौरान हुये विवाद में हुई मारपीट

जालौन,उरई। खाना खाने के दौरान एक युवक ने दूसरे युवक के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसा दोगढ़ी निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह छिरिया सलेमपुर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नजदीक एक होटल पर खाना खाने के लिए गए था। खाना खाने के दौरान वहां मौजूद अनिकेत निवासी भंगा थाना माधौगढ़ उसके साथ रंगबाजी दिखाते हुए गाली, गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। मारपीट के बाद उसने शिकायत करने पर धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

शीतलहर से बेहाल वृद्धजनों को प्रधान ने बांटे कम्बल

कुठौंद,जालौन समृद्धि न्यूज़।

मकर संक्रांति के अवसर पर ग्राम पंचायत धर्मपुरा बरैला मजरा रूरा जैतिया प्रधान प्रतिनिधि वीर सिंह यादव के द्वारा रूरा जैतिया गांव की वृद्ध महिला जिसकी उम्र लगभग 108 तथा गरीब असहाय लोगों को सर्दी की शुरुआत होने पर लगभग 150 कंबल वितरण किये। गौरतलब हो कि पिछले कई दिनों से शीत लहर चलने से असहाय वृद्धजनों का बुरा हाल था ऐसी स्थिति को देखते हुये ग्राम प्रधान ने गांव के ऐसे 150 लोगों को उनके आवास पर पहुंचकर कम्बल ओढ़ाकर उनका हालचाल भी लिया तो बूढ़े बुजुर्ग महिलाओं तथा पुरुषों ने कंबल मिलने पर बड़े ही प्रफुल्लित हुए और प्रधान प्रतिनिधि को बड़े ही आत्मीयता से सराहनीय कार्य करने की तारीफ करने से नहीं चूके। इस मौके पर पूर्व प्रधान रामशरण शाक्यवार, लल्ला तिवारी, प्रताप सिंह ठाकुर, नमस्ते इंडिया से रामू व जगराम सिंह दोहरे, राम बिहारी दोहरे, रमाकांत यादव की देखरेख में कंबलों का वितरण किया गया।

सिमिरिया में विद्युत चोरी का मामला 8 हजार में निपटा

▸ प्राइवेट कर्मियों व लाइनमैनों को क्षेत्रीय जेई का खुला संरक्षण

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

जनपद के विद्युत महमके में लंबे समय से प्राइवेट कर्मियों व लाइनमैनों की मिलीभगत से कथित रूप से विद्युत चोरी करवाकर विभाग का कबाड़ा निकालने में जेई तक की सांठगांठ प्रत्यक्ष रूप से होती है। ऐसा ही ग्राम सिमिरिया में कथित विद्युत चोरी के मामले में प्राइवेट लाइनमैनों ने 8 हजार रुपये में सौदा पटने के बाद रफादफा कर दिया तो वहीं वहां पर संचालित मौरम घाट संचालक के विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कर कागजी खानापूर्ति कर डाली। इस पूरे प्रकरण से जुड़े कई ऑडियों व बीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जबाब देने से कतराते नजर आ रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम सिमिरिया में गत दिवस विभाग ने एक नलकूप से खेत पर ही लाइन पड़ी देखी तो पहले नलकूप मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की धौंस दे डाली लेकिन जब प्राइवेट कर्मियों व लाइनमैनों से इस संबंध में नलकूप मालिक ने मोबाइल पर बातचीत की तो उन्होंने बीच का रास्ता निकालते हुये 15 हजार रुपये की डिमांड रखी बाद में मामला 8 हजार रुपये में फिक्स हुआ तो पूरे प्रकरण से जुड़े विभाग के ही भागचंद संविदा कर्मी लाइनमैन, मंगल, गजराज मुख्य आरक्षी प्रवर्तन दल जालौन ने सारे मामले से क्षेत्रीय जेई को मोबाइल पर अवगत कराया तो उन्होंने ओके कहकर अपनी हामी भर दी। लेकिन यह मामला यहीं आकर नहीं रुका बल्कि शातिर दिमाग विद्युत महकमे के प्राइवेट लाइनमैनों के मन में पैसा कमाने की धुन ऐसी सवार हुई कि उन्होंने सिमिरिया में मौरम घाट का संचालन करने वाले बलवंत सिंह परिहार निवासी ग्राम नबादा के विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज करने का दानाबाना बुन डाला।

मारपीट मामले में तीन पर दर्ज हुआ मुकदमा

कोंच,जालौन। मारपीट के मामले में पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुहल्ला तिलक नगर निवासी महिला वर्षा पत्नि अतुल कुशवाहा ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 10 जनवरी की शाम 4 बजे उसका पति, देवर मोहित के साथ बगीचे से सूखी लकड़ियां बाइक पर रखकर घर आ रहे थे। रास्ते में मुहल्ले के ही निवासी ब्रजबिहारी शिवहरे ने अपने पुत्र पीयूष और अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ मिलकर पति की बाइक रोक ली।

सील बीयर ठेके की दीवार तोड़ बोतलें व कैन किया चोरी

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

▸ आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

बीयर के ठेके पर अनियमितता मिलने पर लगभग तीन माह पूर्व बीयर के ठेके को सील कर दिया गया था। सील हुए ठेके की दीवार तोड़कर अज्ञात चोरों ने बीयर की कैन व बोतलें चोरी कर लीं। आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। आबकारी निरीक्षक देवेश कुमार अग्निहोत्री ने पुलिस को बताया कि देवनगर चौराहे पर प्रेमादेवी के नाम पर बीयर का ठेका आवंटित किया गया था। 14 अक्टूबर 2024 को बीयर के ठेके पर अनियमितताएं मिलने पर बीयर के ठेके को सील कर दिया गया था। जब ठेके को सील किया गया तब उसमें 945 बीयर की कैन व 212 बोतलें थीं। सील करने के बाद बीयर का नया ई टेंडर किया गया। बीयर के ठेके में उपलब्ध माल के मिलान के लिए मंगलवार को जब बीयर के ठेके की सील खोली गई और अंदर पहुंचे तो अंदर से माल गायब था। बीयर की 945 कैन व 212 बोतलें चोरी कर ली गई थीं। जब इसकी जांच की गई तो पता चला कि ठेके के बगल की दीवाल तोड़कर अज्ञत चोर ठेके में घुस गए और बीयर चोरी करके दीवार पुनः जोड़ दी।

मिल्कीपुर चुनाव प्रबंधन के लिए समिति गठित

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

मिल्कीपुर चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव प्रबंधन समिति गठित की है।प्रबंधन समिति की पहली बैठक सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई।

बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर,एमएलसी अवनीश पटेल तथा धर्मेन्द्र सिंह ने संचालन समिति के प्रमुख कार्यकताओं उनके दायित्व के बारे में समझाया। प्रबंधन समिति में रघुनंदन चौरसिया को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है।बूथ प्रबंधन का कार्य राघवेन्द्र पाण्डेय,पन्ना प्रमुख अशोक कसौधन,मतदाता सूची कार्य प्रमुख कृष्ण कुमार पाण्डेय, मतदाता पर्ची प्रमुख ओम प्रकाश सिंह,कार्यक्रम एवं अभियान प्रमुख सौरभ मिश्रा मोर्चा अभियान प्रमुख हर्षवर्धन सिंह, सामाजिक टोली सम्पर्क प्रमुख पुष्पेन्द्र रावत,सभा व रैली प्रमुख अभिषेक मिश्र,विचार परिवार प्रमुख ऋषिकेश उपाध्याय, मीडिया प्रमुख दिवाकर सिंह, सोशल मीडिया प्रमुख प्रवेश मिश्र,आईटी प्रमुख विवेक पाण्डेय,बैठक प्रवास प्रमुख कमला शंकर पाण्डेय,घर घर सम्पर्क अवधेश श्रीवास्तव, प्रवासी मतदाता सम्पर्क प्रमुख अभय गुप्ता प्रशासनिक कार्य के लिए कृष्ण मुरारी सिंह,कार्यालय प्रमुख जर्नादन मौर्या,भोजन व्यवस्था प्रमुख श्याम सिंह सुशील मिश्र बब्लू,आवास व्यवस्था सुनील शास्त्री,वाहन प्रमुख इंद्रभान सिंह,प्रत्याशी जनसम्पर्क प्रमुख अशोक मिश्रा को बनाया गया है। सभी प्रमुखों के सहयोग के लिए अन्य कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि एक समान प्रकृति के व्यवस्थाओं के प्रमुख आपस में लगातार सम्पर्क में रहें।

चन्द्रभानु पासवान मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार घोषित

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

भाजपा ने मिल्कीपुर उपचुनाव में चन्द्रभानु पासवान को उम्मीदवार बनाया गया है। उनके नाम की घोषणा के बाद भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया। चन्द्रभानु पासवान की पत्नी कंचन पासवान वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य है।वर्ष 2015 के चुनाव में भी वह जिला पंचायत सदस्य की चुनाव जीती थी। चन्द्रभानु पेशे से अधिवक्ता है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि पार्टी में पूर्ण आंतरिक लोकतंत्र है। पार्टी का छोटा से छोटा कार्यकर्ता पार्टी के प्रति अपने समर्पण से आगे बढ़ सकता है। चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में हुए विकास को हर व्यक्ति ने किसी न किसी तरह से महसूस किया है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा उसके सफल क्रियान्वयन से जनता में पार्टी के प्रति उत्साह का माहौल है। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि पार्टी चुनाव को लेकर लगातार एक्टिव मोड में है। चुनाव प्रबंधन समिति का गठन हो गया है। कार्यकर्ता व पदाधिकारी चुनाव को लेकर लगातार एक्टिव है।टोली बनाकर हर घर हर मतदाता तीन बार सम्पर्क का लक्ष्य लेकर घर-घर सम्पर्क व संवाद किया जा रहा है।

आवश्यक सूचना

मैं दिनांक 09 जनवरी 2025 को लखीमपुर खीरी से सिकोहाबाद डिप्लोमा लेने जा रही थी,रास्ते में बैंग गिर जाने से JS university enrollment no.J 161011332, 2nd year मार्कशीट, और j161011098 final year मार्कशीट व अन्य सामग्री कहीं गिर गयी है। स्वाती पुत्री श्री राकेश कुमार, आस्था/ राजेंद्र प्रसाद पुष्कर। मोहल्ला 168, कमलापुर शिव कालोनी थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी।

खिचड़ी वितरित कर धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का पर्व

▸ कन्याओं व संत महात्माओं को किया दान पुण्य

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर व क्षेत्र में जगह-जगह खिचड़ी भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नगर व क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद वितरण कर ग्रहण किया। जबकि महिला व पुरूषों ने दान पुण्य कर धूमधाम से पर्व को मनाया। इस मौके पर लोगों ने मंदिरों में जाकर अपने आराध्य की पूजा अर्चना कर प्रार्थना की। मंगलवार को घने कोहरे के बीच नगर व क्षेत्र में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह से ही लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर अपने आराध्य की पूजा अर्चना कर प्रार्थना की। कन्याओं, संत महात्माओं को खिचड़ी, वस्त्र, दक्षिणा आदि भेंट कर आशीर्वाद लिया। जबकि कई स्थानों पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने गंगा तटों पर आस्था की डुबकी लगाकर दान पुण्य किया। नगर के तिर्वा रोड, जीटी रोड, चौराहा, तिराहा, रामगंज सहित नगर के मोहल्लों व सावर्जनिक स्थलों पर खिचड़ी का वितरण किया गया। जिससे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान समाजसेवी मयंक गुप्ता, जीतू तिवारी, राजीव ठाकुर, नीरज मिश्रा, रामसेवक बाथम, राज सिंह छोटे ठाकुर, अरुण शर्मा, मनी गुप्ता, विजय गुप्ता, शिवमराज वर्मा, उत्कर्ष गुप्ता, पंकज गुप्ता, राजेश गुप्ता, श्याम यादव, मोहित पाठक, राम नरेश यादव, दिनेश, राहुल शर्मा, आशु वर्मा, अजीत गुप्ता, उपेन्द्र, धर्मेंद्र तिवारी, प्रदीप मिश्रा, शिवजी, सुमित तिवारी, राहुल यादव आदि मौजूद रहे।

नगर के तिर्वा रोड पर खिचड़ी वितरित करते श्रद्धालु।

नगर के जीटी रोड पर भंडारों में प्रसाद लेते लोग।

मकर संक्रांति पर डिप्टी सीएमओ ने बांटे कंबल

▸ कंबल पाकर भट्ठा मजदूरों के खिले चेहरे

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

सर्द हवाओं के साथ गलन बढ़ने पर परेशानी उस वर्ग को ज्यादा है। जो खुले में निवास कर रहा है। या जिनके पक्के मकान नहीं है। वह सबसे ज्यादा प्रभावित है। इस बात के मद्देनजर डिप्टी सीएमओ डॉ महेंद्र भान सिंह ने भट्ठा मजदूरों को कंबल वितरण किए।

कंबल पाकर मजदूरों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मकर संक्रांति के अवसर पर सीएमओ डॉ महेंद्र भान सिंह ने मानीमऊ क्षेत्र के एक भठ्ठे पर पहुंचकर भट्ठा मजदूरों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरण किए। ताकि उनको ठंड से राहत मिल सके। कंबल पाकर मजदूरों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इसी तरह जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र में दिव्यता शसक्तीकरण फाउंडेशन की अध्यक्ष सिमरन शर्मा ने अपनी टीम के सदस्य गीता चतुर्वेदी, चंद्रप्रकाश, नैतिक के साथ कई गरीब, असहाय और जरूरतमदों को कंबल का वितरण किया। सिमरन शर्मा ने कहा कि कई ऐसे लोग है। जिनके पास सर्दी से बचाव के पर्याप्त साधन नही है। उनकी मदद के लिए समाजसेवी को आगे आना चाहिए। और उनकी मदद करनी चाहिए।

भट्ठा मजदूर को कंबल देते डिप्टी सीएमओ डॉ महेंद्र भान सिंह

एसपी ने मेहंदी गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेते एसपी विनोद कुमार

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने मकर संक्रांति पर्व स्नान को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु मेहंदी घाट का निरीक्षण किया। स्नान के दौरान रुट डायवर्जन, पार्किंग स्थलों व आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत एक प्लाटून फ्लड पीएसी व एक दर्जन स्थानीय गोताखोरों को नियुक्त किया गया। साथ ही खोया- पाया केंद्र स्थापित किया गया। स्नान क्षेत्र में प्रवेश करने वाले मार्गो में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई।

पुलिस ने वारण्टी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी कोतवाली कपिल दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त आशीष कश्यप (32) पुत्र रामजी कश्यप निवासी मो. आनन्दी दास नगर कोट कालोनी जिला कन्नौज संबंधित एनबीडब्लू वारण्ट वाद सख्या 1915/22 खाद्य सुरक्षा अधिनियम न्यायालय सीजेएम कोर्ट को उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

मकर संक्रांति पर विभिन्न जगह हुआ खिचड़ी भोज

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

सूर्य के उत्तरायण होने की तिथि को मनाए जाने वाले पर्व मकर संक्रांति को पूरे देश में धूम धाम से मनाया जाता है। कस्बा में भी इस पर्व की धूम देखने को मिली। श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में श्रीबजरंग सेवा समिति के द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया। इसके अलावा जेल क्रासिंग, चौरसिया टेंट हाउस के प्रतिष्ठान सहित आदि स्थानों पर खिड़की का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी का भोज किया। खिचड़ी भोज का लोगों ने आनंद उठाया। सूर्य के उत्तरायण में प्रवेश होने के दिन को मकर संक्रांति या खिचड़ी भोज के रूप में मनाते हुए दान दक्षिणा का विशेष महत्व रहता है। उसी के चलते पूरे भारतवर्ष में जहां एक ओर मकर संक्रांति का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

जामा मस्जिद, छिबरामऊ की जानिब से फातिहा का किया इंतिजाम

छिबरामऊ, कन्नौज। हज़रत मौला अली की यौमे बिलादत के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी अंजुमन मुस्लिम कमेटी, जामा मस्जिद, छिबरामऊ की जानिब से फातिहा का इंतिजाम किया गया। फातिहा के बाद हाफ़िज़ मुजीब साहब ने देश और दुनिया मे अमन और शांति के लिए दुआ की अंजुमन मुस्लिम कमेटी के सदर जाहिद चिश्ती ने बताया की मौला अली को शेरे खुदा भी कहा जाता है मौला अली, हुजूर पाक के दामाद है मौला अली के बेटे इमाम हसन और इमाम हुसैन है। मौला अली ने हुजूर पाक के साथ हक़ और बातिल के लिए कई जंगे लड़ी और फतेह हासिल की मौला अली ने अपना पूरा जीवन दीन की खिदमत मे लगा दिया ।

अली की यौमे विलादत पर बांटा तबर्रुक : सुन्नी अजहरी फाउंडेशन

छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज़।

▸ यह मुबारक दिन हम सबके लिए खुशी और बरकत का पैगाम लाता है

मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती,नूरी मस्जिद में मंगलवार को बाद नमाज जोहर हजरत ए अली की विलादत के मुबारक मौके पर सुन्नी अजहरी फाउंडेशन की जानिब से फातिहा का इंतेज़ाम किया गया है बाद नमाज सभी को तबर्रुक बांटा गया। यह मुबारक दिन हम सबके लिए खुशी और बरकत का पैगाम लाता है। मौला अली जिनकी शख्सियत इंसाफ, हिकमत और बहादुरी का मिसाल है, उनकी विलादत रूहानी रोशनी से भरपूर है। अली ने हक की राह में जंगे लड़ीं और हक और बातिल की लड़ाई में हमेशा जंग जीती। मौला अली की बहादुरी पर पूरी दुनियां फख्र करती हैं आप ने दीन ए इस्लाम फैलाया। मौला अली ने हमें इंसानियत, सच्चाई और हक की राह पर चलने का पैगाम दिया। हम उनके बताए हुए उसूलों पर अमल करें और उनकी मुहब्बत को अपने दिलों में जिंदा रखें। मौला अली के जन्मदिन के मौके पर मुजफ्फर हुसैन अज़हरी, महमूद मंसूरी, मोहम्मद सलीम, महफूज़ रज़ा, मुकीम रज़ा, आदि स्थानीय लोग शामिल रहे।

खबरें एक नजर में

आज मनाया जायेगा सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन

छिबरामऊ। डिंपल यादव सांसद जी का जन्मदिन मनाया जाएगा। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर सुबह 12 बजे आप सभी कार्यकर्ता सेक्टर प्रभारी व बुथ प्रभारी व नेतागढ़ पहुंचे रहकर सफल बनाए।

अज्ञात शव की दूसरे दिन भी नहीं हो सकी शिनाख्त

तिर्वा। कस्बे में पुरानी तहसील के निकट सोमवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस ने युवक की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में भी सूचना की थी, लेकिन दूसरे दिन भी युवक की शिनाख्त हो सकी। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। कस्बे के मोहल्ला बौद्धनगर में स्थित पुरानी तहसील के पीछे एक बाग में सोमवार की सुबह एक 26 बर्षीय अज्ञात युवक का शव नागरिकों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया था। शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया गया था। पुलिस ने आसपास के थानों में भी अज्ञात शव पाए जाने की सूचना दी थी, किन्तु दूसरे दिन भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव अभी भी मोर्चरी में रखा हुआ है। उसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

सर्दी की चपेट में आए किसान की मौत

गुरसहायगंज, कन्नौज। सर्दी लगने से किसान की खेत में ही मौत हो गई। इसके परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मंगलवार की सुबह खेत की ओर निकले ग्राम भवानीपुर निवासी नंदकिशोर उर्फछोटे (40) का शव ग्राम उसके खेत में पड़ा मिला। इससे किसान के परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। जिस पर मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक मोहनलाल ने शव का पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सर्दी लगने के कारण नंदकिशोर की खेत में ही मौत हो गई। मामले की जांच की जा रही है।

मकर संक्रांति पर मंदिरों में पूजा अर्चना कर किया दान

जालौन,उरई। मकर संक्रांति के मौके पर नगर में जगह जगह लोगों को खिचड़ी और चाय का वितरण किया गया। मंगलवार को मकर संक्रांति के मौके पर लोगों ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की और खिचड़ी समेत अन्य खाद्य पदार्थों का दान दिया। इस दौरान नगर में जगह जगह खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। झंडा चौराहा पर व्यापारियों ने काउंटर लगाकर राहगीरों को खिचड़ी वितरित की। व्यापारियों ने लोगों को रोक रोक कर खिचड़ी खिलायी। द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा और उरई मार्ग स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में मंदिर के पुजारी कमलेश महाराज के नेतृत्व में मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना करने आने वाले भक्तों को गर्मागर्म चाय व खिचड़ी बांटी। साथ ही लोगों को ठंड से बचाव के अलावा भी लगाया गया। नगर के समाजसेवियों ने राहगीरों को हाड़ कपाऊ ठंड से राहत दिलाने के लिए निशुल्क कॉफी का वितरण किया।

मकर संक्रांति पर कही खिचड़ी तो कही लगा भण्डारा

छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज़।

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जगह जगह खिचड़ी भोज व सब्जी पूडी का भण्डारे का अयोजन किया गया। सौरिख रोड स्थित बाबा की बगिया मे मंगलवार व मकर संक्रांति के पर्व पर बाबा के भक्तो द्वारा भण्डारे का प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान चन्दजीत यादव एडवोकेट पूर्व महासचिव,सतेन्द्र यादव फौजी,श्याम यादव, प्रदीप यादव, अशीष यादव,विजय पाल ,सौरभ शाक्य सहित कई लोग मौजूद रहे। वही सौरिख तिराहे पर दुरंगारंग टाकीज पर डॉक्टर वरुण प्रताप सिंह द्वारा व ग्राम जसुआमई मे प्रशांतानंद उर्फ चंदन के आवास पर सुन्दर काण्ड के पाठ व खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया इस दौरान विकास दीक्षित, हरिओम दीक्षित, शिवानंद दीक्षित, मौजूद रहे।पूर्वी बाईपास पर अकित पाण्डेय के प्रतिष्ठान पर खिचडी भोज का आयोजन किया गया इस दौरान अनुराग अग्निहोत्री, सलोक दुबे, अकित मिश्रा,सकित पाण्डेय अदि मौजूद रहे। रोडवेज बस स्टेशन पर चिराग एंटरप्राइजेज पर खिचड़ी वितरण किया गया जिसमें पूसी मिश्रा हिमांक मिश्रा जैकी राजेश मिश्रा आशुतोष चतुर्वेदी डॉक्टर विवेक मिश्रा राम पंकज मौजूद रहे।

जरूरतमंदों को टीएसआई ने बांटे कंबल, खिले चेहरे

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को जहां मकर संक्रांति के अवसर पर टीएसआई अरशद अली ने शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखा। वहीं शहर के सरायमीरा रोडवेज बस अड्डे के बाहर टीएसआई अरशद अली ने निर्धन, असहाय गरीबों को कंबल का वितरण किया। जहां कंबल पाकर सर्दी में ठिठुर रहे असहाय लोगों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी।

वही मकर संक्रांति के अवसर पर किए गए कंबल वितरण पर आम जन टीएसआई अरशद अली की प्रशंसा करते हुए दिखाई दिए।टीएसआई ने आमजन से अनुरोध किया कि मकर संक्रांति के अवसर पर काफी लोग त्यौहार के मौके पर पतंग बाजी करते है। जिसके मंझे से कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। कोई अप्रिय घटना घटित ना हो इसलिए आवश्यक हो तो घर के बाहर निकले तथा बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। जिससे पतंग के मंझे से कोई भी अप्रिय घटना घटित ना हो सके। इस दौरान समाजसेवी राज कुमार यादव, अतवीर यादव, अंकित यादव, मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, नवदीप कुमार सहित आदि रहे।

जरूरतमंद को कंबल देते टीएसआई अरशद अली

आस्था संस्कृति के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।

मकर संक्रांति का पर्व मंगलवार को पूरी आस्था संस्कृति के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने सुबह सवेरे डुबकी लगा कर दान पुण्य किया। कई स्थानों पर खिचड़ी बांटी गयी। जेडीसी बैंक के समीप खिचड़ी वितरित की गयी। व्यवस्था में गल्ला, सर्राफा व्यापारी जयप्रकाश सोनी, शैलेश, संजय सोनी, सुधीर, सुरेश, प्रमोद, अरुण, शंभूदयाल, कुलदीप, डीके, अनिल, सचिन, पवन, अमित, सावन, गोटीराम, विवेक अग्रवाल, शुभ, लाभ, अम्बर, दर्श, कान्हा आदि संलग्न रहे। भाजपा नगर इकाई द्वारा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल के नेतृत्व में दरिद्र नारायण सेवा समिति आश्रम पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व सर्व समाज में समरसता का पर्व है, हम सभी लोगों को समाज के अंत्योदय हेतु सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। यहां पर दरिद्रों सहित पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं के अलावा सैंकड़ों नागरिकों ने सामूहिक रूप से खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक आशुतोष मिश्रा, दरिद्र नारायण सेवा समिति के संयोजक कढ़ोरे बाबूजी, प्रभंजन गर्ग, दीपक मिश्रा, अनिल अग्रवाल, मनीष नगरिया, धर्मेंद्र राठौर, राघवेन्द्र निरंजन, शैलेन्द्र सर्राफ, बृजेंद्र कुशवाहा, सौरभ पुरवार, विकास पटेल, राजेंद्र दुबे आदि मौजूद रहे।

तिर्वा में मनाया गया मकर संक्रान्ति का पर्व

▸ कस्बे में विभिन्न स्थानों पर बांटी गई खिचड़ी

▸ मंदिरों के दिखा उत्साह, सुंदरकाण्ड पाठ का हुआ आयोजन

तिर्वा, समृद्धि न्यूज।

मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर मंगलवार को कस्बे में दर्जनों स्थानों पर कीचड़ भोज का आयोजन किया गया। धार्मिक स्थलों पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित खिचड़ी भोज कार्यक्रमों में भारी संख्या में लोगों की भीड़ लग रही। कस्बे के कई धार्मिक स्थलों पर मकर संक्रान्ति के पर्व पर सुन्दरकाण्ड कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसके अलावा गांधी चैक चैराहा, बस अड्डा, क्रान्ति चैराहा, ठठिया रोड चैराहा, मां अन्नपूर्णा मंदिर तिराहा, इंदरगढ़ तिराहे, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, बस स्टॉप के निकट सहित दर्जनों जगहों पर नगर के गणमान्य लोगों व समाजसेवियों ने लोगों को खिचड़ी वितरित की। नगर के अलावा ग्रामीण अंचलो में भी मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने जमकर पंतगो का लुफ्त उठाया। इंदरगढ़ क्षेत्र में भी कई जगह खिचड़ी वितरित की गई।

गांधी चौक चौराहे पर खिचड़ी बांटते समाजसेवी

चारपहिया वाहन ओवरटेक के चक्कर में बाइक सवार तीन घायल

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज। चार पहिया वाहन ने ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हुए। एक की हालत गंभीर होने पर उसे उच्च संस्थान रेफर किया गया।

माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रूरा निवासी राहुल (21), दीपू (22) निवासी नौरेजपुर पीपरी व राजेश (50) निवासी गोपालपुरा बाइक से जालौन की ओर से बंगरा की ओर जा रहे थे। जब वह बाइक से सुढ़ार सालाबाद स्थित बंबी के पास पहुंचे। तभी पीछे से आ रही एक कार ने उन्हें ओवरटेक करने का प्रयास किया।

सौ गरीब व जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

▸ श्रीराम मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर के मुख्य चौराहा स्थित श्री राम मंदिर परिसर में अपर जिला अधिकारी ने सौ गरीबों को कंबल बांटे और खिचड़ी भोज कराया। इससे पहले श्री राम मंदिर परिसर में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया। जिसका श्रवण कर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंगलवार को राम जानकी मंदिर में पनगवां ट्रस्ट की ओर से अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह के द्वारा 100 गरीबों को कंबल वितरित किए गए और खिचड़ी भोज कराया गया। इससे पूर्व मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी हुआ। जिसमें नगर सहित क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। ट्रस्ट के लिपिक गौरव कश्यप, मंदिर के महंत राकेश चंद्र दुबे, नीरज मिश्रा, विजय दुबे, पंकज गुप्ता, नीरज गुप्ता, आशीष दुबे सहित कई लोग मौजूद रहे। कंबल लेने के लिए मंदिर के बाहर गरीब व जरुरत मंदों की भारी भीड़ जमा हो गई।

गरीबों को कंबल वितरित करते एडीएम के बच्चे।

श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान में उमड़ी भक्तों की भीड़

कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।

नगर में एट तिराहे पर नहर किनारे स्थित पूर्व ब्लॉक प्रमुख ऐंद्रकुमार निरंजन के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान कथा व्यास पं. राजेश्वर महाराज ने बताया कि अगर भगवान को प्राप्त करने का उपाय नहीं किया तो जीव को चौरासी लाख योनियों में भटकना पड़ता है। कथावाचक ने कहा कि भक्तों के कष्ट दूर करने के लिए ही भगवान का इस धरा पर आविर्भाव होता है किंतु यह तभी संभव है जब भक्त निश्छल और कपटरहित हृदय से उनका स्मरण करता है। उन्होंने परमात्म तत्व के बारे में भी श्रोताओं को विस्तार से बताया। कथा व्यास कहते हैं, गाय, ब्राह्मण, संत और सत्संगी जीवों पर जब भी विपत्ति आती है और वे निर्मल मन से जब भगवान का स्मरण करते हैं तब परमात्मा किसी न किसी रूप में इस धरा धाम पर अवतार धारण करते हैं। परमात्मा का वास सब जगह है, बस जरूरत है उसे पहचानने की, जो भी उसे सच्चे मन से स्मरण करता है वह अवश्य ही उसे प्राप्त होते हैं। उन्होंने ऋषि कर्दम और देवहूति के विवाह, भगवान कपिल का अवतार और ब्रह्मा जी से अंगिरा, पुलस्त्य, अत्रि, वशिष्ठ, भृगु, अथर्व, नारद आदि दस ऋषियों के प्रादुर्भाव और उनमें से नौ के विवाहों की सुंदर कथा का श्रवण कराया।

आसमान में छाये कोहरे ने बढ़ाई सर्दी व गलन

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सर्द हवाओं से जहां लोगो का जीना मुहाल है। तो वही जीव जन्तु भी सुरक्षित स्थानों पर दुबके है। ऐसे में प्रशासन द्वारा जलवाए जा रहे अलाव ऊंट के मुंह मे जीरा साबित होते नजर आ रहे है। लोगों ने पालिका व जिला प्रशासन से अलाव की लकड़ी गली नुक्कड व चिन्हित स्थानों पर जलवाए जाने की मांग की है। मंगलवार को घने कोहरे के कारण दिनभर सूर्यदेव आसमान में छिपे रहे। जबकि सर्द हवाओं ने सर्दी व गलन को और बढ़ा दिया। विगत एक पखवारे से कोहरा व गलन भरी सर्दी सातवें आसमान पर है। सर्दी और गलन कम होने के बजाय बढ़ती ही जा रही है। गरीबों के लिए यह सर्दी किसी अभिशाप से कम नहीं है। तो दुकानदारों, मजदूरों, किसानों, छात्रों, यात्रियों व व्यापारियों आदि को घने कोहरे व सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों को ग्राहकों की कमी खल रही है। नागरिकों का कहना है कि मंगलवार का दिन बेहद सर्द रहा। इससे आने वाले दिनों में सर्दी और बढ़ने की संभावना है। कहा कि सर्दी से बचाव के लिए जगह जगह अलाव जलवाना चाहिए। गरीबों व जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर उनकी मदद की भी आवश्यकता है। ऐसे में समाजसेवी व संगठन भी नदारत है। नागरिकों ने प्रशासन से हर गली-नुक्कड पर अलाव जलवाए जाने की मांग की है। जिससे गलन भरी सर्दी से जरुरतमंदों को निजात मिल सके।

घरों में दुबके लोग, नहीं दिखे सूर्यदेव

अलाव तापकर सर्दी से बचाव करते लोग।

मकर संक्रांति पर भक्तों ने गंगा में डुबकी लगाकर खिचड़ी व तिल का किया दान

कई स्थानों पर खिचड़ी भोज का किया गया आयोजन, खूब बिकी गजक व गटियां

मकर संक्रांति पर गंगा में डुबकी लगाते भक्तगण

भंडारे के दौरान खिचड़ी का प्रसाद लेते लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मकर संक्रांति पर भक्तों ने मां भागीदारी में हर-हर गंगे के बीच डुबकी लगायी और खिचड़ी तथा तिल का दान किया। वहीं नगर में कई स्थानों पर खिचड़ी भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मकर संक्रांति का पर्व हिन्दुओं का बहुत बड़ा त्योहार है। इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। इस दिन तिल, गुड़, गजक, पट्टी, खिचड़ी का दान शुभ माना जाता है, तभी तो लोग इस दिन दिल खोलकर दान करते हैं। मंगलवार को मकर संक्रांति पर जनपद में विभिन्न मंदिरों व मुख्य मार्गों पर खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ। मकर संक्रांति पर्व पर सुबह से लोग गंगा स्नान के साथ मंदिरों में पूजा अर्चना की और दान पुण्य किया। मकर संक्रांति पर्व पर दान पुण्य शुभ माना गया है। सनातन धर्म में मकर संक्रांति पर दान करना और गंगा सागर की यात्रा करना शुभ माना गया है। आज के दिन इस त्योहार को पूरे देश में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। बंगाल में इस पर्व को पूजा अर्चना के साथ गंगा सागर की यात्रा करके पूरा माना जाता है। पूरे देश से हजारों अनुयाई मकर संक्रांति पर गंगा सागर पहुंचकर स्नान करते हैं। इस तीर्थस्थल पर पूजा अर्चना वर्ष में एक बार होती है। नगर में बढ़पुर मंदिर के पास, त्रिपोलिका चौक पर, लाल तिराहे पर, भोलेपुर आदि स्थानों पर लोगों ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया। देर शाम तक प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। वहीं घरों में भी महिलाओं व पुरुषों ने स्नान आदि के बाद तुलादान किया तथा कन्याओं को खिचड़ी भोज कराया। ऐसा क्रम पूरे दिन चलता रहा। मंदिरों में भी पूरे दिन खिचड़ी भोज का क्रम चलता रहा।

चोरों ने कार से स्टेफनी टायर किया चोरी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। बीती रात घर के बरामदे में खड़ी कार की अज्ञात चोरों ने स्टेफनी टायर चोरी कर लिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव त्यौरी इस्माइलपुर निवासी बलबीर सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती रात गाड़ी लेकर घर लौटे थे। गाड़ी बैगनआर को अपने घर के बरामदे में खड़ा कर दिया था और खाना खा पीकर परिजनों के साथ सो गये, तभी रात में किसी समय अज्ञात चोरों ने उनकी कार की स्टेफनी टायर खोल लिया। जब पीड़ित बाहर बरामदे में आया, तो देखा कि कार का टायर गायब था। इधर-उधर काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिस पर पीड़ित ने थाना पहुंचकर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी का डीएम ने किया उद्घाटन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मिनी कुम्भ मेला श्रीरामनगरिया में सूचना विभाग की तरफ से लगायी गयी प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह तथा सीडीओ अरविन्द कुमार मिश्रा ने फीता काटकर किया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को सरकारी पांडाल में सूचना विभाग की तरफ से लगायी गयी प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में कुंभ मेला 2025 को प्रमुखता से दर्शाया गया। इसके साथी भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों को चित्रों के माध्यम से दर्शाना गया है। जिसमें प्रमुख रूप से 5 लाख आवासों का निर्माण करना, उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस कनेक्शन देना, 21 करोड़ से अधिक कन्या सुमंगला योजना के तहत कन्याओं को लाभान्वित करने समेत विभिन्न योजनाओं को दर्शाया गया है। इस दौरान एडीएम सुभाष प्रजापति, सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल, सूचना विभाग अधिकारी प्रभारी ओमवीर सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रशासनिक अधिकारी

पैंटून पुल पर घूम रहे आवारा सांड, श्रद्धालु परेशान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मेला रामनगरिया में लोगों की काफी भीड़ उमड़ रही है। वहीं पुरानी घटिया पर बनाया गया पैंटून पुल लोगों के आवागमन के लिए बनाया गया है, लेकिन पैंटून पुल से मंगलवार को एक आवारा सांड कहीं से आ गया। जिससे लोगों में अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। निकल रहे लोग दहशतजदा हो गये कि कहीं आवारा सांड किसी पर हमला न बोल दे। जब आवारा सांड पैंटून पुल से निकल गया, तब लोगों ने राहत की सांस ली। बताते चलें कि बीते दिनों जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने मेला क्षेत्र में भ्रमण कर रहे आवारा गौवंशों को गौशाला में बंद कराये जाने के निर्देश दिये थे, लेकिन उनके निर्देश का पालन नहीं हुआ। अब भी कई आवारा गौवंश मेले में स्वछंद विचरण करते देखे जा रहे हैं। जो कल्पवासियों व साधु संतों की जान के दुश्मन बने हुए हैं। मकर संक्रांति का पर्व होने के चलते मंगलवार को मेले में भारी भीड़ दर्ज की गयी।

पैंटून पुल से गुजर रहा आवारा सांड

अज्ञात कल्पवासी ने लींकेज गैस सिलेंडर पुल के नीचे फेंका

- सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कब्जे में लिया

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गंगा के पावन तट पर आबाद मेला श्रीराम नगरिया पांचाल घाट पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा होने से बच गया। किसी अज्ञात कल्पवासी के द्वारा गैस रिसाव करता हुआ सिलेंडर पुल के नीचे फेंक दिया गया। जिसके पास से रास्ता भी निकलता है। मेला परिसर में जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाते समय जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल की नजर गैस सिलेंडर पर पड़ी, तो उन्होंने तत्काल ही वहां पर कल्पवास कर रहे लोगों को हटाया एवं रास्ते से गुजर रहे लोगों को रोका गया। मौके पर उपस्थित कल्पवासी के द्वारा सिलेंडर की गैस रिसाव को रोका गया। नमामि गंगे टीम के सदस्य अनुज कुमार के द्वारा तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर सिलेंडर को अपने कब्जे में लिया। निहारिका पटेल एवं उनकी टीम के द्वारा उपस्थित लोगों को सिलेंडर एवं अन्य अग्नि यंत्र प्रयोग करने एवं ऐसी कोई भी घटना के लिए तत्काल प्रशासन को सूचना देने के लिए अवगत कराया गया। उन्होंने सभी को इमरजेंसी नंबर भी उपलब्ध कराया। जिस जगह पर घटना घटित हुई वहां पर कई लोगों की राउटियां बनी हुई है। उपस्थित लोगों ने सिलेंडर के बारे में जानकारी न होने से मना कर दिया। ज्ञात है कि विगत वर्ष भी एक बड़ा अग्निकांड हादसा हो चुका है। जिसको लेकर प्रशासन अलर्ट है। ऐसे में मेला परिसर में किसी भी तरह की कोई भी घटना न घटने पाए इसके लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर नमामि गंगे टीम के सुमित कुमार, विकास कुमार, हिमांशु, प्रियांशी, नेहा, आयुष राठौर, जानवी मिश्रा, रचना गुप्ता एवं अन्य लोगों उपस्थित रहे। फायर ब्रिगेड की टीम में बीएल यादव, भंवर सिंह, दीपक वर्मा, सोहेल अहमद, चालक सत्य प्रकाश और मेला प्रभारी संजय कुमार राय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सभी के द्वारा यह साहसिक कार्य करते हुए मेला में एक बड़ी घटना घटने से रोका गया।

सिलेंडर को निष्क्रीय करने के बाद मौजूद फायर ब्रिगेड के कर्मचारी

वन विभाग के दो सैकड़ा पेड़ों का वन दरोगा ने किया सौदा

- क्षेत्रीय वन्य अधिकारी राजेश कुमार को नहीं है जानकारी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

वन विभाग के दो सैकड़ों पेड़ों को कटवाकर वन दरोगा ने गुपचुप तरीके से एक लकड़ी माफिया को बेंच दिया। जबकि वन्य अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

जानकारी के अनुसार गदनपुर चैन में निकली वन विभाग की जमीन पर खड़े दो सैकड़ा से अधिक पेड़ों को वन दरोगा समीर सेंगर ने षडयंत्र के चलते पहले पेड़ों को जेसीबी से उखड़वा दिया और बाद में दो सैकड़ा से अधिक पेड़ों को क्षेत्र के ही एक लकड़ी माफिया को मोटी रकम लेकर बेंच दिया। जिससे सरकारी राजस्व को लाखों का चूना वन दरोगा समीर सिंह सेंगर ने लगा दिया। जब इसकी जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि दो सैकड़ा से अधिक पेड़ों का सौदा वन दरोगा ने औने पौने दामों में बिना किसी उच्चाधिकारी को सूचित किए हुऐ क्षेत्र के ही अपने चहेते एक लकड़ी माफिया को कर दिया है। सबसे मजेदार बात तो यह है कि जब मौके पर जाकर जानकारी की गई तो ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में लगभग 5 एकड़ के करीब जमीन पर भारी भरकम पेड़ों का एक वन था। जिसमें करीब दो सैकड़ा से अधिक पेड़ खड़े हुए थे। कुछ दिनों पहले वन्य विभाग की टीम के द्वारा बताया गया कि यह जमीन वन्य विभाग की है। शातिर वन दरोगा समीर सिंह सेंगर ने एक षडयंत्र के तहत वन्य विभाग की जमीन पर खड़े पेड़ों को पहले जेसीबी से उखड़वा दिया और उसका सौदा अपने ही चहेते एक लकड़ी माफिया को कर मोटी रकम वसूल कर ली। मौके पर एक जेसीबी द्वारा पेड़ों को लगातार उखाड़ा जा रहा था और एक ट्रैक्टर से जमीन का समतलीकरण भी किया जा रहा था। वहीं जब इस संबंध में कायमगंज क्षेत्र के क्षेत्रीय वन्य अधिकारी रेंजर राजेश कुमार से बात की गई, तो उन्होंने बताया शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गदनपुर चैन में कुछ जमीन वन विभाग की पाई गई थी। जिस पर साफ-सफाई का काम कराया जा रहा है। लकड़ी किसको बेची गई है इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। सूत्रों के अनुसार उक्त जमीन पर वन संपदा थी। हालांकि इस प्रकरण में रेंजर ने जानकारी से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया है। उन्होंने बताया है कि विभाग की जमीन निकली है जिसका साफ -सफाई का काम जारी है।

पेड़ों को उखाड़ती जेसीबी व काटकर पेड़ों को ले जाती ट्रैक्टर ट्राली

बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने अधिवक्ता पर बोला डंडे से हमला

- मोबाइल छीनने का किया प्रयास, पीछे से पुत्र के ललकारने पर भागे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कुत्ता टहलाने गये अधिवक्ता पर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने डंडा मारकर मोबाइल छीनने का प्रयास किया, तभी पीछे आ रहे पुत्र के ललकारने पर हमलावर बाइक स्टार्ट न होने पर छोड़कर भाग गये। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

पीड़ित अधिवक्ता कार्तिक चन्द्र मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह सिविल लाइन बरगदियाघाट के निवासी हैं। नित्य की भांति मंगलवार को सुबह करीब 9 बजे वह अपने कुत्ते को टहलाने जिला पंचायत परिसर तक गये थे, तभी विकास भवन के गेट के पास एक मोटर साइकिल पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने आकर मुझ पर डंडे से हमला कर दिया। जो मेरे हाथ में लगा और मैं गिर पड़ा। दोनों व्यक्तियों ने मोटर साइकिल से उतरकर मेरा मोबाइल छीनने का प्रयास किया। पीछे से आ रहे मेरे पुत्र ने ललकारा, तो दूसरे युवक ने मेरे गले में पड़ी सोने की चेन तोड़ ली और मोटर साइकिल से भागने का प्रयास करने लगा। शोरगुल पर अन्य लोगों के आ जाने एवं मोटर साइकिल स्टार्ट न होने पर दोनों व्यक्ति मोटर साइकिल छोड़कर भागने लगे।

जिनमें से एक व्यक्ति को मेरे पुत्र व अन्य व्यक्तियों ने पकड़ लिया एवं उसका फोटो भी मोबाइल में खींच लिया, परन्तु वह भी भाग जाने में सफल रहा। इन लोगों की मोटर साइकिल का नंबर यू.पी.87 डब्लू1042 मौके पर थी। पीड़ित ने 112 नंबर पर सूचना दी। पीड़ित के शरीर पर चोटें हैं। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

जानकारी देते अधिवक्ता कार्तिक चन्द्र मिश्रा

आर्थिक तंगी से जूझ रहे शराबी युवक ने लगायी फांसी

रोते बिलखते मृतक के परिजन

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

आर्थिक तंगी से से जूझ रहे शराबी युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव नयागनीपुर निवासी वीरपाल जाटव शराबी प्रवृत्ति का व्यक्ति था। जो मंगलवार सुबह लगभग 9.00 बजे अपने घर की तरफ जा रहा था। घर जाकर वह फांसी के फंदे पर लटक गया। जब इसकी जानकारी लोगों को हुई, तो दर्जनों की संख्या में लोग मौके पर पहुंच गये। मृतक की पत्नी व छोटे-छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। सूत्रों ने बताया कि मृतक बेहद गरीब था और आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

जिसके चलते वह फांसी के फंदे पर झूल गया। घटना की सूचना आसपास के लोगों ने थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक की पत्नी ने बताया कि वह काफी गरीब है। उसके पति पर कई लोगों का कर्जा भी था। जिसके चलते उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते चलें कि करीब तीन घंटे तक मृतक फांसी पर झूलता रहा। किसी ने उसे फांसी के फंदे से नहीं उतारा। अन्य परिजनों के पहुंचने पर शव को उतारकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

संदिग्ध रुप में कमरे में बेड पर पड़ा मिला सी.पी.वी.एन. के लिपिक का शव

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

सी.पी. विद्या निकेतन स्कूल में कार्यरत लिपिक का शव संदिग्ध अवस्था में कमरे में बेड पर पड़ा पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घसिया चिलौली निवासी नरेश शर्मा के यहाँ किराये पर रह रहा रजत अग्रवाल उम्र 30 वर्षीय सीपी विद्या निकेतन स्कूल मे क्लर्क के पद पर तैनात था। रजत जब मंगलवार को स्कूल नहीं पहुँचा, तो स्कूल से उसके मोबाइल पर फोन किया गया, तो उसकी फोन स्वीच ऑफ जा रहा था। जिस पर स्कूल के कर्मचारी अवनीश, राजीव, विशाल उन्हें देखने उसके घर पहुंचे। घर का गेट अन्दर से बन्द होने पर मकान मालिक को सूचना दी गई। सूचना पर पहुँचे मकान मालिक नरेश शर्मा की मदद से ई-रिक्शे के सहारे मकान के अन्दर पहुंचकर दूसरी मन्जिल पर जाकर देखा, तो कमरे का गेट खुला हुआ था। रजत औधे मुंह विस्तर पर मृत अवस्था में पड़ा पाया गया। कमरे की एक मेज पर खाना और शराब का पौवा रखा मिला। साथ ही गैस हीटर जल रहा था। मौत की सूचना पर क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर राजेश सिंह, मन्डी चौकी इन्चार्ज अवधेश सिंह, कांस्टेबिल अंकित गंगवार, सिद्धू सिंह, सचिन कुमार, धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। फॉरेंसिक टीम ने वीडियोग्राफी कर नमूने एकत्र किए। साथ ही साक्ष्य जुटाये। पुलिस ने रजत के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। रजत के माता पिता की बचपन में ही मौत हो चुकी है। विवाहिता बहन आकांक्षा को सूचना दी गयी।

जांच पड़ताल करती पुलिस

सैनिक की गर्दन पर चाकू से जानलेवा हमला, पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई

- स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त, करेंगे एसपी का घेराव
- कोतवाली से मुंशी ने किया चलता, बोला देखेंगे कल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सैनिक की गर्दन पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में 24 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद पुलिस ने किसी प्रकार की अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। जिसके चलते सैनिक के परिजनों व स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। भयभीत परिजनों ने बताया कि हम सब लोग बुधवार को पुलिस अधीक्षक का घेराव कर कार्यवाही की मांग करेंगे।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फहेगढ़ के भोलेपुर दुर्गा कॉलोनी निवासी सैनिक अजय पाल पुत्र सोवरन सिंह पाल सोमवार की देर शाम 7:00 बजे भोलेपुर मार्केट में सब्जी लेने गये थे। इस दौरान उनके विभागीय अधिकारी का फोन आ गया। बात करने के लिए भोलेपुर स्थित ओवरब्रिज के पास खड़े होकर बात करने लगे, तभी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे पीछे की तरफ गर्दन से खून बहने लगा। वह कुछ समझ पाते, तब तक हमलावर भाग गया था। जानकारी होने पर सैनिक को स्थानीय लोग व परिजन अस्पताल ले गये। जहां गर्दन में चार टांके आने की बात परिजनों ने बतायी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए फौजी ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात हमलावर के विरुद्ध लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की। पीड़ित के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली में मौजूद पुलिस कर्मी ने यह कहकर चलता कर दिया कि इस समय चौकी और थाने पर कोई दरोगा नहीं है, अभी जाओ कल सुबह इसकी जांच करायेंगे और आसपास के सीसीटीवी कैमरे दिखाये जायेंगे। 24 घंटे से अधिक का समय हो गया, लेकिन किसी प्रकार की कोई जांच पड़ताल व कार्यवाही न होने से सैनिक के परिजन व स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक सैनिक के साथ जिस तरह इतने भीड़भाड़ वाले इलाके में हमला हुआ और पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की तो आम आदमी के साथ पुलिस कैसा व्यवहार करेगी। हम सभी लोग पुलिस अधीक्षक का घेराव कर सैनिक की जानमाल की सुरक्षा और कार्यवाही की मांग करेंगे। बताते चले कि भोलेपुर ओवरब्रिज पर देर शाम होते ही मनचलों के जगह-जगह झुंड देखे जा सकते है और कर्नलगंज चौकी भी दस कदम की दूरी पर है उसके बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

घायल सैनिक

मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे शांति नगर के वाशिंदे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगर के मोहल्ला शांति नगर के लोग मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि उनके मोहल्ले में न तो सड़कें ही ठीक बनी हैं और न ही बिजली व्यवस्था सुचारु रुप से चल रही है। जिससे मोहल्ले के लोग काफी परेशान है।

मोहल्ले के रामनाथ, नागेंद्र, मुन्ना, राजीव बाथम, संजीव बाथम आदि का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों की गणेश परिक्रमा कर चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि बरसात में स्थिति और भी खराब हो जाती है। गलियों में कीचड़ हो जाता है। जिससे लोगों का निकलना दूभर हो जाता है। उपरोक्त लोगों का कहना है कि यहां पर तैनात सफाईकर्मी करीब 15 दिनों से सफाई करने नहीं आया है। जिससे मोहल्ले में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जिन्हें आवारा जानवर आदि फैला रहे हैं। वहीं बिजली व्यवस्था भी चरमराई हुई है। आये दिन फाल्ट होने से बिजली व्यवस्था बाधित हो जाती है। सभासद सचिन सुमन जब सभासद बनी थीं, तो लोगों को कुछ आस थी कि मोहल्ले की स्थिति सुधरेगी और वह नगर पालिका में आवाज उठायेंगी, लेकिन वह भी मोहल्लेवासियों की कसौटी पर खरी नहीं उतरीं। जबकि इससे पूर्व सभासद आशा वर्मा ने भी वार्ड 8 की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे यह वार्ड विकास से पिछड़ गया है। करीब तीन माह पूर्व अनुसूचित जनजाति के जिलाध्यक्ष श्रीपाल गिहार ने मोहल्लेवासियों के कहने पर वार्ड का निरीक्षण किया था, लेकिन उन्होंने भी समस्याओं की ओर कोई ध्यान न देकर केवल आश्वासन की घुट्टी पिलाकर लौट गये थे। फिलहाल यहां के वाशिदों ने जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह से वार्ड में विकास कार्य कराये जाने की मांग की है।

-मोहल्ले की क्षतिग्रस्त गली

पूर्व सैनिक दिवस पर कमांडेंट सरनाम सिंह सहित कई हुए सम्मानित

▸ एनसीसी कैडेट्सों ने रैली निकालकर किया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के एनसीसी कैडेट्स ने धूमधाम से सैनिकों के साथ रैली निकाली।

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग आफिसर कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के दिशा निर्देशन में 14 जनवरी को डीएन पीजी कॉलेज में पूर्व सैनिक दिवस की प्रथम बार शुरुआत की गई। जनपद के सभी सेवानिवृत्ति सैनिक, अधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ राजपूत रेजीमेंट सेंटर फतेहगढ़ के कमांडेंट ब्रिगेडियर एचएस संधू (सेना मेडल) द्वारा किया गया। उन्होंने पूर्व में हुए सेवानिवृत्ति सैनिकों तथा अधिकारियों को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया तथा उनकी वीरता को सराहा। इसके बाद 12 यूपी बटालियन तथा 4 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के एनसीसी कैडेट्स के साथ कमांडेंट सरनाम सिंह राठौर, कैप्टन उदयराज सिंह, लेफ्टिनेंट उदयवीर सिंह, कमांडर नवीन कटियार, फ्लाइंग अफसर जवाहरलाल, सूबेदार मेजर वीएस चौहान, एमडब्ल्यूओ गिरी, कैप्टन मुनेश्वर सिंह, सूबेदार राजेंद्र पाल ने रैली की शुरुआत भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के नारों से की। कमांडेंट सरनाम सिंह राठौर सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक को सम्मानित करते हुए ब्रिगेडियर ने अपने आपको गौरवांवित महसूस किया और कहा कि आज भी हमारे बीच ऐसे लोग है जिन्होंने देशहित में लड़ाईयां लड़ी। पूरा शहर बहुत उत्सुकता के साथ देश प्रेम की भावना से ओत प्रोत हो रहा था। 12 यूपी बटालियन एनसीसी के 71 एनसीसी कैडेट्स ने रैली में प्रतिभाग किया, जिसकी अगुवाई म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा तथा सूबेदार सुरेश कुमार एसीएचएम कमल द्वारा की गई। सभी एनसीसी कैडेट्स ने यूनिटी एंड डिसीप्लिन के साथ रैली का आयोजन कराया। इस मौके पर वीरेन्द्र सिंह राठौर, अनिल प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

रैली में भाग लेते अधिकारी व एनसीसी कैडेट्स

कमांडेंट सरनाम सिंह राठौर को सम्मानित करते ब्रिगेडियर

करणी सेना ने खिचड़ी भोज का किया आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

करणी सेना के जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर के कादरीगेट स्थित प्रतिष्ठान पर मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष ठाकुर मंथन सिंह ने मकर संक्रांति पर पूजा अर्चना के साथ खिचड़ी भोज भण्डारे का आयोजन किया।

बड़ी संख्या में लोगों ने भण्डारे में भाग लिया और राहगीरों को खिचड़ी भोज कराया गया। मंथन ठाकुर ने बताया कि कादरीगेट पांचाल घाट रोड पार्किंग स्थल पर खिचड़ी भोज सम्पन्न हुआ। सुबह से शाम तक चले खिचड़ी भोज में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर उत्कर्ष ठाकुर, मंथन ठाकुर, प्रदीप सिंह राठौर, अनिल प्रताप सिंह, महेश पाल सिंह उपकारी, सत्यभान सिंह, रजत सिंह, सोनू तिवारी, विमलेश मिश्रा, अनिल सिंह गहरवार, मनीष सिंह, सोनू परिहार, क्रांति पाठक, शैलेन्द्र सिंह राठौर, जितेन्द्र चौहान, विक्की ठाकुर, मनोज सिंह गौर, राहुल चौहान, राहुल परिहार, संदीप राठौर, शिवदेस सिंह, हिमांशु सोमवंशी, शिवम सिंह, शिवम राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

खिचड़ी वितरित करते मंथन ठाकुर, अनिल प्रताप सिंह आदि

भट्टे पर वस्त्र वितरित करते समिति के पदाधिकारी

सेवा धर्म समिति द्वारा ईंट भट्टे पर बच्चों को किये गये गर्म कपड़े वितरित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मकर संक्रांति पर्व पर सेवा धर्म समिति द्वारा आर.वी. ब्रिक फील्ड अर्रा पहाड़पुर स्थित ईंट भट्टे पर बच्चों को गर्म कपड़े, फल आदि वितरित किये गये। सेवा धर्म समिति के सचिव अविनाश सारस्वत नीरज व कोषाध्यक्ष शैलजा सारस्वत, हरिओम, रजत, रिषव आदि ने सब्जी मण्डी अर्रापहाड़पुर पहुंचकर वस्त्र एवं फल वितरित किये। समिति के सचिव नीरज सारस्वत ने बताया कि हर साल मकर संक्रांति पर असहाय व गरीब बच्चों को वस्त्र वितरित किये जाते है। इसी क्रम में इस वर्ष भी जरुरतमंदों की मदद हेतु सेवा धर्म समिति द्वारा सर्दी से बचाव के लिए गरीबों को वस्त्र वितरित किये गये। फल व प्लेट व अन्य सामग्री भी वितरित की गई। कपड़े पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

आरएसएस के खिचड़ी भोज में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

खिचड़ी भोज में भाग लेते लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय स्वमसेवक संघ का मकर संक्रांति पर समरसता सहभोज कार्यक्रम शिवाजी पार्क आवास विकास में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मकर संक्रांति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता अखंडता पर सभी को प्रयास करना चाहिए।

सनातन धर्म को मजबूत करते हुए हम सब को बिना भेदभाव के एक होकर प्रयास करना चाहिए। खिचड़ी भोज में पूर्व संघ चालक सुबोध वर्मा, नगर संचालक सुशील, सहविभाग प्रचारक अमित, सह नगर कार्यवाह धनंजय, आयुष, नवीन, शिक्षक प्रमुख शाश्वत ने संबोधित किया। खिचड़ी भोज में सैकड़ों लोगों ने बढ़ी संख्या में भाग लिया। विधायक सुशील शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, विनय द्विवेदी, अवधेश पाण्डेय, नवीन कटियार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

युवक की छवि धूमिल करने वाले आरोपी पर मुकदमा दर्ज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गांव चैनी नगला निवासी अनिल कुमार पुत्र खुशीराम ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि धर्मेन्द्र सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भवन नगला थाना उसावा जनपद बदायूं हाल नि0 ग्राम रसूलपुर बिलहारी थाना सिविल लाइन ककराला रोड जिला बदायूं एक शादी के सिलसिले से रंजिश मानता है। धर्मेन्द्र सिंह सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी व संघीन आरोप लगाकर मेरी छवि धूमिल करता रहता है। हमारे करीबी लोगों के व्हाट्सएप नम्बर खोजकर उन्हें मेरे खिलाफ चोर व अन्य तरह की बातें कर मेरी छवि धूमिल करता है। आये दिन फेसबुक के द्वारा धमकी देता है कि झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कहता है। आरोपी द्वारा किये जा रहे क्रियाकलापों से मेरा मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

हर्ष दुबे पांचवी बार बने यूथ ऑफ द ईयर

कार्यक्रम में सम्मानित होते हर्ष दुबे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

21वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव का सम्मान समारोह समिति सभागार में सम्पन्न हुआ। विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया गया। मिस्टर फर्रुखाबाद रहे हर्ष दुबे को समाजिक रुप में कार्य करने के लिए यूथ ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रत्येक वर्ष आम जन मानस सेवा हेतु कार्य करने के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। शिक्षा, चिकित्सा एवं पुलिस, अधिवक्ता व अन्य समाजिक कार्यक्रमों में सक्रियता दिखाते हुए हर्ष दुबे ने काम किया। पिछले पांच सालों से लगातार वह कार्य कर रहे है। उन्हें यह सम्मान पिछले पांच वर्षों से मिल रहा है। इस सम्मान से हर्ष दुबे को सम्मानित किया गया। इसी की खुशी में मिस्टर दुबे के प्रशंसक आदि में खुशी का माहोल है। इस सम्मान कि जानकारी समिति अध्यक्ष डॉ संदीप शर्मा ने दी और उन्हें सम्मानित किया गया है।

श्री मंगला गौरी सेवा समिति के सामूहिक विवाह में एकदूजे के हुए 17 जोड़े

▸ आशीर्वाद के साथ किया गया विदा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

श्री मंगला गौरी सेवा समिति द्वारा गुरुगांव देवी मंदिर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें 17 जोड़े दाम्पत्य सूत्र बंधन में बंधे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डा0 मिथलेश अग्रवाल ने वर-वधुओं को सुखद दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विवाहित जोड़ों को दहेज के रुप में गृह उपयोगी सभी सामान दिया गया।

श्री मंगला गौरी सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह में आचार्य शिव नारायण तिवारी द्वारा समस्त वैवाहिक संस्कार सम्पन्न कराये गये। अंजलि संग सौरभ, चित्रा संग सुरेश, नीरू संग चक्रवाल, गौरी संग विपिन, फूलमती संग अनिल, दीपमाला संग विकास, रोशनी संग बबलू, मुस्कान संग उपेन्द्र, बंदना संग यशांत, रानी संग शिवा, काजल संग अमित, चांदनी संग राहुल, अन्नू संग शिवम, अंजली संग रिषभ, अल्का संग अरुण, मुस्कान संग विकास, प्रियंका संग विकास का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह का अद्भुत नजारा उस समय देखने को मिला 17 दूल्हे सामूहिक रुप से घोड़ों पर सवार होकर बैंड बाजों के साथ अपनी-अपनी दुल्हनियों ब्याहने आयी। गाजे-बाजे के साथ निकली सामूहिक विवाह की यात्रा अद्भुत रही। दोस्तों ने बैंडबाजों पर जमकर नृत्य किया। सामूहिक विवाह देखने के लिए मुख्य बाजार में लोगों की भीड़ जुट गई। गुरुगांव देवी मंदिर पहुंचने पर बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। सामूहिक रुप से जोड़ों ने एक दूसरे को बरमाला पहनाई।

मंडप के नीचे सामूहिक विवाह वेद मंत्रों उच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। समिति के पदाधिकारियों के लोगों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। दूल्हों को उपहार में अलमारी, बैड, बर्तन, ड्रेसिंग टेवल, रजाई-गद्दा, गैस-सिलेण्डर एवं वधुओं के श्रृंगार का सभी सामान भेंट स्वरुप प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनूप चैरसिया, कार्यक्रम संयोजक अनूप गुप्ता, सचिव अरविन्द गुप्ता, गोपाल कश्यप्, नवनीत कनौजिया, मुन्नालाल वाष्णेय, अंकित कुमार गुप्ता, लकी कश्यप, संजय सक्सेना, सचिन यादव, सोनी गुप्ता, गौरव तिवारी सीपू, गोकुलेश सक्सेना, सर्वेश, अभिषेक, अमन गुप्ता, पंकज गुप्ता, मनू गुप्ता, प्रदीप बाबू, विजेन्द्र श्रीवास्तव, लोकेश सक्सेना, अरुण त्रिवेदी, बबलू राठौर, सुनील गुप्ता आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया। सामूहिक विवाह में सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

नवदंपति जोड़ों के साथ समिति के पदाधिकारी

मकर संक्रांति पर भाविप व भारत स्वाभिमान द्वारा वितरित की गई खिचड़ी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मकर संक्रांति के पर्व पर भारत विकास परिषद की ओर से बढ़पुर स्थित प्लस कम्प्यूटर पर खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी मुन्नालाल यादव द्वारा वैदिक रीति रिवाज से हवन पूजन किया गया। साथ ही मकर संक्रांति पर्व का उद्देश्य बताया गया। सनातन धर्म में मकर संक्रांति पर्व का महत्व है। इस पर्व पर दान पुण्य करने से परिवार में सुख समृद्धि आती है और भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था बढ़ती है। सनातन धर्म में मकर संक्रांति पर्व आस्था का प्रतीक है। इस दिन लोग स्नान करते है और दान पुण्य कर पुण्य कमाते है। जगह-जगह भण्डारे आयोजित होते है। खिचड़ी भोज के दौरान राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान भारत विकास परिषद के अध्यक्ष केएस कुशवाहा, संयोजक बृजेश गंगवार, अमित राठौर, राजीव कनौजिया, पूनम मौर्य, सुमन गुप्ता, अनूज चौहान, प्रफुल्ल अग्रवाल ने प्रसाद वितरित कराया।

खिचड़ी बांटते भाविप पदाधिकारी

ट्रांसफार्मर चोरी का मुकदमा दर्ज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गाँव मझोला निवासी सुखेन्द्र सिंह पुत्र ब्रजपाल सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि पीड़ित के बाग पर समर सेबिल पम्प का ट्रान्सफार्मर लगा हुआ था। जिसे अज्ञात चोर सोमवार की रात में चुरा ले गये। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया।

हज़रत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया की मनाई गयी यौमे विलादत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल फतेहगढ़ के लोको स्थित दरगाह हजरत मखदूम शाह सय्यद शाहबुद्दीन औलिया रह0 अलैह के आस्ताने पर हजरत मौला अली मुश्किल कुशा और हजरत मखदूम शाहबुद्दीन औलिया की यौम-ए-विलादत मनाई गई।

सुबह से ही लोगों का आना जाना लगा रहा। इस दौरान कुरानख्वानी व लंगर का एहतमाम किया गया। दरगाह के नायब सज्जादा नशीन मुहम्मद वसीम खान की सरपरस्ती में आयोजन किया गया, साथ ही मुल्क की तरक्की, आपसी भाईचारे अमन और अमान के लिए दुआएं की गई। कमालुद्दीन कव्वाल ने भी बेहतरीन अंदाज में कलाम पेश किया, हम फकीरों की जिंदगी है अली, रास्ता है अली मंजिल है, तुम तो दुनिया की तलबगार बने बैठे हो हम अली वालों की तलब है। इस मौके पर रफत हुसैन, आकिब खान, अंसार साबरी, हाफिज अरशद साबरी, फरहान साबरी, शफी अहमद, शाकिर एवसी अहमद, शिवम आदि लोग मौजूद रहे।

कुरानख्वानी में मौजूद अकीदतमंद

डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गाँव हजरतपुर निवासी अजीत उम्र 17 वर्षीय पुत्र शिव कुमार जाटव बाइक द्वारा किसी काम से कायमगंज आ रहा था। ट्रांसफार्मर के निकट पहुँचते ही अज्ञात डीसीएम ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार अजीत गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल अजीत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

सोलर वाटर पम्प से 13 सोलर प्लेट चोरी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। खेत में लगे सोलर वाटर पंप से बीती रात अज्ञात चोरों ने 13 सोलर प्लेटें चोरी कर लीं। पीड़ित ने थाना में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर रतन निवासी संत राम राजपूत पुत्र स्वर्गीय राजकुमार राजपूत ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके खेत नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बरेली में है। जिसमे उनका सोलर वाटर पंप लगा हुआ है।

बीती रात अज्ञात चोरों ने उनके वाटर पंप से 13 सोलर प्लेट चोरी कर लीं। जब पीड़ित सुबह अपने खेत पर लगे सोलर वाटर पंप पर पहुंचा तो वहां सोलर प्लेट गायब थीं। जिससे पीड़ित परेशान हो गया। पीड़ित ने काफी जानकारी जुटायी, लेकिन कुछ पता नहीं चला। तब पीड़ित थाने पहुंचा और थाना पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध सोलर प्लेट चोरी करने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

मण्डी में लगा आलू

आढ़ती अध्यक्ष सुधीर वर्मा ने 48 किलो से करायी तौल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सातनपुर मण्डी में किसान यूनियन व आढ़तियों के विवाद के चलते आलू की आमद घटती जा रही है। मात्र 35 मोटर मंगलवार को आलू की आमद हुई। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर वर्मा रिन्कू के हस्तक्षेप के बाद सहमति से 48 किलो के पैसे दिये जायेंगे और पैकेट में 50 किलो आलू लिये जायेंगे। सर्वसम्मति से 48 किलो वजन से खरीददारी हुई। पिछले वर्ष इन दिनों मण्डी में आलू की आमद लगभग 200 मीटर हुआ करती थी। इस बार घटकर मात्र 35 से 40 मोटर रह गयी है। बीते सप्ताह आलू की आमद 100 मोटर तक हो गयी थी। मण्डी में विवाद इतना बढ़ा की लोग अपना सीधे बाहर की मण्डी ले जाने लगे और स्वयं विक्री करने लगे। मंगलवार को सहमति से 48 किलो के हिसाब से आलू की तौल हुई। भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष अजय कटियार ने बताया कि 50 किलो तौल का मतलब 50 किलो, और 50 किलो के पैकेट में ही भरा जाये और उसके पैसे किसानों को दिये जाये। जब तक किसान संतुष्ट नहीं होता तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम DHAN RAJ SINGH व जन्मतिथि 01.07.1958 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम DHANRAJ SINGH CHAUHAN व जन्मतिथि 01.07.1951 है। DHANRAJ SINGH CHAUHAN F/o of Army No-3002084A, रैंक-हवलदार, चन्द्र भान आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-कानपुर नगर, बिनगवां, अमलीपुर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208021, द्वारा शपथ पत्र नंबर-UP46951717359702X, 14 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम GAYATRI DEVI व जन्मतिथि 01.07.1961 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम GAYATRI व जन्मतिथि 01.01.1961 है। GAYATRI M/o of Army No-3002084A, रैंक-हवलदार, चन्द्र भान आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-कानपुर नगर, बिनगवां, अमलीपुर, कानपुर नगर, राज्य-उत्तर प्रदेश-208021, द्वारा शपथ पत्र नंबर-IN-UP46949844961471X, 14 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

इस बार देर से मनोरंजन के साधनों का आनंद ले सकेंगे लोग

▸ ठेका देरी से उठने के चलते और लगेगा एक सप्ताह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मेला श्रीराम नगरिया धीरे-धीरे अपने पूरे सबाब पर पहुंचने जा रहा है। आस्था के साथ-साथ दूर दराज से मेला देखने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सबसे पहली पसंद भुंजे आलू तो वहीं झूले का लुफ्त उठाने की चाहत होती है। मेला श्रीराम नगरिया का शुभारम्भ हो चुका है और अपराकाशी पूरी तरह भक्ति में सरावोर दिख रही है। प्रदेश के कई जनपदों से श्रद्धालु पतित पावनी मां गंगा का स्नान करने आते है। पूजा अर्चना के बाद वह मेले में अन्य स्थानों पर जाकर उसकी जानकारी लेते है तो वहीं खरीददारी के साथ-साथ अगर देखा जाये तो उनकी सबसे पहली पसंद फर्रुखाबादी भुंजे आलू और झूले का लुफ्त उठाना रहता है। ऐसे में अभी पूरी तरह झूले व अन्य मनोरंजन के साथ संसाधन स्थापित नहीं हो पाये है। मेला श्री रामनगरिया में जो भी व्यापारी दुकान लगाये है अगर उनकी माने तो उनका कहना है कि पूरा मेला और हम लोगों की दुकनदारी मेले में झूले और मनोरंजन पर निर्धारित है। जितनी अधिक भीड़ मनोरंजन क्षेत्र में होगी, उतनी हम लोगों की खरीददारी होगी। पूरी तरह मनोरंजन क्षेत्र नहीं लग पाया है, उसका मुख्य कारण यह भी हो सकता कि इसका ठेका काफी विलंब से हुआ है। जिसकी बजह से पिछले वर्ष की तुलना में इस बार ठेका 15 लाख रुपये कम की बोली पर उठा है। मनोरंजन का ठेका रामपुर निवासी लाइक अहमद ने 92 लख रुपए में लिया है। वहीं विगत वर्ष एक करोड़ 7 लाख रुपए का ठेका हुआ था। मनोरंजन क्षेत्र में काम देख रहे नसीम ने बताया कि देर से ठेका होने की वजह से झूले लगने में अभी समय लग रहा है। एक सप्ताह के बाद मनोरंजन क्षेत्र श्रद्धालुओं के आगमन के लिए तैयार हो पाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार सुनामी झूला सहित कई नए झूले भी लोगों को लुभाने के लिए तैयार हो रहे हैं। आधा सैकड़ा से अधिक कर्मचारी मेला क्षेत्र में आसमानी झूला, नाव झूला, मौत का कुआं, ट्रेन झूला, ब्रेक डांस झूला आदि को तैयार करने में लगे हुए हैं।

तैयार होता झूला

ARMY PUBLIC SCHOOL FATEHGARH CANTT (UP)

Telephone No-7080667367

TENDER NOTICE

Quotations/Tenders are invited for Installation of Waste Water Management System, Two & Three Tire seating arrangements in play ground, Provisioning of chain link fencing around Raman Block, Provisioning of water pipe line in play way area, Purchase of Computer, Bar code printer, E Book Reader, E Book Reader, Purchase of Models/Kits for up-gradation of Robotics Lab, Renovation/Re-construction of Two wheeler stand/Cycle stand, Uniform for group 'D' employees, Printing of School Journal for the session 2024-25, Construction of Composite Pit for Waste Food, Extension of Bio and Fine Art Labs, Purchase of Luminous Batteries and Purchase of items/furniture for Maths Lab for APS, Fatehgarh Cantt. **For details and downloading Tender/Quotations visit school website www.apsfatehgarh.com.** Tenders/quotations can also be collected from school office on any working day from 1100hrs to 1400hrs. Last date for submission of tender is 31 Jan 2025.

PRINCIPAL

सीएम योगी को संतों ने बताया सनातन का ध्वजवाहक

भव्य और दिव्य महाकुम्भ के साथ ही योगी ने महाकुम्भ को बनाया नव्य, संगम स्नान कर बोले संत- साधुवाद सरकार

समृद्धि न्यूज

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ को इस बार भव्य और दिव्य के साथ-साथ नव्य भी है और वो इसलिए, क्योंकि

पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुगलकालीन परम्परा को तोड़ते हुए शाही स्नान समेत कई अन्य कार्यक्रमों को सनातन से जोड़ते हुए नया नाम दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस कदम की महाकुम्भ में हर कोई प्रशंसा कर रहा है। साधु संतों समेत आम श्रद्धालुओं ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक करार दिया। सभी संतजनों ने 144 वर्ष पश्चात पड़े इस सुखद संयोग में स्नान कर स्वच्छ, सुरक्षित, दिव्य-भव्य महाकुम्भ के आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने, अद्भुत व्यवस्था पर साधु-संतों ने सरकार के प्रति आभार भी जताया। जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि सरकार की व्यवस्था से बहुत प्रसन्न हूं। सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्था बहुत अच्छी की है। इस व्यवस्था से मैं बहुत प्रसन्न हूं। सरकार ने इतनी बड़ी भीड़ को भी नियंत्रित किया है, इसलिए सरकार साधुवाद की पात्र है। परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि मोदी-योगी की यह जोड़ी इस देश में नया योग खड़ा करने आई है। योगी जी ने दिखा दिया, वातावरण मस्त-मस्त और सुरक्षा जबर्दस्त है। जो कहते हैं कि हम बंटे पड़े हैं, वे आकर देखें-सारे घाट पटे पड़े हैं। यह पूरे सनातन का स्नान है। यह अमृत व सनातन के अमर होने का पर्व है।

▸ सरकार ने महाकुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी की है : रामभद्राचार्य

भारतीय परम्परा व संस्कृति को वैश्विक मंच मिला

अयोध्या के श्री राम वैदेही मंदिर के महंत स्वामी दिलीप दास त्यागी महाराज ने मकर संक्रांति का अमृत स्नान करने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमारी सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है। महाकुम्भ ने गुलामी के प्रतीक शब्दों से छुटकारा दिलाकर सनातन संस्कृति को नई पहचान दी है। इस बार अमृत स्नान का दिव्य और भव्य अनुभव ऐतिहासिक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि शाही स्नान और पेशवाई जैसे मुगलकालीन शब्दों को हटाकर अमृत स्नान और छावनी प्रवेश जैसे सनातनी शब्दों को शामिल करना सनातन संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में बड़ा कदम है।

महाकुम्भ में परम्परा व संस्कृति का जुड़ा नया अध्याय

महाकुम्भ इस बार सांस्कृतिक और परंपरागत बदलावों का गवाह बना। 144 साल बाद पुष्य नक्षत्र का दुर्लभ संयोग इस आयोजन को और भी खास बनाता है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने बताया कि यह पहली बार है जब महाकुम्भ में उर्दू शब्दों को बदलकर हिंदी और सनातनी शब्दों का उपयोग किया गया है। उन्होंने कहा, यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया गया था, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। अब शाही स्नान और पेशवाई जैसे शब्द इतिहास बन गए हैं और उनकी जगह अमृत स्नान और छावनी प्रवेश ने ले ली है। अयोध्या के श्री राम वैदेही मंदिर के महंत स्वामी दिलीप दास त्यागी जी महाराज ने मकर संक्रांति का अमृत स्नान करने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमारी सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है। महाकुम्भ 2025 ने गुलामी के प्रतीक शब्दों से छुटकारा दिलाकर सनातन संस्कृति को नई पहचान दी है। इस बार अमृत स्नान का दिव्य और भव्य अनुभव ऐतिहासिक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि शाही स्नान और पेशवाई जैसे मुगलकालीन शब्दों को हटाकर अमृत स्नान और छावनी प्रवेश जैसे सनातनी शब्दों को शामिल करना सनातन संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में बड़ा कदम है। आज यह आयोजन भारतीय परम्पराओं और संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का अब भी इंतजार कर रहा है मणिपुर

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि मणिपुर करीब डेढ़ साल से संकट में है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां जाकर लोगों सें नहीं मिले, हालांकि मणिपुर के लोग आज भी श्री मोदी का इंतजार कर रहे हैं।

श्री खरगे ने मणिपुर से एक साल पहले आज ही के दिन शुरू हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जिक्र करते हुए मंगलवार को कहा कि वहां के लोगों के जख्म पर मलहम लगाने की कोशिश करते हुए श्री गांधी ने एक साल पहले मणिपुर से ही अपनी यात्रा की शुरुआत की थी, लेकिन वहां के लोग आज भी संकट में हैं और समाधान के लिए श्री मोदी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज से ठीक एक साल पहले कांग्रेस ने मणिपुर से भारत

जोड़ो न्याय यात्रा शुरु की थी। कन्याकुमारी से कश्मीर तक हुई ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा का अनुसरण करते हुए भारत जोड़ो नया यात्रा की शुरुआत मणिपुर से हुई तथा 15 राज्यों से गुजरी थी और 6,600 किलोमीटर की दूरी को कवर किया था। इसका समापन 16 मार्च 2024 को मुंबई में हुआ। उन्होंने कहा, मणिपुर को अब भी प्रधानमंत्री की यात्रा का इंतजार है, जिनके पास दुनिया भर में घूमने के लिए तो समय और इच्छाशक्ति है लेकिन वह मणिपुर के संकटग्रस्त लोगों के पास जाना जरूरी नहीं समझ रहे हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने सबसे बड़ी पुलिस लाइन व घाटलोदिया पुलिस स्टेशन का किया शिलान्यास

एजेंसी

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सबसे बड़ी पुलिस लाइन एवं घाटलोडिया थाने का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। गुजरात के पुलिस कर्मियों को 2-बीएचके (55 वर्गमीटर) आवास मिलेगा। 920 पुलिस परिवारों के लिए इन फ्लैटों की 13 मंजिला 18 इमारतें तैयार की जाएंगी।

राज्य में शहरी पुलिस व्यवस्था की सबसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सबसे बड़ी पुलिस लाइन अहमदाबाद में बनाई जाएगी। इस अत्याधुनिक पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के परिवारों को उत्कृष्ट एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी,

जिनमें 930 कारों के लिए बेसमेंट पार्किंग, दो लिफ्ट, खुला उद्यान, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोलर रूफटॉप, बिजली बैकअप आदि शामिल हैं। आवश्यक सामान घर के दरवाजे पर उपलब्ध कराने के लिए टावर में 10 दुकानें भी बनाई जाएगी, जहां सब्जियां, दूध और अन्य उत्पाद जैसी रोजमर्रा की चीजें उपलब्ध हों। भविष्य में यहां मैटीरियल, हेयर सैलून, एटीएम, अनाज पीसने वाली मिल और पुलिस परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सीपीसी कैंटीन स्थापित करने की योजना है। 13 मंजिला 18 टावरों में रसोईघर, एक एनेक्सी और सामान्य शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी। प्रदेश में नगर पुलिस व्यवस्था की सबसे बड़ी पुलिस लाइन की खासियत यह है कि इसमें इनबिल्ट पुलिस स्टेशन भी है। 18 ब्लॉकों में से एक ब्लॉक 2 मंजिलों के पुलिस स्टेशन में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

बैटरी स्मार्ट ने राजधानी में 150वें बैटरी स्वॉप स्टेशन का किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। सड़कों पर दौड़ते ई-रिक्शा और इलेक्ट्रिक स्कूटर अब शहरों की विशेष पहचान बन गए हैं। बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच, देश तेजी से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बढ़ रहा है। लखनऊ की खूबसूरत गलियों में भी अब इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। इसे बढ़ावा देने की दिशा में एक और मजबूत कदम कदम बढ़ाते हुए, भारत के सबसे बड़े बैटरी-स्वॉपिंग नेटवर्क, बैटरी स्मार्ट ने लखनऊ में अपने 150वें बैटरी स्वॉप स्टेशन का उद्घाटन किया।

इस खास मौके पर उत्तर प्रदेश रिन्यूएबल एंड ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुपम शुक्ला उपस्थित रहे। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदूषण रहित इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने

की दिशा में किए जा रहे सार्थक प्रयासों की सराहना की। यह उपलब्धि बैटरी स्मार्ट की उस बड़ी सोच का हिस्सा है, जिसके तहत भारत में इलेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जा रहा है। खासकर, छोटे शहरों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहाँ इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की माँग तेज़ी से बढ़ रही है। वर्ष 2019 में अपनी शुरुआत के बाद से, बैटरी स्मार्ट ने काफी तेज़ी से अपना विस्तार किया है। कंपनीने सिर्फ 40 से अधिक शहरों में 1,400 से अधिक स्वैप स्टेशन्स स्थापित किए हैं, बल्कि 5 करोड़ से अधिक बैटरी स्वॉप भी पूरे कर लिए हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु ने भारतीय सांख्यिकी सेवा के 2024 बैच के प्रोबेशनर्स से की मुलाकात

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) के 2024 बैच के प्रोबेशनर्स के एक समूह ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सांख्यिकी उपकरण और मात्रात्मक तकनीक नीतिगत निर्णयों के लिए अनुभवजन्य आधार प्रदान करके प्रभावी शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकारें स्वास्थ्य, शिक्षा, जनसंख्या आकार और रोजगार आदि पर डेटा एकत्र करने के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों पर निर्भर करती हैं, जो नीति-निर्माण का आधार बनती हैं। सांख्यिकी विश्लेषण शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का एक उपकरण है। सांख्यिकी न केवल

कुशल शासन की रीढ़ है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास का एक उपकरण भी है। उन्होंने कहा कि सरकार को नीतियों को बनाने, लागू करने और निगरानी करने के साथ-साथ नीति समीक्षा और प्रभाव आकलन के लिए डेटा की आवश्यकता होती है। नागरिकों को सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की निष्पक्ष समझ और आकलन के लिए डेटा की आवश्यकता होती है। आईएसएस अधिकारियों के काम के लिए सांख्यिकीय तरीकों में उच्च दक्षता की आवश्यकता होती है, जिसका उपयोग वे देश की डेटा और सूचना आवश्यकताओं के समाधान प्रदान करने के लिए करेंगे।

उन्होंने आईएसएस अधिकारियों से डेटा एकत्र करते समय आम लोगों खासकर गरीबों और वंचितों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा एकत्र किए गए प्रत्येक डेटा को संसाधित, विश्लेषण किया जाएगा और अंततः लोगों की जरूरतों को पूरा करने और उनके सपनों को पूरा करने में मदद करने के लिए उपयोग किया जाएगा।

निराश्रितों में कंबल बांटना पुण्य का काम : अनुप्रिया पटेल

एजेंसी

राजगढ़ (मिर्जापुर)। विकासखंड राजगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र खोराडीह में कंबल वितरण किया गया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मड़िहान तहसील अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम सभाओं कंबल बांटा गया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग व्यापार मंत्री एवं सांसद अनुप्रिया पटेल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण किया। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि निराश्रितों में कंबल बांटना पुण्य का काम है। कंबल सभी को मिलेगा। यहां से कोई खाली हाथ नहीं जाएगा।

विकासखंड राजगढ़ के अलग-अलग गांव से सैकड़ों की संख्या में बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष पहुंचे थे जहां पर लगभग सात सौ कंबल बांटा गया। जिसका परिवार में आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। 5 लाख रुपए

इलाज के लिए निशुल्क है। इस तरह 70 साल की उम्र पार कर चुके बुजुर्गो के लिए भी अलग से 5 लाख रूपये का हेल्थ कार्ड बनाया जा रहा है। जिससे सभी वृद्धजनों को अलग से इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर अपना दल एस के युवा जिलाध्यक्ष उदय पटेल, जिला कोषाध्यक्ष नित्यानंद सिंह, ग्राम प्रधान रवि शंकर सिंह पटेल, दीपक कुमार सिंह, रितेश पटेल, राजेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, सतीश कुमार सिंह, सुजीत पटेल, धर्मेंद्र सिंह पटेल, मुन्नर सिंह, रमेश पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

देवालयों, घर पर दान, पुण्य, दर्शन-पूजन कर मनाया संक्रांति का पर्व

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड स्थित सुप्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम व कोटारनाथ शिव धाम, सिकटा स्थित मुडलेश्वरी माँ के दरबार में भोर से ही मंगलवार को मकरसंक्रांति स्नान पर्व पर लोगों ने सेवटी नदी, अदवा नदी व सुखडा बांध आदि जलाशयों में स्नान कर दर्शन पूजन कर मकरसंक्रान्ति पर्व का त्योहार मनाया। कुछ लोग घर पर ब्राह्मणों को घर बुलाकर गुड के बने लड्डू का भोग लगा कर यथासंभव दान दे कर ब्राह्मणों से आशिर्वाद लिया। क्षेत्र के मुडलेश्वरी माता धाम दर्शनार्थियों को मंदिर पुजारी हृदयनारायण तिवारी ने भंडारा में खिचड़ी का प्रसाद वितरण कराया। इसी तरह से परमहंस आश्रम औरा में तुलसी दास महराज के सौजन्य से हजारों भक्तो ने खिचड़ी के बने प्रसाद को ग्रहण किया है। स्वामी जी ने कहा कि भगवान सूर्य को उत्तरायण होने पर मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है इसमें तिल गुण के साथ खिचड़ी का भोग अति महत्वपूर्ण माना जाता है।

मकर संक्रांति पर लाखों भक्तों ने गंगा के विभिन्न घाटों पर लगाई आस्था की डुबकी

समृद्धि न्यूज

मिर्जापुर। मकर संक्रांति स्नान पर्व के अवसर पर पवित्र गंगा में लाखों भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान कर दान-पुण्य करने के लिए नगर के विभिन्न गंगा घाटों के साथ ही मां विंध्यवासिनी धाम, बरियाघाट, सुन्दरघाट, संकठाघाट, चुनार, सीखड़ के मेड़िया, सीखड़, कछवां के बरैनी, चील्ह, नरायनपुर आदि स्थानों पर लाखों भक्तों ने गंगा स्नान किया।

भोर से ही गंगा तट पर महिलाएं-पुरुष ही नहीं बच्चों में भी स्नान करने के लिए जैकेट, स्वेटर में लिपटे अपने निकट के गंगा में गोता लगाकर मां का पूजन अर्चन किया। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मकर संक्रांति का पर्व मनाने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। इस अवसर पर स्नान करने के बाद गरीबों में अन्न, द्रब्य और वस्त्र के साथ तिलकुट, ढुंढा, लाई, चूड़ा आदि दान कर पुण्य के भागी बने। नगर के बरियाघाट, सुंदरघाट, गैबी घाट, दाऊघाट, संकठा घाट, पक्केघाट, नारघाट के साथ ही विंध्याचल के विभिन्न घाटों पर स्नान करने के लिये आस्थावानों की भीड़ रही। इसी प्रकार चुनार के बालूघाट, कछवां के बरैनी, कोन ब्लाक के चील्ह, नरायनपुर के रैपुरिया समेत गांव गिरांव के गंगा घाटों पर लोगों ने स्नान कर गरीबों को दान देकर अपने ईश्वर की आराधना की।

खबरें एक नजर में

डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पूर्व गाजा में युद्धविराम संभव

दोहा। गाजा में इजराइल और हमास के बीच लंबे समय से जारी युद्ध के थमने की संभावना बढ़ गई है। कतर की कोशिश है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले युद्धविराम समझौता लागू हो जाए। कतर ने दोनों पक्षों के सामने तैयार मसौदा प्रस्तुत किया है। इस पर अगले सप्ताह हस्ताक्षर होने की संभावना है। कतर ट्रिब्यून के अनुसार, अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने लुसैल पैलेस स्थित अपने कार्यालय में गाजा पट्टी में युद्धविराम वार्ता के लिए पहुंचे हमास के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। यह प्रतिनिधिमंडल डॉ. खलील अल के नेतृत्व में इनदिनों दोहा में है। अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने प्रतिनिधमंडल से युद्धविराम वार्ता की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। इस बीच व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने सोमवार को वाशिंटन में कहा कि गाजा युद्धविराम और बंधक रिहाई समझौता करीब है। इसे राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल के अंतिम सप्ताह में अंतिम रूप दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाइडेन ने रविवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की। वह इस मामले के मध्यस्थ कतर के अमीर से भी बातचीत करेंगे। सुलिवन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जल्द ही मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी से बातचीत करेंगे।

रंजिश को लेकर युवक को जान से मारने की धमकी, केस

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। स्थानीय थाना क्षेत्र के हर्रा गांव निवासी सौरभ तिवारी ने मंगलवार को थाने में तहरीर देकर दरवाजे पर आकर जान मारने से मारने की धमकी देने वाले चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की भूमि विवाद की रंजिश को लेकर सोमवार की शाम नागेंद्र पाण्डेय, राजन पाण्डेय, आकाश पाण्डेय व बसुहरा गांव निवासी अम्बुज पाण्डेय मेरे दरवाजे पर आकर जबरी जमीन लेने की बात कहते हुए कहा की जमीन छोड़कर भाग जाओ लाठी डंडा लिए थे तथा आमादा फ़साद करने की शोरगुल सुनकर गांव वाले पहुंच गए। वर्ष 2000 में जंगल में मारे थे मुकदमा चल रहा है तथा जान से मारने की धमकी दिए है। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया है की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

तीन जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा, मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार स्थित पुरानी इंडियन बैंक के पीछे स्थित देवहट गांव के खंडहर के पास जुआ खेल रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्तों सहित जुआरियों के पास से 1750 रुपया नकद बरामद कर उनके खिलाफ कार्यवाही की है। पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग खंडहर के पास पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक भरत राय हेड कांस्टेबल नारायण शर्मा व कांस्टेबल संजय कुमार यादव ने घेराबंदी कर जुआ खेल रहे तीन युवकों को पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार सरोज ने बताया कि जुआ खेल रहे जुआरी कमलेश सिंह निवासी दुर्जनीपुर, नंदलाल कोल निवासी बैठकवा थाना कोरांव जिला प्रयागराज व जुल्फिकार निवासी देवहट के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

सतीश केशरवानी भाजपा से निष्कासित

मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज। भाजपा के सभासद सतीश केशरवानी को पार्टी विरोधी व अनुशासनहीनता का कार्य करने के आरोप में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने छह वर्ष के लिये भाजपा से निष्कासित कर दिया है। बताते चलें कि सभासद सतीश केशरवानी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं नगरपालिका के अध्यक्ष श्यामसुन्दर केशरी पर लगातार आरोप लगा रहे थे। इसलिये भाजपा ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है और उन्हे भाजपा से बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

अध्यापक परीक्षित सिंह के निधन पर शोक की लहर

सीखड़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के श्री शिवाजी नेशनल इण्टर कालेज हॉसीपुर के सबसे पुराने विज्ञान के अध्यापक परीक्षित सिंह का सोमवार देर रात्रि वाराणसी मे स्वर्गवास हो गया।

वे 97 साल के थे। हॉसीपुर कालेज के सबसे पुराने अध्यापक थे। उन्होंने 60 रूपये महीने पढ़ना शुरू किया था। उनके चार लड़के है। पहला प्रिंसिपल तथा तीन ईन्जीनीयर हैं। एक लड़का अमेरिका मे है। नाती भी इन्जीनियर है जो कनाडा मे प्रोफेसर है। क्षेत्र मे इतने लोकप्रिय थे कि उनका अन्तिम संस्कार उनके जन्मस्थान रामगढ़ किरियात मे हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र में उनके निधन पर शोक की लहर दौड़ गई।

पैसे से वोट खरीदना चाहती है भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को एक बार फिर भाजपा पर जमकर हमला बोला और कहा कि गाली-गलौज पार्टी में हथियार डाल दिए हैं। वह पूरी तरह से जानते हैं कि वह चुनाव जीत नहीं सकते, इसलिए अब वह दिल्ली वालों के वोट पैसे से खरीदना चाहते हैं। मैं दिल्ली वालों से अपील करता हूं कि इनसे सारे पैसे ले लो, इनको बर्बाद कर दो। लेकिन, वोट मत देना।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि धीरे-धीरे जैसे-जैसे समय बीत रहा है, आम आदमी पार्टी का ग्राफ भी ऊपर बढ़ता जा रहा है। हम ऊपर की ओर जा रहे हैं। गाली-गलौज पार्टी ने ऐसा लगता है हथियार डाल दिए हैं। उनके पास न नैरेटिव है, न उनके पास विजन है, न उनके पास सीएम का चेहरा है। खुलेआम पैसे बांटे जा रहे हैं, लेकिन जो पैसे बांटे गए, उन लोगों में बहुत असंतोष है। ऊपर से उनकी पार्टी ने भेजे 10,000 रुपए। लेकिन, उनके नेताओं को लग रहा है कि वह जीत तो रहे नहीं हैं तो इस चुनाव में पैसे ही कमा लिए

जाएं, तो उनके नेताओं ने 9,000 रख लिए और जनता को हजार-हजार रुपए बांट दिए और वह भी इन्होंने सबको नहीं दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे-जैसे जनता को यह पता चलता है कि उनके नेता रुपए खा गए तो इस बात का जनता में भारी रोष है कि उनके नेता जनता के नाम पर आए हुए पैसे खा गए। उसके बाद उनकी पार्टी ने कंबल बांटने को भेजे। एक कॉलोनी में कंबल बांटे। बगल वाली कॉलोनी में नहीं बांटे तो बगल वाली कॉलोनी वाले पूछ रहे हैं इस कॉलोनी के कंबल कहां गए। इसी तरीके से यह भाजपा वाले साड़ियां, जूते, जैकेट यह सब कुछ बांट रहे हैं। लेकिन, उनके नेता कुछ कॉलोनी में जाते हैं, वहां पर सामान बांटकर वापस चले आते हैं। बगल वाली कॉलोनी के लोग पूछते हैं कि हमारा सामान कहां गया और उनके दफ्तरों पर जाकर हल्ला मचाते हैं। उन्होंने कहा कि अब सोने की चेन बांटना चालू कर दिया गया है। एक-दो कॉलोनी में उन्होंने सोने की चेन बांटनी शुरू की तो बात तेजी से फैल गई। अब आसपास के इलाके के लोग कह रहे हैं कि उनके नेता सोने की चेन भी खा गए। जिसको यह सामान नहीं मिलता है और वह उनके दफ्तर चला जाता है। उसके मुंह को बंद करने के लिए यह सामान दे दिए जाते हैं। उनके नेता खुलेआम कहते घूम रहे हैं कि दिल्ली वालों को तो हम खरीद लेंगे। दिल्ली वालों के वोट तो हम खरीद लेंगे। अब जब देख रहे हैं कि हार गए हैं तब खुलेआम कहते घूम रहे हैं कि दिल्ली वालों को तो हम खरीद लेंगे। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली की जनता से अपील करना चाहता हूं कि वोट हीरे से ज्यादा कीमती है। वह किसी हालत में मत बिकने देना। जो पैसे बांटे, जो कंबल बांटे, जो साड़ी बांटे, जो चादर बांटे, उसको तो कतई वोट मत देना। यह देश के गद्दार हैं। इनको इतना अहंकार हो गया है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अगर आम आदमी पार्टी का कोई कैंडिडेट पैसे, सामान बांटे, तो उसको वोट मत देना। हम देश बदलने के लिए सड़ी-गली व्यवस्था को बदलने के लिए काम कर रहे हैं।

पद की गरिमा कायम रखें अमित शाह : पवार

मुंबई। शरद पवार ने गृह मंत्री अमित शाह को अपने पद की मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी है। दरअसल, 12 जनवरी को अमित शाह ने शिरडी में भाजपा के सम्मेलन में कहा था कि महाराष्ट्र में भाजपा की जीत ने 1978 में पवार के द्वारा शुरू की गई विश्वासघात की राजनीति को 20 फीट जमीन में दफना दिया है। पवार ने मंगलवार को मुंबई में कहा इस देश ने कई बेहतरीन गृह मंत्री देखे हैं, लेकिन उनमें से किसी को भी अपने राज्य से बाहर नहीं निकाला गया। उनका इशारा सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ मामले में 2010 में शाह को 2 साल के लिए गुजरात से बाहर निकाले जाने की ओर था। 2014 में शाह को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया था। शरद पवार ने कहा कि 1978 में मैं सीएम था। तब राजनीति में पक्ष-विपक्ष के बीच इतनी कटुता नहीं थी। उस समय जन संघ के उत्तम राव पाटिल जैसे लोग भी मेरी मिनिस्ट्री में थे। इसके बाद जब वाजपेयी पीएम बने थे, तो उन्होंने मुझे आपदा मैनेजमेंट अथॉरिटी का अध्यक्ष बनाया था। मेरे विपक्ष में होने के बावजूद उन्होंने मुझे जिम्मेदारी दी थी।

महाकुंभ 2025 : श्रद्धालुओं को साबुन उपलब्ध कराएगा डेटॉल

▸ डेटॉल चला रहा है स्वस्थ इंडिया अभियान

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम में सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु रेकिट अपने प्रमुख अभियान डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के माध्यम से लगभग 15,000 सफाई कर्मचारियों को ट्रेनिंग और साबुन प्रदान करके मदद करेगा। अखाड़ों के सहयोग से यह अभियान, भोजन परोसने वाले क्षेत्रों में श्रद्धालुओं को लाखों साबुन उपलब्ध कराएगा, ताकि भोजन से पहले और भोजन के बाद में हाथ धोया जा सके, जिससे स्वस्थ आदतों को बढ़ावा मिले। यह सुनिश्चित करना है कि श्रद्धालु और सफाई कर्मचारी दोनों ही स्वस्थ और स्वच्छ कुंभ के आयोजन में मदद करें।

डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कुंभ के सभी 25 सेक्टरों में स्वास्थ्य और स्वच्छता वालेंटियर्स को तैनात कर रहा है, जो तीर्थयात्रियों को जमीनी स्तर पर

सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उन्हें उनके प्रवास के दौरान लगातार स्वच्छता आदतों को प्रोत्साहित करने के लिए साबुन और स्वच्छता जागरूकता संदेश दिए जाएंगे। सांस्कृतिक अनुभव को जोड़ते हुए अभियान पारंपरिक नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भक्तों को भी जोड़ेगा। ये नाटक अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में हाथ धोने की महत्वपूर्ण भूमिका पर शक्तिशाली संदेश देगा। रेकिट, साउथ एशिया के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट गौरव जैन ने कहा, रेकिट में, हम मानते हैं कि समुदायों का स्वास्थ्य और कल्याण ही सच्ची प्रगति की नींव है। महाकुंभ मेला 2025 हमें भारत के सबसे सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण आयोजनों में स्वच्छता को बढ़ावा देने का अनोखा अवसर देता है।